RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 191
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोहली सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# रोड रेज केस में सिद्धू को एक साल की कैद

## ● अनुचित सहानुभूति से न्याय प्रणाली को अधिक नुकसान होगाः सुप्रीम कोर्ट
## ● परिस्थितिवश भले ही आपा खोया हो, किंतु इसका परिणाम भुगतना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में बृहस्पतिवार को एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि अपर्याप्त सजा देने के लिए किसी भी अनुचित सहानुभूति से न्याय प्रणाली को अधिक नुकसान होगा और इससे कानून पर जनता के विश्वास में कमी आएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि परिस्थितिवश भले ही आपा खो गया हो, लेकिन आपा खोने का परिणाम भुगतना होगा।

शीर्ष अदालत ने मई 2018 में सिद्धू को मामले में 65 वर्षीय व्यक्ति को जानबूझकर चोट पहुंचाने के अपराध का दोषी ठहराया था, लेकिन केवल 1,000 रुपए का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया था। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति एसके कौल की पीठ ने सिद्धू को दी गई सजा के मुद्दे पर पीड़ित परिवार द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस नेता पर केवल जुर्माना लगाते समय सजा से संबंधित कुछ मूल तथ्य छूट गए। यह उल्लेख करते हुए कि हाथ भी अपने आप में तब एक हथियार साबित हो सकता है जब कोई मुक्केबाज, पहलवान, क्रिकेटर या शारीरिक रूप से बेहद फिट व्यक्ति किसी व्यक्ति को धक्का दे, शीर्ष अदालत ने कहा कि उसका मानना है कि सजा के स्तर पर सहानुभूति दिखाने और सिद्धू को केवल जुर्माना लगाकर छोड़ देने की आवश्यकता नहीं थी। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमें लगता है कि रिकॉर्ड में एक त्रुटि स्पष्ट है। इसलिए, हमने सजा के मुद्दे पर पुनर्विचार आवेदन को स्वीकार किया है। लगाए गए जुर्माने के अलावा, हम एक साल के कठोर कारावास की सजा देना उचित समझते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ भौतिक पहलू जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता थी, ऐसा प्रतीत होता है कि सजा के चरण में किसी तरह से छोड़ दिए गए थे, जैसे कि सिद्धू की शारीरिक फिटनेस, क्योंकि वह एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर थे तथा लंबे और तंदुरुस्त थे तथा उन्हें अपने हाथ के प्रहार की शक्ति के बारे में पता था।

पीठ ने कहा कि यह प्रहार शारीरिक रूप से समान व्यक्ति पर नहीं, बल्कि 65 वर्षीय एक व्यक्ति पर किया गया था, जो उनसे दोगुनी से अधिक उम्र का था। प्रतिवादी संख्या-1 (सिद्धू) यह नहीं कह सकते कि उन्हें प्रहार के प्रभाव के बारे में पता नहीं था या इस पहलू से अनभिज्ञ थे। अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं है कि किसी को उन्हें यह याद दिलाना पड़ता कि उनके प्रहार से कितनी चोट लग सकती है। हो सकता है कि संबंधित परिस्थितियों में आपा खो गया हो, लेकिन आपा खोने के परिणाम भुगतने होंगे। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत साधारण चोट के अपराध के लिए दोषी ठहराते समय कुछ हद तक छूट प्रदान की और सवाल यह है कि क्या केवल समय बीतने पर 1,000 रुपए का जुर्माना पर्याप्त सजा हो सकता है, जब 25 साल के सिद्धू के हाथों से किए गए प्रहार के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने) के तहत अधिकतम एक वर्ष तक की कैद या 1,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों (शेष पेज 8)

### ईश्वर ने जो किया, सही कियाः पीड़ित परिवार

**पटियाला।** क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित गुरनाम सिंह के परिवार ने ईश्वर का शुक्रिया अदा किया। फैसले पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर गुरनाम सिंह की बहु परवीन कौर ने कहा कि हम बाबा जी (भगवान) का शुक्रिया अदा करते हैं। हमने इसे बाबाजी पर छोड़ दिया था। बाबाजी ने जो किया सही किया। उन्होंने और कुछ कहने से इनकार कर दिया। परिवार पटियाला शहर से पांच किलोमीटर दूर घलोरी गांव में रहता है।

### कानून का सम्मान करूंगाः सिद्धू

**चंडीगढ़।** उच्चतम न्यायालय द्वारा 1988 के रोड रेज मामले में एक साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कानून का सम्मान करेंगे। सिद्धू महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए पटियाला में थे और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराने के लिए हाथी की सवारी की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महंगाई बढ़ने से गरीबों, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट पर असर पड़ा है।

### आतंकी फंडिंग मामले में यासीन मलिक दोषी करार


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को स्वीकार करने वाले कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के (शेष पेज 8)

# सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी अदालत से 20 तक सुनवाई आगे न बढ़ाने को कहा

**ज्ञानवापी मामला**



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को वाराणसी की दीवानी अदालत से ज्ञानवापी मामले में आगे की सुनवाई तब तक नहीं करने को कहा, जब तक कि वह शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई नहीं कर लेता। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि दीवानी मामले में हिंदू श्रद्धालुओं की ओर से पेश होने वाले मुख्य अधिवक्ता हरिशंकर जैन अस्वस्थ हैं।

उन्हें बुधवार को एक अस्पताल से छुट्टी मिली थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम तदनुसार निचली अदालत को उपरोक्त व्यवस्था के अनुरूप कार्य करने और पक्षकारों के बीच बनी सहमति के मद्देनजर मुकदमे में आगे की सुनवाई नहीं करने का निर्देश देते हैं। न्यायालय ने मामले को 20 मई को अपराह्न तीन बजे उसके समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया और कहा कि रजिस्ट्री भारत के प्रधान न्यायाधीश से प्रशासनिक निर्देश ले सकती है ताकि पीठ गठित की जाए। सुनवाई की शुरुआत में वकील विष्णु शंकर जैन ने मामले का उल्लेख किया तथा अदालत से शुक्रवार को प्रकरण पर सुनवाई (शेष पेज 8)

### वाराणसी की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 23 मई तय की

**वाराणसी।** वाराणसी की अदालत में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी। यहां की अदालत ने बृहस्पतिवार को यह नई तारीख तय की। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि आज दोनों पक्षों ने अपनी आपत्तियां और जवाबी आपत्तियां दायर की। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालतों को शुक्रवार तक इस मामले में आगे नहीं बढ़ने का निर्देश दिया है, जिसे देखते हुए अदालत ने सुनवाई के लिए 23 मई की तारीख तय की है। ज्ञानवापी मामले में दाखिल दो याचिकाओं पर बुधवार 18 मई को सुनवाई होनी थी। विशेष सचिव की टिप्पणी से नाराज बनारस बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के आह्वान पर 18 मई को अधिवक्ताओं के हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं की जा सकी, यह सुनवाई (शेष पेज 8)

### सर्वेक्षण रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई

**वाराणसी।** विशेष अधिवक्ता आयुक्त (स्पेशल एडवोकेट कमिश्नर) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में किए गए आयोग के सर्वेक्षण कार्य की रिपोर्ट अदालत को सौंप दी है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिले की एक अदालत द्वारा नियुक्त विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने 14, 15 और 16 मई को किए गए सर्वेक्षण कार्य की रिपोर्ट जिला सिविल न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत में पेश की। यादव ने बताया कि अदालत द्वारा हटाए गए अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्र ने छह और सात मई को की गई ज्ञानवापी परिसर की सर्वेक्षण रिपोर्ट बुधवार देर शाम अदालत को सौंप दी थी। विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने रिपोर्ट पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा, मैंने 14, 15 और 16 मई की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत कर (शेष पेज 8)

# मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना पर लगी रोक

## ● सिर्फ उचित मूल्यों की दुकानों पर ही बांटा जा सकता है केंद्र से मिलने वाला अनाजः हाई कोर्ट
## ● अदालत ने कहा- दिल्ली सरकार राज्य स्तर पर अपनी नई योजना लाने के लिए स्वतंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**हाईकोर्ट** ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को झटका देते हुए बहुचर्चित मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना पर रोक लगा दी है। योजना पर ब्रेक लगाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार राशन वितरण के लिए नई योजना शुरू कर सकती है, लेकिन केंद्र की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले अनाज का इस योजना में इस्तेमाल नहीं कर सकती। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन संघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने योजना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए डोर स्टेप डिलेवरी को खराब नीति बताया और कहा कि इसे उपराज्यपाल की अनुमति भी नहीं मिली है।

दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ और दिल्ली राशन डीलर्स यूनियन की ओर से दायर याचिकाओं पर उच्च न्यायालय ने 10 जनवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था। ताजा आदेश में पीठ कहा कि फिलहाल दिल्ली सरकार घर-घर राशन योजना लागू नहीं कर सकती है। अगर दिल्ली के लोगों के लिए घर-घर राशन पहुंचाने की व्यवस्था करनी है तो इसके लिए अलग से योजना बना सकती है। साथ ही कोर्ट ने शर्त लगाई कि इसमें केंद्र से मिलने वाले अनाज को बांटा नहीं जा सकता है। यानि केंद्र से मिलने वाला अनाज सिर्फ और सिर्फ राशन की दुकानों में ही बांटा जा सकेगा। उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना को चुनौती वाली राशन दुकानदारों की दो याचिकाओं को मंजूरी दी थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से दलील दी गई थी कि उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) के मालिक घर तक राशन पहुंचाने के विकल्प को छोड़ने के लिए धमकाते हैं। साथ ही कहा गया कि आंध्र प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के बेंगलुरु में घर-घर राशन पहुंचाने की योजनाएं चल रही हैं।

केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुई वरिष्ठ वकील मोनिका अरोड़ा ने कहा थर कि दिल्ली सरकार की घर-घर योजना की पहल से राज्य और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के प्रभाव को कम कर देगी। किसी भी राज्य को यह हक नहीं है कि वह राशन बांटने की संरचना में हस्तक्षेप करें। केंद्र ने कहा था कि एनएफएसए द्वारा राज्यों को अनाज दिया जाता है। राज्य इसे भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से लेते है ताकि लाभार्थियों को उचित मूल्य की दुकानों से अनाज का वितरण कर सकें। बता दें कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा पिछले साल मुख्यमंत्री घर-घर योजना शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली थी, बीते साल 25 मार्च को यह योजना लागू भी होनी थी, लेकिन इससे पहले 19 मार्च को (शेष पेज 8)

# गुजरात में कांग्रेस नरेश पटेल को रिझाने में जुटी

## ● प्रदेश के शीर्ष पार्टी पदाधिकारियों ने कद्दावर पाटीदार नेता पटेल के साथ किया नाश्ता, मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/राजकोट

**नाराज** हार्दिक पटेल द्वारा कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोलने और पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद गुजरात कांग्रेस के शीर्ष नेताओ ने राज्य के एकदूसरे कद्दावर पाटीदार नेता नरेश पटेल से मुलाकात की और उनके साथ सुबह का नाश्ता किया। बैठक गुरुवार सुबह राजकोट शहर के बाहरी इलाके में स्थित नरेश पटेल के फार्महाउस पर हुई।

एआईसीसी प्रभारी रघु शर्मा और गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) अध्यक्ष जगदीश ठाकोर न्यारी टू बांध के पास स्थित रंगपुर गांव में पटेल के फार्महाउस शिवांश में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नरेश पटेल के साथ बातचीत की। पटेल श्री (शेष पेज 8)

### कांग्रेस आयोजित करेगी एक और चिंतन शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उदयपुर** चिंतन शिविर में नहीं बुलाये जाने के कारण नाराज चल रहे 120 नेताओं के साथ कांग्रेस नेतृव्य अगले कुछ हफ्तों बाद मंथन करेगा। पिछले दिनों कांग्रेस के चिंतन शिविर में 430 लोगों को आमंत्रित किया गया था। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के करीब 70 कार्यकारी अध्यक्ष, 15-16 राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा कुछ राज्यों में पार्टी से संबंधित मंत्री चिंतन शिविर में शामिल नहीं हो सके थे। इन नेताओं से भी आलाकमान कांग्रेस पार्टी की भावी रणनीतियों पर चर्चा करेगा। वहीं जल्द ही (शेष पेज 8)

# उच्चतम न्यायालय ने सपा नेता आजम खान को अंतरिम जमानत दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कथित धोखाधड़ी के एक मामले में जेल में कैद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत दे दी, जिससे उनकी रिहाई की राह आसान हो गई है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसे (न्याालय को) मिले विशेषाधिकार का उपयोग करने के लिए यह एक उपयुक्त मामला है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए पुलिस थाना कोतवाली, रामपुर, उत्तर प्रदेश में 2020 के अपराध कांड संख्या 70 को लेकर दर्ज प्राथमिकी के संदर्भ में निचली अदालत द्वारा उपयुक्त पाए जाने वाले नियम व शर्तों पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। पीठ ने इस बात का जिक्र किया, सामान्य परिस्थितियों में, हम (शेष पेज 8)

# मस्जिद हटाने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करेगा न्यायालय

**कृष्ण जन्मभूमि मामला**

**भाषा।** मथुरा



**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से सटकर बनी शाही ईदगाह को हटाकर उक्त भूमि उसके कथित वास्तविक मालिक श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास को सौंपे जाने के लिए पेश अर्जी को जिला जज ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया, उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री सहित आधा दर्जन कृष्ण भक्तों द्वारा 25 सितम्बर 2020 में पहली बार पेश किए गए इस वाद पर सुनवाई करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने मामले को खारिज कर दिया था।

उन्होंने बताया कि इसके बाद इस प्रकरण को पुनरीक्षण (रिवीजन) के लिए जिला जज की अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया,एक दर्जन से अधिक और मामले भी इसी प्रकार की मांग को लेकर स्थानीय अदालतों में चल रहे हैं। सभी पर मामले की पोषणीयता पर सुनवाई चल रही है। तरकर ने बताया कि जिला जज राजीव भारती ने इस मसले पर बीती पांच मई को दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज मंजूर कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब जिला जज जिस सत्र अदालत को यह मामला सौंपेंगे, उसी में इसकी सुनवाई होगी। तरकर ने बताया, रंजना अग्निहोत्री आदि का दावा है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि में से जिस जमीन पर शाही ईदगाह खड़ी है, वहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान और मंदिर का गर्भगृह मौजूद है। इसलिए ईदगाह को वहां से हटाकर उक्त भूमि जन्मभूमि न्यास को सौंप दी जाए। उन्होंने बताया कि याचिकर्ताओं ने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,792 | ↓ 1416 | |
| निफ्टी | 15,809 | ↓ 430 | |
| सोना | 50,027 | ↑ 76 | /10g |
| चांदी | 60,224 | ↓ 710 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस नेता सुनील जाखड़ भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों कांग्रेस से तीन पीढ़ियों के और करीब 50 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कहते हुए उसे बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देने वाले पंजाब प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने अपने भविष्य की राह चुनते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जाखड़ ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जाखड़ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसने पंजाब के मतदाताओं की जाति, समुदाय और धर्म के आधार पर, प्रतिशत में गिनती कर बांटने की कोशिश की।

# भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन बनीं विश्व विजेता

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** मुक्केबाज निकहत जरीन उम्मीदों पर खरी उतरती हुई गुरुवार को इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले में 30-27, 29-28, 29-28, 30-27, 29-28 से हराया।

इस जीत के साथ 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जरीन विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं। छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं। भारत का चार साल में इस प्रतियोगिता में यह पहला स्वर्ण पदक है। पिछला स्वर्ण पदक मैरीकोम ने 2018 में जीता था। पच्चीस साल की जरीन ने दमदार मुक्के बरसाते हुए जुटामस पर दबदबा बनाया। जुटामस ने बेहतर शुरुआत की लेकिन जरीन ने जल्द ही वापसी करते हुए अपना पलड़ा भारी कर दिया। पहले दौर में कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन जरीन के मुक्के अधिक दमदार और दर्शनीय थे। भारतीय मुक्केबाज ने (शेष पेज 8)

# जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र, राज्यों के लिए बाध्यकारी नहींः कोर्ट

## ● सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, लेकिन इन पर विचार करना महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में सहकारी संघीय ढांचा है

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं, हालांकि इनपर विचार करना महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं, दोनों के पास जीएसटी पर कानून बनाने की शक्ति है और परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगी संवाद का फल हैं। न्यायालय ने कहा कि जीएसटी परिषद सिर्फ अप्रत्यक्ष कर प्रणाली तक सीमित एक संवैधानिक निकाय नहीं है, बल्कि संघवाद और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु भी है।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने केंद्र की इस दलील को खारिज कर दिया कि जीएसटी परिषद की सिफारिशें विधायिका और कार्यपालिका के लिए बाध्यकारी हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के पास जीएसटी पर कानून बनाने की शक्तियां हैं लेकिन परिषद को एक व्यावहारिक समाधान प्राप्त करने के लिए सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए। न्यायालय कहा कि अनुच्छेद 246ए के मुताबिक संसद और राज्य विधायिका के पास कराधान के मामलों पर कानून बनाने की एक समान शक्तियां हैं। अनुच्छेद 246ए के तहत केंद्र और राज्य के साथ एक समान व्यवहार किया गया है, वहीं अनुच्छेद 279 कहता है कि केंद्र और राज्य एक-दूसरे से स्वतंत्र रहते हुए काम नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि 2017 के जीएसटी अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो केंद्र और राज्य के कानूनों के बीच विरोधाभास से निपटता हो और जब भी ऐसी परिस्थितियां बनती हैं तो परिषद उन्हें उचित सलाह देती है।

न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के एक फैसले को बरकरार रखते हुए यह निर्णय दिया। गुजरात की अदालत ने कहा था कि रिवर्स चार्ज के तहत समुद्री माल के लिए आयातकों पर एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) नहीं लगाया जा सकता है। पीठ ने कहा कि जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों पर इस कारण से बाध्यकारी नहीं हैं, क्योंकि अनुच्छेद 279बी को हटाना और संविधान संशोधन अधिनियम 2016 द्वारा (शेष पेज 8)

### निर्णय से जीएसटी व्यवस्था में बदलाव की संभावना नहींः राजस्व सचिव

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद के फैसलों को लागू करने पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक राष्ट्र-एक कर व्यवस्था में बदलाव की संभावना नहीं है। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल मौजूदा कानून का दोहराव है, जो राज्यों को कराधान पर परिषद की सिफारिश को स्वीकार करने या खारिज करने का अधिकार देता है। बजाज ने साथ ही कहा कि इस शक्ति का इस्तेमाल पिछले पांच साल में किसी ने भी नहीं किया। बजाज ने कहा कि संवैधानिक (शेष पेज 8)

### सेंसेक्स 1416 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय बाजार भी बृहस्पतिवार को भारी नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक टूट गया। बिकवाली के व्यापक रुख के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 2.60 प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहे। विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजारों में लगातार निकासी और रुपए के डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,416.30 अंक यानी 2.61 प्रतिशत का गोता लगाकर 52,792.23 अंक पर आ गया। (विस्तृत पेज 10)

# किसानों को मिलेगा अतिरिक्त मुआवजा

## 225 याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने सुनाया फैसला

**आवंटियों को उठाना होगा बढ़े दर का बोझ**



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर के किसानों के हक में सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 225 किसानों की याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसानों को उनकी जमीन के बदले 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देना वैधानिक है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जुड़े विवाद को लेकर वर्ष 2011 में पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के हक में यह फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट की संवैधानिक बेंच ने फैसला सुनाया था कि किसानों को पूर्व में जिस दर पर मुआवजे का भुगतान किया गया है, उस पर 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही आबादी के लिए दिए जाने वाले 5 या 6 फीसद भूखंडों का क्षेत्रफल बढ़ाकर 10 फीसद किया जाए। बाद में इस मामले को लेकर तमाम तर्क और वितर्क होते रहे। स्थिति साफ करने के लिए 225 किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर गुरुवार को यह फैसला सुनाया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से जुड़े मामले में 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया था। बाद में यह फैसला नोएडा अथॉरिटी और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भी मान लिया था। लेकिन बाद में किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से इनकार कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर करीब 225 किसानों ने यमुना अथॉरिटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लंबी सुनवाई के बाद 26 अप्रैल 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुरक्षित कर लिया था। आज अदालत ने फैसला सुनाया है। जिसमें अदालत ने साफ्तौर पर प्राधिकरण को आदेश दिया है कि सभी किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए। किसी किसान को बढ़े लाभ देना और किसी को नहीं देना, गलत है। यह व्यवस्था सभी के लिए बराबर लागू होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ हाईकोर्ट ने गजराज आदि बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले की सुनवाई करते हुए व्यवस्था दी थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने अतिरिक्त मुआवजा देने का निर्णय लिया था। जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट तक मान्यता दी गई है। ऐसे में जनहित और किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला उचित है।

# बकाएदार बिल्डर का प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन किया रद्द

## नोएडा अथॉरिटी ने यूनिटेक को फिर दिया झटका



पायनियर समार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने एकबार फिर सबसे बड़े बकायादार यूनिटेक को तगड़ा झटका दिया है। अथॉरिटी ने शहर में यूनिटेक के ग्रुप हाऊसिंग प्रोजेक्ट का भूखंड आवंटन रद्द कर दिया है।

दरअसल, इन भूखंडों का पूर्व में आवंटन रद्द किया गया था लेकिन कोर्ट के आदेश पर रिस्टोर करना पड़ा था। उसका आवंटन बुधवार को नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर से रद्द कर दिया है। यह जानकारी नोएडा अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने दी है।

सीईओ ने बताया कि रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक को वर्ष 2006 से 2011 के बीच शहर में पांच भूखंड आवंटित किए गये थे। इन जमीन की एवज में कंपनी ने पैसा नहीं चुकाया। यूनिटेक पर प्राधिकरण के करीब 9678 करोड़ रुपये बकाया हैं। इनमें से सेक्टर-113 ग्रुप हाउसिग भूखंड का नोएडा प्राधिकरण ने फिर से आवंटन रद्द कर दिया गया है।

सीईओ ने बताया कि सेक्टर-113 में ग्रुप हाउसिग प्लॉट नंबर-1 में यूनिटेक को 143109 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई थी। कंपनी पैसा नहीं चुका रही है। इसका आवंटन पहले भी रद्द किया गया था, लेकिन कोर्ट के आदेश पर इसे दोबारा री-स्टोर किया गया। अब फिर से इस भूखंड आंवटन को रद्द कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



मंत्री का विरोध करने के लिए एकत्रित सैकड़ों किसान।

### मंत्री का घेराव करने को एकत्रित हुए किसान

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी ने गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान नोएडा के किसान हरौला गांव के बारातघर में अपनी समस्याओं को लेकर एकत्र हुए और मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### शिविर में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने गुरुवार को आईआईएमटी कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 162 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन किया। इसमें से 107 बच्चों ने रक्तदान किया। सौरभ बंसल ने बताया कि इस समय ब्लड बैंक में खून की कमी चल रही है, जिसे पूरा करने के लिये यह शिविर लगाया गया। आईआईएमटी कॉलेज के एमडी मयंक अग्रवाल ने भी इसमें सहयोग दिया।

## एक्सप्रेसवे पर नहीं चलने दिए ऑटो

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर एक दिन पूर्व हुए हादसे में साइकिलिंग ग्रुप के पांच सदस्य घायल हो गये थे। जिसके बाद बुधवार से इस एक्सप्रेस वे पर सख्ती की गई। एक्सप्रेस वे पर पुलिस ने किसी भी ऑटो को नहीं जाने दिया। एक्सप्रेस वे पर चलने वाले सात ऑटो के चालान किए गये और एक ऑटो सीज किया गया।

डीसीपी ट्रैफिक के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की थी कि एक्सप्रेस वे पर वाहन तेज गति से चलते हैं और वहां पर कोई साइकिल ट्रैक नहीं है, इसलिए लोग एक्सप्रेस वे पर साइकिल से ना जायें, वह साइकिल से सर्विस रोड पर सफर कर सकते हैं।

# प्रेमिका ने मांगा महंगा गिफ्ट तो प्रेमी ने दे दी जान

## गेझा में 17 वर्षीय किशोर ने लगाई फांसी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर के गेझा में रहने वाले एक 17 साल के किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस जांच में पता चला है कि किशोर एक युवती से प्यार करता था। युवती ने उससे महंगा तोहफा मांगा था। जिसे वह देने में किशोर विफल रहा। इस बात से परेशान होकर उसने आत्महत्या किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि थाना फेस.2 क्षेत्र के गेझा गांव में अपनी मां के साथ किराए पर रहने वाले शिवा 17 वर्ष ने गुरूवार की सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नोएडा पुलिस के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि मृतक एक युवती से प्यार करता था। युवती ने उससे महगां तोहफा मांगा था। जिसे वह देने में किशोर असफल रहा। इस बात को लेकर वह परेशान था और गुरूवार की सुबह उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

**एमएमआर बिल्डर पर बड़ी कार्रवाई**

# 880 करोड़ रुपये वसूलने को आरसी जारी

**4 बिल्डरों के आवंटन प्राधिकरण ने किए रद्द**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बकाया पैसा जमा नहीं करने वाले बिल्डरों पर नोएडा अथॉरिटी बड़ी कार्रवाई कर रही है। पहले बहुजन समाज पार्टी और फिर समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान मनमानी करने वाले बिल्डर एमएमआर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। एमएमआर बिल्डर ने अथॉरिटी से अरबों रुपये की जमीन लेकर बेच दी लेकिन अब तक जमीन की कीमत प्राधिकरण को नहीं चुकाई है।

नोएडा प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार 880 करोड़ रुपए के बकायेदार एमएमआर बिल्डर के खिलाफ आरसी जारी की गई है। इसके अलावा प्राधिकरण ने 4 बिल्डरों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। कुल मिलाकर 5 बिल्डरों के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की गई हैं। इसके अलावा 328 करोड़ रुपए के बकायेदार थ्री-सी बिल्डर का आवंटन रद्द कर दिया गया है। नक्षत्र, कंट्री क्लब और एलाक बिल्डर के कमर्शियल प्लॉट्स के आवंटन रद्द किए गए हैं।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने बताया कि वाणिज्यक विभाग के 6600 करोड़ रुपए के बड़े बकायेदार हैं। इन बकायेदारों से वसूली के लिए कई बार विभाग से नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने बकाया जमा नहीं किया। अब इन डिफाल्टरों को अंतिम नोटिस जारी कर आवंटन रद्द कर दिया गया है। जिन 4 वाणिज्यिक भूखंडों का आवंटन रद्द किया गया है, उन पर नोएडा प्राधिकरण के 548 करोड़ रुपये बकाया हैं। उन्होंने बताया कि थ्री.सी बिल्डर पर 328 करोड़ रुपए बकाया हैं। जिसका सेक्टर.98 में भूखंड रद्द किया गया है। नक्षत्र बिल्डर पर 154 करोड़ रुपए बकाया है।

# पब्जी गेम पर गन बेचने वाले ठग को बरेली से पुलिस ने धरा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



आपने अधिकतर सुना होगा कि अवैध हथियार तस्करी के मामले में लोग गिरफ्तार होते हैं, लेकिन आपने कभी नहीं सुना होगा कि ऑनलाइन गेम पब्जी खेलने के लिए गन बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार किया गया है।

गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पब्जी गेम खेलने वाले लड़कों को टूल्स यानी कि गन बेचता था। यह गन सिर्फ ऑनलाइन रहती है और सिर्फ पब्जी गेम इस्तेमाल की जाती है। यह आरोपी अभी तक 100 लड़कों से करीब 20 लाख रुपए की ठगी कर चुका है। गाजियाबाद पुलिस ने इस आरोपी को बरेली से गिरफ्तार किया है।

गाजियाबाद पुलिस के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने 25 वर्षीय विशात बाबू उर्फ ईलू को बरेली से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी उन लोगों को शिकार बनाता था, जो ऑनलाइन पब्जी खेल खेलते है। दरअसल, पब्जी गेम में ऑनलाइन गन खरीदी जाती है। जिसके एवज में पैसे भी देने पड़ते हैं।

# दिल्ली से सीलबंद शराब लाने पर खानी पड़ेगी जेल की हवा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग ने एक नया नियम लागू किया है। अब कोई भी व्यक्ति दिल्ली से सील बंद एक भी शराब की बोतल नहीं ला पाएगा। अगर ऐसा करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह नियम तत्काल प्रभाव से गौतमबुद्धनगर के आबकारी अधिकारी राकेश कुमार के आदेश पर लागू हो गया है।

राकेश कुमार का कहना है कि दिल्ली से सिर्फ एक बोतल शराब लाने की अनुमति है, लेकिन बोतल की सील खुली होनी चाहिए। अगर सीलबंद बोतल है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की नई आबकारी पॉलिसी के तहत की शराब की दुकानों पर एक बोतल की खरीद पर दूसरी मुफ्त मिल रही है। जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग को बड़ा नुकसान हो रहा है। इसलिए अब शासन ने यह फैसला लिया है कि कोई भी व्यक्ति सीलबंद शराब की बोतल लेकर नहीं आएगा। अगर ऐसा करता हुआ कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 26 मई को लगेगा रोजगार मेला

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित आरडी इंजीनियरिंग कालेज दुहाई में 26 मई को एक बड़ा रोजगार मेला आयोजित होगा। इसकी खास बात यह है कि इसमें तकनीकी अभ्यर्थियों के साथ ही गैर तकनीकी अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं।

मेले में 20 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी, जो विभिन्न पदों पर करीब डेढ़ हजार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मेला सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगा। अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। मेले में अभ्यर्थी केवल अपने बायोडाटा के साथ हिस्सा ले सकेंगे। रोजगार मेले में हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर पास अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हो वह भाग ले सकते हैं।

# अपात्र राशनकार्ड धारकों पर अब होगी सख्ती

## कार्डधारकों को जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने एक सप्ताह का दिया समय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में सरकार की योजना के अंतर्गत राशन लेने वाले अपात्रों ने अगर राशन कार्ड जमा नहीं किया तो कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्ड जमा करने के लिए विभाग ने एक सप्ताह का समय दिया है। अब तक महज 1914 अपात्रों ने ही अपने राशन कार्ड जमा कराए हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जनपद में कुल 4.42 लाख पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशन कार्डधारक हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में ऐसे कार्डधारक हैं जो लंबे समय से राशन ले रहे हैं। जबकि अब वह योजना के लिए पात्र नहीं हैं। ऐसे राशन कार्डों से विभाग लगातार राशन कार्ड जमा



फाइल फोटो

कराने के लिए कह रहा है। लेकिन वह राशन कार्ड जमा करने के लिए तैयार नहीं हैं। इसके लिए विभाग तीन बार एडवाइजरी भी जारी कर चुका है।

जिन अपात्र राशन कार्डधारकों ने अपना राशनकार्ड कार्यालय में जमा नहीं किया गया हैं। उनके लिए अंतिम चेतावनी जारी की गई है। सभी को एक एक सप्ताह के अंदर अपने नजदीकी क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय या जिला पूर्ति कार्यालय में जाकर अपना राशनकार्ड जमा कराना होगा। अगर कार्ड जमा नहीं कराया और वह जांच में अपात्र पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ ही वसूली की जाएगी। कार्रवाई से बचने के लिए अपात्रों को निर्धारित समय के अंदर राशन कार्ड जमा कराना होगा।

जिला आर्पूति अधिकारी डॉ सीमा ने बताया कि सभी राशन कार्डों की जांच की जाएगी। इस दौरान यह देखा जाएगा कि कोई ऐसा परिवार राशन तो नहीं ले रहा है जो इसकी पात्रता के अंतर्गत नहीं आता। अगर कोई भी ऐसा परिवार पाया गया तो कार्डधारक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साल्वर गिरोह से परीक्षा दिलवाने वाले 2 धरे

**नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित सीआइएसएफ केंद्र में शारीरिक दक्षता परीक्षा देने पहुंचे दो ऐसे अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्होंने लिखित परीक्षा देने के लिए साल्वर गिरोह का सहारा लिया था।

साल्वर गिरोह के सरोज उर्फ सुबोध ने दोनों अभ्यर्थियों के स्थान पर छह व सात दिसंबर को लिखित परीक्षा दी थी। बृहस्पतिवार को अभ्यर्थी जब शारीरिक दक्षता परीक्षा देने पहुंचे तो बायोमीट्रिक मिलान पर फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपित अभ्यर्थी अभिषेक व केशव निवासी आगरा को गिरफ्तार किया है।

# क्लीनिक संचालिका का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर के प्रेम नगर कॉलोनी में बुधवार देर रात क्लीनिक संचालिका ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। अगले दिन सुबह आसपास के लोगों ने घर में जाकर देखा तो घटना का पता चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर कॉलोनी में नीतू यादव 32 अपने परिवार के साथ रहती थी। नीतू घर के पास ही एक क्लीनिक चलाती थी। नीतू की पहले दो शादियां हो चुकी थी। नीतू का पहले दोनों पतियों के साथ तलाक हो चुका था और कुछ समय पहले ही मनीष गुप्ता नाम के युवक से शादी की थी। कुछ दिनों से मनीष गुप्ता और नीतू यादव अलग-अलग रह रहे थे। बुधवार रात नीतू ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बृहस्पतिवार सुबह पड़ोसियों ने नीतू के घर जाकर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी।

# 16 फर्जी स्कूलों पर बीएसए ने जड़ा ताला

## बिना मान्यता के जिले में चल रहा था स्कूल, 1500 बच्चे पढ़ते थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बिना मान्यता प्राप्त के चल रहे 16 स्कूलों को बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बंद कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने आदेश दिया है कि अगर बंद हुए स्कूलों को दोबारा खोला जाता है तो एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और मुकदमा पंजीकृत भी किया जाएगा। इन स्कूलों में करीब 1500 बच्चे पढ़ते थे। बीएसए ने निर्देश दिए हैं कि अब इन बच्चों का एडमिशन नजदीकी परिषदीय स्कूलों में होगा। जिसकी वजह से इन बच्चों का यह साल खराब ना हो।

जिले में सूचना मिली थी कि काफी स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश शासन ने आदेश दिए हैं कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना की जाए और जहां पर भी बिना मान्यता प्राप्त स्कूल चले हैं, उन स्कूलों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। बताया जा रहा है कि पिछले 2 महीने के दौरान बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी को काफी शिकायतें मिली थी कि जनपद में काफी सारे स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं। जिसके बाद ऐश्वर्या लक्ष्मी एक्शन मोड में आई और बुधवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की। बुधवार की सुबह ऐश्वर्या लक्ष्मी अपनी टीम के साथ जिले का जायजा लेने निकली और इस दौरान 16 स्कूल अवैध पाए गए, जो बिना मान्यता प्राप्त की चल रहे थे। बीएसए ने तत्काल प्रभाव से इन 16 स्कूलों को बंद कर दिया।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नवीन आर्य/ मीनाक्षी आर्य/ LBDEL00004899302 | फ्लैट नंबर:- ए- 13 तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 45, सेक्टर-9, नीलगिरी अपार्टमेंट, सीजीएचएस लिमिटेड, रोहिणी दिल्ली/ 17 मई, 2022 | जनवरी 27, 2022 ₹ 95,54,188.39/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 20, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | साहिल छाबड़ा/ मोनिका छाबड़ा (13000001994 & QZGUR00005042769) | प्लॉट नंबर-ई-86-ए और 87-ए, सेकेंड फ्लोर खसरा नंबर-16/27, ब्लॉक-ई, साउथ अनारकली, गांव-खुरेजी खास, इलाका शाहदरा, दिल्ली/ 18 मई, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 18,87,312/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 20, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## पत्नी के हत्यारे पति को पुलिस ने दबोचा

**पिलखुवा।** मोहल्ला गढ़ी कनखनी से लापता महिला की हत्या की जा चुकी है। पति ने ही शराब का विरोध करने पर उसकी गला दबाकर हत्या की थी और शव को संदूक में रखकर मसूरी ले जाकर उसे गंगनहर में फेंक दिया था। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर संदूक बरामद कर लिया है।

सीओ डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि कनखली निवासी महिला बबीता विगत दस मई को लापता हो गई थी। 12 मई को विवाहिता को घर पर मौजूद न देख पिता विजयपाल सिंह निवासी खुर्जा बुलंदशहर ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि महिला की हत्या कर दी गई है।

# परिषदीय स्कूलों में नए सत्र में पुरानी किताबों से हो रही पढ़ाई

## आज से शुरू हो रहा है ग्रीष्मकालीन अवकाश, छात्रों के सामने छुट्टियों में काम पूरा करने की समस्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद के परिषदीय स्कूलों में नया सत्र शुरू हुए डेढ़ माह से भी ज्यादा का वक्त बीत गया है, लेकिन अब तक छात्रों को नई किताबें नहीं मिल सकी हैं। हालत ये है कि बच्चों को पुरानी किताबों से ही पढ़ाई करनी पड़ रही है। पुरानी किताबें भी सभी बच्चों को मुहैया नहीं हो सकी हैं। स्कूलों में 20 मई से गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। ऐसे छात्रों के सामने छुट्टियों का काम पूरा करने की समस्या है।



फाइल फोटो

जनपद के 448 सरकारी परिषदीय स्कूलों में एक अप्रैल से नया सत्र भले ही शुरू हो चुका है, लेकिन बच्चों को अभी तक नई किताबें नहीं मिल पाई हैं। अध्यापक पुरानी किताबों के जरिए ही बच्चों की पढ़ाई करवा रहे हैं।

दूसरी ओर इन स्कूलों में छात्रों के नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत रैली, कैंप और प्रवेश उत्सव के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन जिले में पहले से ही नामांकित 80 हजार से ज्यादा छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक तक नहीं दी गई है, जिसके चलते बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

20 मई यानी आज से स्कूलों में ग्रीष्म कालीन अवकाश शुरू हो रहा है। ऐसे में छात्रों के सामने किताबों के बिना गृहकार्य करने की समस्या आ खड़ी है। जो पुरानी किताबें बच्चों को दी गई हैं या तो उनके पन्ने आधे फटे हुए हैं या उनके कई पेज गायब हैं। ऐसे में बिना किताबों के पढ़ाई करना बच्चों के लिए मुश्किल है तो इससे अध्यापक भी परेशान हैं।

एक स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि बच्चों को पुरानी किताबों से पढ़ाई करवानी पड़ रही है। कई बच्चे ऐसे हैं, जिनके पास किताबें ही नहीं है। ऐसे में बच्चो को पढ़ाना और छुट्टियों का काम पूरा करवाना अपने आप में एक चुनौती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग, एक की मौत

## बाहरी दिल्ली के बवाना और यमुनापार के मुस्तफाबाद में हुई घटनाएं



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मी बढ़ते ही आग लगने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दिनों मुंडका में हुए भीषण अग्निकांड की तस्वीर लोगों के आंखों से ओझल भी नहीं हुई थी कि अब दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में आग लगने की घटनाएं सामने आई है। ताजा मामले में पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद स्थित फैक्ट्री में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हुए हैं।

घायलों का इलाज जीटीबी अस्पताल में जल रहा है। इस बीच बाहरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सेलो टेप बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि दोनों फैक्टरियों के पास दिल्ली अग्निशमन सेवा से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में गुरुवार दोपहर एक बिजली के सामान बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से पुस्ता सोनिया विहार निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दिल्ली फायर सर्विस के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर करीब सवा बाहर बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। यहां इन्वर्टर, स्टेबलाइजर आदि बनाने वाली फैक्ट्री की पहली मंजिल पर आग लग गई, जिससे सात लोग घायल हो गए, जिन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया और दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। इमारत लगभग 200 वर्ग गज के क्षेत्र में फैली हुई है। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। मृतक कारखाने में काम करता था।एक अन्य घटना में गुरुवार सुबह करीब पौने 12 बजे बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सेलो टेप बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गर्ग ने कहा आग लगने की जानकारी मिलने पर 17 दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया है। बाहरी उत्तर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि आग कारखाने की तीसरी मंजिल पर लगी और कारखाने में सेलो टेप का निर्माण किया गया जिसमें थिनर का भी उपयोग किया जाता है। दमकल कर्मियों ने ढ़ाई बजे तक आग को काबू किया। कारखाने के मालिक की पहचान पीतमपुरा में महाराणा प्रताप एन्क्लेव निवासी संतोष के रूप में हुई है। आशंका है कि शार्ट-सर्किट की वजह से आग लगी थी। फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाह खतरे के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### उत्तरी दिल्ली के वन क्षेत्र में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में मजनू का टीला इलाके के पास वन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग को दोपहर दो बजकर 42 मिनट पर घटना की जानकारी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही हैं।

# वैचारिक संघर्ष का अखाड़ा नहीं बनें विश्वविद्यालय : अमित शाह




### ● गृहमंत्री ने डीयू में स्वराज से नवभारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन विषय पर रखे विचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वविद्यालयों को विचारों के आदान-प्रदान का मंच होना चाहिए। इन्हें वैचारिक संघर्ष का अखाड़ा नहीं बनने देना चाहिए।

यदि कोई विशेष विचारधारा संघर्ष का कारण है, तो यह कोई विचारधारा नहीं है और निश्चित रूप से देश की विचारधारा नहीं है। दिल्ली विश्वविद्यालय को स्थापना के 100 साल पूरा होने के उपलब्ध में वह अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस कड़ी में डीयू प्रशासन की ओर से बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शाह ने यह बात कही।

अमित शाह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, नालंदा और तक्षशिला के विश्वविद्यालयों को नष्ट करने वालों को कोई याद नहीं करता। कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय महीनों तक जलता रहा। लेकिन उन विश्वविद्यालयों के विचार आज भी जीवित हैं। उन्होंने युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की भी सलाह दी और भारत की रक्षा नीति के बारे में बताया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से पहले भारत के पास कोई रक्षा नीति नहीं थी और अगर थी भी तो वह विदेश नीति की एक परछाई मात्र थी। आतंकी ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन कार्वाइयों ने दिखाया है कि भारत के लिए रक्षा नीति का क्या मतलब है।

पहले आतंकवादी हमला करने के लिए भेजे जाते थे और उरी तथा पुलवामा हमलों में भी ऐसा ही करने की कोशिश की गई, लेकिन मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले से दिखा दिया कि उसकी रक्षा नीति के क्या मायने हैं। गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत शांति का पुजारी है। शांति चाहता है और दुनिया के हर देश के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखता है। भारत एक भू-सांस्कृतिक देश है और लोग भारत के विचार को तब तक नहीं समझेंगे जब तक वे इसे नहीं समझेंगे।

शाह ने कहा, कुछ लोग भारत को समस्याओं का देश कहते हैं, लेकिन वह मानते हैं कि देश के पास लाखों समस्याओं का समाधान करने की क्षमता है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त 2019 को एक झटके में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को समाप्त कर दिया। जिन लोगों ने कहा था कि खून की नदियां बह जाएंगी, वे पथराव तक नहीं कर सके। पीएम मोदी ने दिखाया है कि अगर कोई देश को प्राथमिकता देता है तो बदलाव कैसे आता है। भारत का हमारा विचार भी सुरक्षित भारत के इर्द-गिर्द घूमता है। गृह मंत्री ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की और कहा कि यह पहली ऐसी पहल है जिसका सभी ने स्वागत किया और किसी ने इसका विरोध नहीं किया।

# 24वें दिन भी नहीं बुझीं भलस्वा लैंडफिल साइट

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के चलते भलस्वा लैंडफिल साइट पर कूड़े में लगी आग 24वें दिन भी नहीं बुझ पाई। अभी साइट लगातार धधक-धधक रही है। निकले वाले धुएं से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। फायर ब्रिगेड लगातार आग को बुझाने का काम कर रहा है लेकिन अभी तक खास सफलता नहीं मिली है। दमकल कर्मी गुरुवार दोपहर को भी आग पर पानी का छिड़काव करते दिखे, लेकिन आग नहीं बुझ पाई। दरअसल 26 अप्रैल को भलस्वा लैंडफिल साइट पर कूड़े में आग लग गई थी। इसके बाद से 100 से ज्यादा दमकल विभाग की गाडियों की मदद से अलग-अलग दिन आग पर पानी का छिड़काव किया गया। बावजूद इसके आग नहीं बुझ पाई है। पता चला है कि आग न बुझने का कारण है दमकल विभाग के पास पर्याप्त उपकरण न होना। इसके साथ ही कूड़े के अंदर से निकलने वाली ज्वलनशील गैसों का लगातार हवा को भड़काना। फिलहाल दो गाड़ियां हर समय कूड़े के पहाड़ के पास तैनात रहती हैं। जब भी कूड़े के पहाड़ पर लपटें ज्यादा निकलने लगती हैं तो पानी का छिड़काव कर उन्हें शांत करवा दिया जाता है। हालांकि इसका जहरीला धुआं अभी भी हवा का दम घोंट रहा है।



# नई तकनीक व कौशल से अपना वजूद स्थापित कर रहे हैं : बिरला




### ● कोरोना की चुनौतियों के दौरान भी दुनिया के विकसित देशों के साथ कार्य : स्पीकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा नई तकनीक और कौशल भारत सहित पूरे दुनिया का विकास कर रही है। इसकी मदद से दुनिया के सामने अपना वजूद स्थापित कर रहे हैं। कोरोना की चुनौतियां के दौरान भी दुनिया के विकसित देशों के साथ कार्य किया।

नौजवानों ने कई स्टार्टअप भी इस दौरान विकसित किए बदलते बाजार के परिपेक्ष में वह यह कह सकते हैं कि हम सबका साथ सबका विकास के साथ नई संस्कृति को दिशा दिए हैं इस बदलते परिपेक्ष में भारत की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक आत्मनिर्भर भारत की दिशा की ओर कदम बढ़ाया है। बिरला ने यह बात बृहस्पतिवार को एक बेहतर कार्य संस्कृति के लिए रणनीति, नए युग के रास्ते विषय पर आईएफटीडीओ विश्व सममेलन और प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मेलन देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। वह किस प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के विकास, कार्य क्षमता, कार्यबल को बढ़ा सकेंगे इस बात पर चर्चा करेगें। इसके साथ ही वह मानव विकास के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय योजना पर कार्य कर सकेगें।

केंद्रिय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कुछ कंपनियां डिजिटल काम को तेजी से अपना रही थीं लेकिन अधिकांश कंपनियों को नए मॉडल का सामना करने में सक्षम होने में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। देश ट्रेनिंग और डेवलपमेंट में तेजी से निवेश कर रहा है। आज हम 5जी, इलेक्ट्रिक वाहन सहित कई क्षेत्रो में तेजी से विकास कर रहे है।

### कोविड-19 के 520 नए मामले, 1 मरीज की मौत

नई दिल्ली। कोविड-19 के 520 नए मामले सामने आए और संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण दर 2.09 प्रतिशत दर्ज की गई।

कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों के सामने आने के साथ ही दिल्ली में कोविड महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 19,02,180 हो गई, जबकि महामारी से मरने वालों का आंकड़ा 26,199 पर पहुंच गया।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में बीते 24 घंटे के दौरान 24,918 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। इससे पहले बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के 532 नए मरीज मिले थे। दिल्ली कोरोना के रफ्तार कम हो रही है।

# जामिया के छात्रों ने ऑफलाइन परीक्षा का किया बहिष्कार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में स्नातकोत्तर छात्रों के एक समूह ने ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा करवाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को ऑफलाइन परीक्षा का बहिष्कार किया। छात्रों ने कुलपति नजमा अख्तर के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया।

विवि में एमबीए, एमए (मानवाधिकार), एमए (लोक प्रशासन) और एमए (राजनीति विज्ञान) समेत कई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन भी छात्रों के एक समूह ने परीक्षा का बहिष्कार किया था। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अधिकारियों के अनुसार, एमबीए (पूर्णकालिक), एमबीए (अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय) तथा एमबीए (उद्यमिता एवं पारिवारिक व्यवसाय) के 150 छात्र बृहस्पतिवार को परीक्षा में शामिल नहीं हुए। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित नहीं होगी। चीफ प्रॉक्टर वसीम खान ने कहा, एमबीए के लगभग 150 छात्रों ने परीक्षा का बहिष्कार किया है। हमने उनसे कहा है कि परीक्षा ऑफलाइन ही होगी और उनकी मांग सही नहीं है। छात्रों ने दावा किया कि परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

### मुठभेड़ के बाद तीन शार्पशूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक अंतरराज्ईय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी टिल्लू ताजपुरिया - परवेश मान और नीरज बवाना गिरोह के शार्प शूटर हैं। उन्होंने बताया कि तीनों अपने प्रतिद्वंद्वियों एवं उनके परिवार के लोगों पर एक बड़ा हमला करने की साजिश रच रहे थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से दो अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल, दो देसी पिस्तौल और 19 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान वाले पवन सहरावत (30), आशु (21) एवं गौरव त्यागी (27) के रूप में की गई है।

# कोर्ट के अगले आदेश तक नहीं काटे जाएगा पेड़

### ● शहर में प्रदूषण कम करने को कोई अन्य तरीका नहीं: न्यायमूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने पेड़ कटान पर सख्त टिप्पणी की है।

न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा है कि शहर का प्रदूषण कम करने के लिए कोई अन्य विकल्पिक रास्ता नहीं है। अगली सुनवाई तक दिल्ली में एक भी पेड़ नहीं काटा जा सकता है। पेड़ों के संरक्षण से संबंधित एक अवमानना मामले पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी ने कहा कि शहर में पिछले तीन साल में 29,000 पेड़ काटे गए। उन्होंने कहा, हमने पेड़ों को काटे जाने पर रोक लगा दी है। सुनवाई की अगली तारीख तक पेड़ों को नहीं गिराया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई के लिए दो जून की तारीख तय की गई। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल में कुल 29,946 पेड़ काटने की अनुमति दी गई, जो गणना करने पर 27 पेड़ प्रतिदिन या 1.13 पेड़ प्रति घंटा है। अदालत ने कहा कि जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई उनके घेरे और आयु को लेकर कोई रिकॉर्ड नहीं है।

उसने कहा, इसलिए यह जनहित में और वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के हित में होगा कि सुनवाई की अगली तारीख तक दिल्ली में पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि पेड़ों को तभी गिराया जाए, जब आवेदक उसे कम से कम दूसरी जगह लगाने का आश्वासन दे। निश्चित रूप से शहर के पारिस्थितिकीय और पर्यावरण क्षय को कम करने का और कोई मार्ग नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली कैंट में आयोजित कार्यक्रम में योगा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### योग उत्सव में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ओर बढ़ते कदम कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ की मौजूदगी ने लोगों का उत्साहवर्धन किया और योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर दक्षिणी दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान ने दिल्ली कैंट बोर्ड के नागेश गार्ड़न में मनाये जा रहे योग उत्सव में कहा कि कोरोना काल में योग का महत्व और बढ़ गया है। लोग रोजाना योगाभ्यास व प्राणायाम से रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ा सकते है। जून महीनें में आने वाले योग दिवस 2022 को धूम-धाम से बनाया जायेगा और भारत की योग गुरू की छवि को ओर मजबूत होगी।

### अक्षरधाम-मयूर विहार के बीच मेट्रो सेवा में देरी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर अक्षरधाम और मयूर विहार फेज-। मेट्रो स्टेशनों के बीच बृहस्पतिवार को एक सिग्नलिंग केबल की चोरी के कारण मेट्रो सेवाएं प्रभावित रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। डीएमआरसी ने ट्वीट किया, "अक्षरधाम और मयूर विहार फेज-। के बीच ट्रेन सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं"। सूत्रों के मुताबिक केबल का एक हिस्सा चोरी हो गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन की आवाजाही प्रभावित रही और सेवाएं धीमी हो गईं। केबल चोरी के ऐसे मामले अक्सर एलिवेटेड स्टेशनों के पास होते हैं। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन वैशाली और नोएडा को द्वारका से जोड़ती है।

### ऑटो चालकों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने ऑटो ड्राइवरों व उनके परिवार वालों के लिए गिरधर लाल प्रस्तुति अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम और स्पेरूलस फाउंडेशन के सहयोग से इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 मई से 21 मई तक किया जाएगा। गुरुवार को 50 से ज़्यादा ऑटो ड्राइवरों व उनके परिवारजनों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लगभग उठाया। ये स्वास्थ्य शिविर आगे 21 मई तक जारी रहेगा। ऑटो ड्राइवरों के स्वास्थ्य और दिनचर्या को ध्यान में रखते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### नई दिल्ली यार्ड पार करने के लिए बनेगा नया ओएफबी

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे कुतुब रोड तथा श्रद्धानंद मार्ग के बीच नई दिल्ली यार्ड पार करने के लिए एक नया फुट-ओवर-ब्रिज बनाएगा। यह एफओबी कुल रुपये 15.41 करोड़ की लागत पर बनाया जायेगा । आवश्यक अनुपालन प्रक्रिया अपनाने के बाद इसके लिए टेंडर आमंत्रित किया जायेगा । उत्तर रेलवे के अनुसार यह फुटओवर ब्रिज बन जाने के बाद आम लोग नई दिल्ली अथवा सदर बाजार जाये बिना सीधे ही इस एफओबी के द्वारा नई दिल्ली स्टेशन यार्ड को सुरक्षित व सुविधाजनक रूप से पार कर सकेंगे। यह ब्रिज बल्लीमारान दिल्ली छोर की ओर जोड़ेगा तथा इसके बन जाने के बाद सदर बाजार तथा श्रद्धानंद मार्ग रेलवे लाइन के दोनों ओर रहने वाले लोगों का राहत मिलेगी।

### उमर खालिद की जमानत याचिका अन्य पीठ को भेजी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि यहां फरवरी 2020 में हुए दंगों की कथित साजिश से जुड़े जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका 20 मई को सुनवाई के लिए अन्य पीठ को भेजी जाए। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में पूर्व में जारी किए गए आदेशों पर विचार किया और पाया कि विषय पर आंशिक रूप से सुनवाई न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने की थी।

## प्रदूषण पर वार

# नई तकनीक के जरिये आबोहवा की सेहत का चलेगा पता

## रियल टाइम डाटा की पहली सुपर साइट बन रही पंडारा में, अगस्त में होगी चालू : गोपाल

### ● पर्यावरण मंत्री ने परियोजना को लेकर की समीक्षा बैठक, कार्य तेज करने के लिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई तकनीक से हवा की सेहत का पता अब आसानी चल सकेगा। दिल्ली सरकार अलग-अलग समय पर वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाने के लिए रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना का काम कर रही है। परियोजना की पहली सुपर साइट एसकेवी, पंडारा रोड में बनाई जा रही है। अगस्त में परियोजना की सुपरसाइट और मोबाइल लैब शुरू की जाएगी। दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य बनेगा, जहां पर जनवरी से लेकर दिसंबर तक पूरे साल प्रदूषण का रियल टाइम डेटा जुटाया जाएगा। इससे प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गति और तेज होगी।



अधिकारियों संग बैठक करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

गर्तियों और सर्दियों में अलग कारणों से प्रदूषण की समस्या होती है। ऐसे में गर्मियों में किए जाने वाले उपायों को सर्दियों में प्रयोग में नहीं लाया जा सकता। रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना से प्रदूषण के सोर्स को नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही प्रदूषण के कारणों का सटीक पता लगेगा जिसके बाद उसे नियंत्रित किया जा सकता है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई है। इसमें डीपीसीसी, आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और टेरी के विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहें। समीक्षा बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री ने बताया कि विशेषज्ञों की टीमों के साथ रियल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट अध्ययन और प्रदूषण पूर्वानुमान परियोजना को लेकर सचिवालय में समीक्षा बैठक की गई । इसमें आईआईटी कानपुर की टीम ने अवगत कराया कि प्रदूषण के वास्तविक स्त्रोतों का पता लगाने के लिए सुपर साइट की स्थापना जल्द हो जाएगी। जिसके तहत एसकेवी, पंडारा रोड में सुपर साइट का निर्माण किया जाएगा। सुपरसाइट 36 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाई जाएगी।

इसके साथ ही अगस्त से प्रदूषण के रियल टाइम कारकों का पता लगेगा, जिससे प्रदूषण के उस सोर्स को नियंत्रित करने की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। गोपाल राय ने बताया कि इस तरह की परियोजना से दिल्ली वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्त्रोत पता करने वाना देश का पहला शहर बनेगा। रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी।

यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्त्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में मदद करेगी। इसके परिणामों के आधार पर प्रदूषण के स्त्रोतों पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे। इससे प्रदूषण के विभिन्न कारकों की पहचान करने और उनको दूर करने में मदद मिलेगी। प्रदूषण पूर्वानुमान प्राप्त होने से सरकार को निर्माण स्थल पर प्रतिबंध, वाहनों पर प्रतिबंध सहित अन्य नीतिगत निर्णय लेने में भी मदद मिलेगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022



# मुख्यमंत्री मनोहर लाल बोले, मारुति हरियाणा का हनुमान है...

## आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम






गुरुग्राम में आयोजित समारोह में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मारुति** सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 40 साल पहले मारुति संयंत्र की गुरुग्राम में स्थापना के समय के संस्मरणों को साझा किया। उस समय की बातें मारुति सजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव ने सीएम के साथ साझा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब भारत में मारुति का प्लांट लगना था तो कंपनी के अधिकारियों ने गुरुग्राम में जमीन देखी। उस समय गुरुग्राम का कोई विकास नहीं था।

यह एक छोटा सा शहर था। जिस जगह मारुति प्लांट है, वहां पर जंगल था। उस जंगल में बहुत बंदर भी थे। उस समय कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि यहां बंदर प्लांट नहीं लगने देंगे। यहां परेशानी बहुत होगी। अधिकारियों के इस डर को दूर करते हुए भार्गवजी ने कहा था कि ये बंदर परेशान नहीं करेंगे। ये हनुमानजी का रूप हैं। हनुमानजी का एक नाम मारुति भी है। सुजूकी के आगे मारुति जोड़ दें। तभी से इस कार कंपनी का भारत में नाम मारुति सुजूकी हुआ, जो आज देश में कार निर्माण में अग्रणी कंपनी है। सीएम मनोहर लाल ने यह भी बताया कि उस समय आरसी भार्गव एक आईएएस अधिकारी के रूप में केंद्र में सेवाएं दे रहे थे। उन्हें सरकार ने मारुति कंपनी स्थापित कराने के लिए नियुक्त किया था। उस समय के एक साल बाद आरसी भार्गव को निर्णय लेना था कि वे मारुति सुजूकी के साथ काम करेंगे या वापस सरकार में जाएंगे। सीएम ने कहा-उस समय कार को बहुत ही लगजरी साधन माना जाता था। आम परिवारों की पहुंच से कार दूर थी। ऐसे में उन्होंने यही सोचा कि देश के आम आदमी को कार में बिठाने के लिए वे मारुति सुजूकी के साथ काम करेंगे और वे सदा-सदा के लिए मारुति सुजूकी से जुड़ गए। मारुति सुजूकी के आने से पहले लोग किसी तरह से स्कूटर आदि पर परिवार के साथ चलते थे। वर्ष 1983 में मारुति सुजूकी ने अपनी पहली कार 800 बनाई। कार्यक्रम में खरखौदा में पहले अलॉटी ईशान अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

### आईजीआई एयरपोर्ट से दिल्ली दूर गुरुग्राम नजदीक है...

**समारोह** में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संयोग से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट गुरुग्राम के बहुत निकट है। मतलब दिल्ली दूर है और गुड़गांव नजदीक है। इसलिए यह गुरुग्राम से अधिक लाभकारी है। उन्होंने कहा कि भारत-जापान के संबंध 70 साल पुराने हैं। यह और भी प्रगाढ़ हों, इसका युग आज से शुरू हो गया है। जापानी भाषा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-हम नए संबंध हरियाणा-जापान के बीच स्थापित कर रहे हैं। ये लंबी उम्र के हों। यही कामना है। उन्होंने कहा कि उन्हें जापान जाने का मौका मिला। वहां जापानी सीखी और बोलनी शुरू की। उन्होंने कहा कि हम बी-टू-बी नहीं एच-टू-एच संबंध बनाते हैं।

### मारुति का मुख्यालय भी गुरुग्राम में लाएं...

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने अपने वक्तव्य में मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव को संबोधित करते हुए कहा कि मारुति का सारा काम हरियाणा में है और कारपोरेट कार्यालय दिल्ली में है। वे चाहते हैं कि कारपोरेट कार्यालय को गुरुग्राम हरियाणा में ही लेकर आएं।

## संक्षिप्त समाचार

### मारुति शिफ्टिंग बयान देने वालों को मिला जवाब: गोयल



**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में गुरुवार को खरखौदा में स्थापित होने वाले मारुति सुजूकी कार निर्माण उद्योग और सुजूकी बाइक उद्योग की जमीन के एमओयू साइन हुए हैं। इसी के साथ विपक्षी दलों को उन बयानों का जवाब मिल गया है, जिसमें वे मारुति को गुरुग्राम से गुजरात शिफ्ट होने की बातें कहकर प्रदेश की जनता को दिगभ्रमित कर रहे थे। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का विपक्ष को करार जवाब है। गुरुवार को इस समारोह के बाद यहां जारी बयान में नवीन गोयल ने कहा कि विपक्ष अपनी बेतूकी बयानबाजी के कारण ही जनता का विश्वास खो चुका है। प्रदेश की जनता ने विपक्ष में बैठी कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। कांग्रेस के नेताओं के बयान में ही उनकी बोखलाहट झलकती है। कांग्रेस अब देश और प्रदेश में पार्टी के पदों पर नेताओं को बदल-बदल कर समय ही व्यतीत कर रही है। नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती के लिए मजबूती नेता और नेतृत्व जरूरी है, ना कि इस तरह से अध्यक्ष की अदला-बदली। यह तो टाइम पास ही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मनोहर सरकार में हरियाणा में मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड की तीसरा प्लांट लगने की दिशा में आज पहला कदम बढ़ गया है। यह दिन इतिहास में दर्ज हो चुका है। मारुति सुजूकी कंपनी का यहां तीसरा प्लांट स्थापित करना इस बात को दर्शाता है कि हरियाणा में उद्योगों के अनुकूल माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार का ईज ऑफ डूईंग बिजनेस मॉडल अपने आप में बेहतर है। सरकार ने हर स्तर पर देशी-विदेशी उद्योगपतियों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आकर्षित किया। नवीन गोयल ने खरखौदा में पहले प्लॉट खरीददार ईशांत अग्रवाल को भी बधाई दी है कि उन्होंने आत्मविश्वास के साथ सरकार की नीति में आस्था जताई और सबसे पहले आगे आकर वहां पर जमीन में निवेश किया। सरकार ने उनका मान रखते हुए सम्मानित भी किया है।

### इडियन क्याकिंग एंड कोइंग के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की लोवर लेक में खेली जा रही नौकायन प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी।

**सोहना।** भोपाल की लोवर लेक में चल रही 32वीं राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता के पहले दिन इडियन क्याकिं ग एंड कोइंग एसोसिएशन के तीन खिलाड़ियों ने पांच मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में एसोसिएशन के 9 खिलाड़ी अलग-अलग प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। सोहना से 738 किलोमीटर दूर क्षेत्र के नौकायन खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की लेक लोवर में दिखा रहे है। मंगलवार से शुरु हुई इस छह दिवसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सोहना खंड के नौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें से पहले दिन अपने-अपने पूल में प्रतिभा पुत्री मुकेश निवासी बालूदा ने एक सिल्वर तथा एक ब्रांस मेडल जीता है। सज्जना पुत्री विक्रम निवासी अभयपुर ने एक ब्रांस मेडल जीता है। इसी गांव के रविन्द्र ने एक ब्रांस व एक सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 22 मई तक चलेगी। जिसमें सभी खिलाड़ी कड़ी टक्कर देकर मेडल जीतने की भूमिका में रहेंगे। खिलाड़ी रविन्द्र का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि उनके अन्य साथी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल करेंगे।

# वर्षों से सड़कों के गड्ढे नहीं भर पाया गुरुग्राम नगर निगम : अभय जैन



गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों की बदहाल स्थिति।

### मुख्यमंत्री, मंत्री समेत बड़े नेता अक्सर शहर में होते हैं, फिर भी हाल बेहाल

### शहर की समस्याओं पर ध्यान नहीं, दावे बड़े-बड़े करते हैं निगम व सरकार

### शहर का दौरा करके आप नेता ने समस्याओं का ब्यौरा किया तैयार

**गुरुग्राम।** जिस शहर में अक्सर सरकार रहती हो उसकी हालत खराब नहीं होनी चाहिए। कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। गुरुग्राम का इस मामले में दुर्भागय है कि यहां औसतन हर सप्ताह सरकार आती है, फिर भी यहां समस्याओं का अम्बार है। यहां होने वाले विकास के काम अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी की भेंट चढ़े हुए हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट का।

अभय जैन ने कहा कि गुरुग्राम के डीएलएफ क्षेत्र को दिखाकर सरकार विदेशी कंपनियों को हरियाणा में पूंजी निवेश के लिए आकर्षिक करती है। सरकार की नजर में शायद डीएलएफ ही गुरुग्राम है, बाकी के हिस्से से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने पुराने गुरुग्राम में समस्याओं पर फोकस करते हुए कहा कि यहां कई सड़कों पर कई-कई साल से गड्ढे हैं, लेकिन इन पर पेचवर्क करने की भी जहमत नहीं उठाई गई है। कई जगह काम अधूरे छोड़ दिए गए हैं।

अभय जैन के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र में विधायक का कार्यालय है। न्यायाधीशों के आवास, गुरुग्राम की मेयर का आवास, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य का आवास, मंडलायुक्त, आयुक्त, पुलिस आयुक्त के आवास हैं। गत माह विधायक सुधीर सिंगला के पिता स्वर्गीय सीता राम सिंगला के नाम से बने चौक से लेकर सोहना अड्डा, ऑफिसर्स कालोनी, सिविल लाइन में सड़क के दोनों ओर पुराने डिवाइडर को हटाकर नए डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया गया। यहां डिवाइडर तो लगा दिया, लेकिन बीच की जगह पर पुराना मलबा डाल दिया। ना तो उसकी लेवलिंग की गई और ना ही मलबा हटाया गया। इसके अलावा सोहना अड्डा, श्रीसिद्धेश्वर चौक पर सड़क किनारे कई साल से गहरे गड्ढे हैं। ओल्ड रेलवे रोड पर अर्जुन नगर की गली के सामने सड़क के बीच में गहरा गड्ढा है। सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल से पहले सेक्टर-10 की तरफ अस्पताल की दीवार के साथ कुछ दिन पहले पानी की निकाली के लिए नाले का निर्माण शुरू किया गया, जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है।

# छात्राओं को ड्रग्स से होने वाली हानियों के प्रति जागरुक किया

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राओं को नागरिक अस्पताल के आयुर्वेदिक विभाग के डाक्टर ने ड्रग के प्रति जागरुकता का पाठ पढ़ाया। ये छात्राएं अपने परिजनों से लेकर परिचितों को ड्रग लेने से होने वाली शारीरिक व आर्थिक नुकसान देंगी।

शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में ड्रग्स जागरुकता सप्ताह कनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं को डॉक्टर कुलभूषण ने ड्रग्स क्या है। इसके लेने से क्या परिणाम निकलाते हैं। इसकी लत लगने से जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। ड्रग्स से दूर और बचाव के क्या नियम है। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि छात्राओं को बताया कि यह एक जानलेवा बीमारी होती है। जिसकी लत लगने पर इसका उपयोग करने वाले की जान तक जा सकती है। कैंसर जैसे जानलेवा बीमारियां बन जाती है। इससे बचाव करने के फायद छात्राओं को बताया। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि ड्रग्स एक मीठा जहर है।

# भले ही गुजरात जाएं पर हरियाणा में भी काम बढ़ाते रहें : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



संबोधित करते दुष्यंत चौटाला।

### मारुति सुजूकी का हरियाणा के विकास में अहम योगदान

### मारुति सुजुकी इंडिया और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट के लिए भूमि आवंटन कर कहा

**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा व मारुति का लंबा रिश्ता है। 40 साल पहले यहां पर कार का उत्पादन शुरू हुआ। जमीन अधिग्रहण का काम इससे 5 साल पहले शुरू हुआ। 45 साल का यह दौर बड़ा है। मारुति के गुजरात जाने की बातें होती रही। उन्होंने कहा कि भले ही आप गुजरात में भी प्लांट लगाएं, लेकिन हरियाणा में अपना काम भी बढ़ाते रहें। यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां लीला होटल में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा और मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के संबंधों के चलते यहां विकास ने नए आयाम छुए हैं। मारुति सुजूकी का हरियाणा के विकास में अहम योगदान है। पहला प्लांट गुरुग्राम शहर में लगाया गया, वहीं वर्ष 2000 में मानेसर में दूसरा प्लांट लगाया गया। मानेसर देश के इतिहास का पहला ऐसा गांव है, जहां पर अलग से नगर निगम है। मारुति और उससे जुड़ी अन्य कंपनियां, सुजूकी और उससे जुड़ी अन्य कंपनियां अब खरखौदा में विकास को रफ्तार देने पहुंच रहे हैं। आज का दिन उद्योगों की दुनिया में बड़ा ऐतिहासिक है। हरियाणा का 57 प्रतिशत क्षेत्र एनसीआर क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि 500 फॉर्च्युन कंपनी में से 250 हरियाणा में स्थापित हैं। हम बेहतर कनेक्टिविटी पर बेहतर काम कर रहे हैं। सड़क, रेल मार्ग का जाल बिछाया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से हरियाणा लगातार आगे बढ़ रहा है।

हरियाणा से मेजर एक्सप्रेस-वे गुजर रहे हैं। हरियाणा से अमृतसर-कोलकाता हाईवे और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर गुजर रहा है। हरियाणा की धरती से 11 एक्सप्रेस-वे और 25 नेशनल हाइवे यहां से गुजर रहे हैं। सीधे तौर पर यह उद्योगों को भी गति दे रहे हैं। यहां केएमपी वेस्टर्न पेरिफेरयल हाइवे चार जिलों को छू रहा है। हिसार भविष्य में एविएशन कनेक्टिविटी का हब बन रहा है।

# 82 लाख से बनेंगी सड़कें: सिंगला

### सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-17 में सेक्टर-17सी की सड़कों के निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान विधायक का स्वागत करते क्षेत्र के लोग।

**गुरुवार** को विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-17 क्षेत्र में सेक्टर-17सी की सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़कें खराब होने के चलते यहां से आवागमन में परेशानी हो रही थी। निकट भविष्य में जल्द ही ये सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी। सड़क निर्माण के बाद लोगों का यहां से आवागमन सुचारू होगा।

उद्घाटन अवसर पर वार्ड-17 के पार्षद अनूप सिंह भाम्भू, शीतला मंडल प्रभारी अुर्जन शर्मा, शीतला मंडल अध्यक्ष प्रिवर्त कटारिया, उपाध्यक्ष सौमित्र अरोड़ा, सेक्टर-14 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, रविंद्र जैन, एमसी गुप्ता, तरुण गुप्ता, पवन जिंदल, नवीन गुप्ता, मास्टर नत्थु सहरावत, हितेश भारद्वाज, नारायण अग्रवाल, अजय कुमार, हरजिंद्र अहलावत, ओपी यादव, धीरेंद्र सुखराली, मनीष छोक्कर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यहां अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सेक्टर-17सी की सभी सड़कें 82 लाख रुपये की राशि से बनकर तैयार होंगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भी कहा कि किसी भी सूरत में निर्माण सामग्री में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने आगे कहा कि हर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द ही दुरुस्त कराया जाएगा। काफी पर काम चल भी रहा है। लोगों के पैदल और वाहनों का आवागमन सुचारू करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

# कोलगेट स्ट्रांग टीथ बताते हैं कि अच्छे पोषण की शुरुआत होती है मजबूत दांतों से

### शाहिद कपूर और राणा डग्गूबती ने स्ट्रांग टीथ के बारे में जागरुकता बढ़ाने को किया कोलगेट के साथ गठबंधन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ओरल** केयर में मार्केट लीडर, कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने अपने लेटेस्ट कैम्पेन, 'दांत स्ट्रांग तो मैं स्ट्रांग' के साथ भारत के सबसे बड़े टूथपेस्ट ब्रांड-कोलगेट स्ट्रांग टीथ की नई पहचान प्रस्तुत की है। ब्रांड ने स्ट्रांग टीथ और पोषण के बीच संबंध पर रोशनी डालते हुए बताया है कि खाने को ठीक से चबाने में दांत की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर बनती है और शरीर पोषक तत्वों को बेहतर रूप से ग्रहण कर पाता है।

इस कैम्पेन के माध्यम से यह ब्रांड पहली बाद देश के चहेते, शाहिद कपूर और राणा डग्गूबती को लेकर आया है, जो नए युग के डैडी के किरदार में अपने बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति संलग्न दिखाई देंगे। इस कैम्पेन में वो बता रहे हैं कि उनकी बेटियों की शक्ति उनके स्ट्रांग टीथ के कारण है, क्योंकि कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट दांतों में नैचुरल कैल्शियम की कमी को पूरा करने में मदद करता है। नए कोलगेट स्ट्रांग टीथ की आधुनिक पैकेजिंग में एक युवा लड़की शक्ति एवं स्ट्रांग टीथ के प्रतीक के रूप में दिखाई देती है। इस नए कैम्पेन के बारे में अरविंद चिंतामणि, वीपी, मार्केटिंग, कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने कहा, "हम भारतीय खाने को अच्छी तरह से चबाने के महत्व को अच्छी तरह जानते हैं और बचपन में हमारे माता-पिता निगलने से पहले खाने को 36 बार चबाने के बारे में हमें कहते रहे हैं। लेकिन फिर भी लोग इस बात को अक्सर नजरंदाज कर जाते हैं कि पाचन की क्रिया के सबसे पहले अंग हमारे दांत होते हैं और खाने से सर्वश्रेष्ठ पोषण लेने के लिए दांतों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। यह ब्रांड 8 दशकों से ज्यादा समय से सर्वश्रेष्ठ उत्पादों द्वारा ग्राहकों की विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेशन करता आ रहा है।

# मारुति उद्योग: हरियाणा में 20 हजार करोड़ का सबसे बड़ा निवेश

### खरखौदा में मारुति को 9 एकड़ भूमि का किया हस्तांतरण

### गुरुग्राम को आइकॉनिक डेस्टिनेशन बनाने में मारुति का योगदान : मुख्यमंत्री

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में आयोजित समारोह में खरखौदा में मारुति व सुजूकी मोटर साइकिल के प्लांट लगाने को एमआयू साइन के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते दोनों ओर के अधिकारी, साथ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व सुजूकी के अधिकारी।

**हरियाणा** के विकास में एक और कदम बढ़ाते हुए मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड और सुजूकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सोनीपत जिला के खरखौदा में अपने संयंत्र लगाने के लिए भूमि आवंटन पर हरियाणा सरकार के साथ समझौता हस्ताक्षर किए। इस समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज मारुति सुजूकी ने हरियाणा को 2400 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। यह हरियाणा के इतिहास का सबसे बड़ा ट्रांजेक्शन है। इसके तहत खरखौदा में 800 एकड़ और 100 एकड़ भूमि पर मारुति कार तथा सुजुकी मोटर साइकिल के नए प्लांट स्थापित किए जाने हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने भाषण में गुरुग्राम को केंद्र बिंदू रखते हुए अपनी बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गुरुग्राम की तरक्की मारुति उद्योग के कारण ही हुई है, क्योंकि मारुति के साथ हजारों कंपनियां यहां स्थापित हुई। गुरुग्राम आज दुनिया में आइकॉनिक डेस्टिनेशन बना है तो इसमें मारुति का योगदान है। उन्होंने अंग्रेजी में बोलते हुए कहा कि- मारुति इज गुरुग्राम, गुरुग्राम इज हरियाणा। मारुति ग्रुप हरियाणा का हनुमान है। मारुति के साथ संबंध जितना बना रहेगा, प्रगति होती रहेगी।

उन्होंने कहा कि दोनों कंपनियों को एक साथ खरखौदा में लाकर 13 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 11 हजार लोग मारुति में और दो हजार बाइक यूनिट में रोजगार पाएंगे। 30 साल से नीचे के 75 फीसदी लोग होंगे, हरियणा के 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने का रास्ता बना है। यहां पर दोनों संयंत्र लगाने की जो लागत है, उसमें कंपनी की तरफ से लगभग 2400 करोड़ की जमीन ली गई है और 20 हजार करोड़ रुपये यूनिट की लागत पर खर्च होंगे। इससे साफ हो गया कि हरियाणा में कितना बड़ा निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि मारुति के कारण से गुरुग्राम के ऑटोमोबाइल उद्योग में इजाफा हुआ है। कई कंपनियां और आई हैं। यह कहने में कोई दोराय नहीं कि देशभर का ऑटोमोबाइल का 50 फीसदी काम हरियाणा में है।

### कभी कृषि का केंद्र हरियाणा आज उद्योग में अग्रणी

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कभी कृषि का केंद्र होता था। कृषि के साथ आज हरियाणा उद्योग में आगे है। विश्व स्तरीय निवेशक यहां पर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जमीन को लेकर एक कठिनाई आती है। अधिक जमीन की मांग में थोड़ी समस्या है। इसलिए सरकार ने नई पॉलिसी बनाई। जिसमें ए-बी-सी-डी चार सेक्टर में बांटा गया। ए सेक्टर में हमारे पास जगह कम है और महंगी भी है। ऐसे में हर कोई उस जमीन को नहीं खरीद पाता। इसलिए उसके लिए बी-सी और डी सेक्टर हैं। भले ही वे थोड़े दूर हों, लेकिन सरकार उन्हें हर सुविधा वहां भी दे रही है। एसजीएसटी में भी लाभ देते हैं। हरियाणा में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों, सरकार 48 हजार रुपये सालाना यानी 4000 रुपये मासिक वर्कर को देगी। उद्योगों के लिए अच्छी सर्विसेज भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सरकार इस पर बेहतरी से काम कर रही है। चाहे आईटी हो, शिक्षा हो, मेडिकल हो, इन सब पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले सात साल में उद्योगों ने जितने भी पॉलिसी में बदलाव मांगे हैं, सरकार ने किए हैं। ईज आफ डूईंग बिजनेस का जिक्र करते हुए सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पिछले तीन साल पहले हुए मूल्यांकन में हरियाणा तीसरे स्थान पर आया था।

# अमेजन पे ग्राहकों को सुरक्षित तरीके से लेन-देन करने के लिए कर रहा है प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** मौजूदा वक्त में एक फिनटेक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। जिसमें यूपीआई और कॉन्टेक्ट लैस क्रेडिट और डेबिट कार्ड जैसी लोकप्रिय भुगतान प्रणालियां तेजी से विकसित हो रही हैं। सुविधा, सुरक्षा और रिवॉर्ड्स के चलते, लाखों ग्राहक अपने जरूरी बिल, बीमा प्रीमियम, यात्रा टिकट की बुकिंग, रेस्तरां का भुगतान, रिचार्ज (मोबाइल, डीटीएच, फास्टैग), खरीदारी सहित विभिन्न जरूरतों के भुगतान के लिए हर दिन डिजिटल पेमेंट्स का उपयोग कर रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो, डिजिटल भुगतान के विकल्प वास्तव में ग्राहकों का हर दिन आसान बना रहे हैं। हालांकि, डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के बीच साइबर और भुगतान धोखाधड़ी के मामले भी सामने आए हैं। अमेजन पे आपके डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए आपके लिए कुछ त्वरित सुझाव लेकर आया है।

**व्यक्तिगत खाते के विवरण को लेकर सावधान रहें :** अमेजन कभी भी ग्राहकों से अपनी निजी जानकारी जैसे पिन, ओटीपी या सीवीवी नंबर साझा करने के लिए नहीं कहता है। हालांकि, एक सुरक्षित डिजिटल भुगतान अनुभव प्राप्त करने के लिए, हमेशा यह ध्यान रखें कि प्रत्येक लेनदेन के बाद आपके पास आए मैसेज को आप जरूर पढ़ें। इसी के साथ ही फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स की अच्छी तरह से पढ़ें। फोन कॉल, टेक्स्ट या ईमेल पर क्रेडिट या डेबिट कार्ड नंबर, एटीएम पिन या ओटीपी कतई साझा न करें। इसके अलावा, यदि आपको किसी भी संदिग्ध या अनधिकृत लेनदेन का पता चलता है, तो लेनदेन की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत भुगतान साधन को जारी करने वाले से संपर्क करें। अमेजन पे हमेशा एक पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, लेनदेन के दौरान बेनिफिशिरी के विवरण को प्रमुखता से हाइलाइट करता है और किसी भी अनधिकृत लेनदेन पता लगाने और इसकी निगरानी करने के लिए एक बहु-स्तरीय ट्रांजेक्शन रिस्क मॉनीटरिंग का पालन करता है।

**क्यूआर कोड को दो बार जांचें और धन प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पिन दर्ज या साझा न करें :** यूपीआई इस समय भुगतान करने के सबसे पसंदीदा तरीकों में से एक बन गया है। अमेजन पे यूपीआई के सहज और सुरक्षित अनुभव के कारण टियर 3 और 4 शहरों में लोग तेजी से इसे अपना रहे हैं। क्यूआर कोड से स्कैन करते समय, हमेशा जांच लें कि लाभार्थी सही है।

**सुविधाजनक है टैप एंड पे :** आप जल्दबाजी में हैं या फिर अपने क्रेडिट कार्ड पिन के साथ भूल गए? तो आपके लिए टैप एंड पे फीचर एक बेहतरीन समाधान है। अमेजन पे को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर लेनदेन करें और कैशलेस एवं रिवॉर्डिंग पेमेंट का आनंद लें।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022



# निगम की नाकामी से लोगों की मजबूरी बने अवैध टैंकर

## अवैध रूप से दौड़ रहे टैंकरों के पानी की नहीं की जा रही जांच

कविता। फरीदाबाद



मई के महीने में ही शहर का तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की नाकामियों के कारण अवैध टैंकर लोगों की प्यास बुझ रहे है। वहीं दूसरी तरफ पानी के टैंकरों की तेज रफ्तार और ओवर लोडिंग शहर में दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

शहर में जहां देखो वहां पानी के एक ट्रैक्टर में दो टैंक को जोड़ कर दौड़ते नजर आते है। इनकी स्पीड इतनी तेज होती है कि यदि कोई चपेट में आ जाए तो बच पाना मुश्किल है। अवैध रूप सड़क और गलियों में दौड़ने वाले इन अवैध ट्रैक्टर टैंकरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रही है।

**धड़ल्ले से दौड़ रहे टैंकर :** नगर निगम की लापरवाही के कारण जिले में करीब दो हजार से अधिक छोटे बड़े ट्रैक्टर टैंकर शहर की कालोनियों में पेयजल सप्लाई कर रहे है। यदि नगर निगम द्वारा पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जाती तो इनकी जरूरत नहीं पड़ती। वर्ष 2019 में भी एक बच्चे की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उस दौरान लोगों ने भारी विरोध भी किया था। लेकिन इसके बाद भी जिले में धड़ल्ले से यह टैंकर दौड़ रहे हैं। इन पानी के टैंकरों पर लगाम नहीं लग सकी। एक ट्रैक्टर पर दो-दो टैंकरों के जरिये शहरवासियों की प्यास बुझाई जा रही है।

जोकि शहर की तंग गलियों में दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। तंग गलियों से धड़ल्ले से दौड़ रहे यह पानी के अवैध टैंकर लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकते है। एक साथ दो टैंकर जोड़ कर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों को पुलिस भी रोकने का प्रयास नहीं करती।

**पीने लायक नहीं पानी :** नगर निगम की सप्लाई का पानी शहर में कई-कई दिनों तक नहीं आता। जो पानी आता है, वह पीने योग्य नहीं है। लोग पीने का पानी तो पहले ही खरीद रहे थे। अब अन्य कामों के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है। नगर निगम के द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी में या तो मिट्टी आती है या फिर उसमें सीवर के गंदे पानी की बदबू आती है। ऐसे में उसे इस्तेमाल करना कई बीमारियों को न्यौता देने के बराबर होता है। ऐसा ही पिछले कुछ समय से बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में देखने को मिल रहा है। करीब चार दिनों से सीवरेज वाला पानी निगम के द्वारा सप्लाई किया जा रहा है।

# एयरफोर्स : 100 मीटर दायरे में रजिस्ट्री के बाद बिजली कनेक्शन पर रोक हटी

## अधिसूचना पत्र जारी होने की जानकारी विधायक नीरज शर्मा ने दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एयरफोर्स स्टेशन का सांकेतिक फोटो।

**एयर** फोर्स 100 मीटर के दायरे पर भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री रोक पर लगे प्रतिबंध हटने वे बाद अब नए मीटर लगने पर प्रतिबंध हटने की अधिसूचना जारी हो गई है। यह जानकारी एनआईटी 86 के विधायक नीरज शर्मा ने दी।

विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे पर भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री पर लगे रोक का प्रश्न उठाया था। जिसपर विधायक नीरज शर्मा द्वारा उप मुख्यमंत्री को बताया गया था कि न्यायालय द्वारा सिर्फ अवैध निर्माण पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई हुई। इस क्षेत्र में प्लाट व भवनों की रजिस्ट्री व बिजली के मीटर पर कोई रोक नहीं है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने डबुआ एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारियों की मांग पर इस दायरे में मूलभूत सुविधाओं की मरम्मत की छूट दी हुई है।

नीरज के कथन के अनुसार उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 100 मीटर क्षेत्र के दायरे निर्माण कार्य नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि विधायक नीरज शर्मा ने इस क्षेत्र में रजिस्ट्री की बाबत संज्ञान कराया है। इसलिए सरकार की तरफ से 24 घंटे में विषयांकित जांच के बाद यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे में भी भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री हो सके।

100 मीटर में भूमि की रजिस्ट्री शुरू होते ही विधायक नीरज शर्मा बिजली के नए मीटर लगने शुरू हो इस और प्रयासरत थे। जिसको लेकर विधायक नीरज शर्मा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली विभाग पीके दास को 21 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर पूरे मामले बारे अवगत कराया था। तत्पश्चात पुन: पत्र लिखा और 17 मई 2022 को व्यक्तिगत रूप से पीके दास अतिरिक्त मुख्य सचिव, बिजली विभाग से मिलकर पूरे मामले पर उनको अवगत कराया। जिस पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द से जल्द 2 से 3 दिन में नए बिजली के कनेक्शन लगने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उपायुक्त फरीदाबाद ने अपने पत्र द्वारा 100 मीटर में बिजली के नये कनेक्शन देने पर रोक लगा रखी थी। उस लेटर को वापस ले लिया जाएगा।

उपायुक्त फरीदाबाद ने पत्र 19 मई 2022 को पत्र जारी किया है। जिसपर उनके द्वारा बिजली के नए कनेक्शन, मोटेशन, रजिस्ट्री पर लगी रोक हटा दी है। अधिसूचना जारी होते ही विधायक नीरज शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, उप मुख्यमंत्री, आयुक्त राजस्व पीके दास का धन्यवाद किया।

# अब तक लगाई गई 40 लाख 14 हजार 503 डोज

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कोरोना का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 70052 लोगों को बुस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4014503 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत वीरवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1363288 लोगों को पहली और 1109640 लोगों को दूसरी और 6443 लोगों को बुस्टर डोज़ दी गई।

डॉ. मानसिंह ने आगे बताया कि 40145 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39818 को दूसरी और 8282 को बुस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13375 को प्रथम, 13607 को दूसरी और 2224 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। वहीं बूस्टर डोज अभियान के तहत आज 18 से 59 व 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन के टीके लगाए गए हैं। डॉ. मान सिंह ने आगे बताया कि जिला में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 55939 बच्चों को पहली तथा 17142 बच्चों को दूसरी डोज लगाई गई।

# गवटेक एक अरब नागरिकों की सेवा करने का अवसर

## वैश्विक स्तर पर 20 फीसदी सीएजीआर के साथ बढ़ रहा है 800 बिलियन डॉलर का बाजार गवटेक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** की एक अरब से अधिक आबादी की सेवा करने का सुदृढ़ अवसर है। वैश्विक स्तर पर, गवटेक को सरकारों द्वारा आंतरिक दक्षता में सुधार और सेवाओं के वितरण के साथ-साथ नागरिकों और व्यवसायों के साथ बाहरी रूप से बातचीत करने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक के रूप में परिभाषित किया गया है। या यूं कह सकते हैं कि इसे सरकारी सेवा वितरण में आईटी के उपयोग के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो जी2जी, जी2बी अथवा जी2सी सेवाओं से भिन्न हो सकता है। दुनियाभर में सरकारों का लक्ष्य होता है अपनी जनता का कल्याण करना। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, आवास, शिक्षा, आजीविका और पोषण प्रदान करना सामाजिक कल्याण के ऐसे ही पहलू हैं। किसी भी सरकार के बजट में सामाजिक सुरक्षा के लिए खर्च की अच्छी-खासी हिस्सेदारी होती है। महामारी के इस दौर में सरकारों के लिए वित्तीय स्थिति को संतुलित रखना और लोगों की जरूरतों को पूरा करना चुनौती बना हुआ है। इस चुनौती का सामना करने में टेक्नोलॉजी से मदद मिल सकती है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की इन्हीं संभावनाओं पर विमर्श के लिए अग्रणी गवटेक उद्यम ईजीगव के तत्वावधान में दिल्ली स्थित इंडिया हैबीटेट सेंटर में गवटेक इंडिया समिट का आयोजन किया गया।

समिट के बारे में अमित शुक्ला, एमडी एवं फाउंडर ईजीगव ने बताया कि, 'गवटेक उन स्टार्टअप्स के बारे में नहीं है जिनके पास सरकारी क्लाइंट हैं। भारतीय स्टार्ट-अप फिनटेक, एडुटेक, ईकामर्स, हेल्थटेक, डीपटेक, एग्रीटेक आदि में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हालांकि, भारत में स्टार्ट-अप के लिए गवटेक एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है और यह इस तथ्य में परिलक्षित होता है कि देश में बहुत कम गवटेक स्टार्टअप हैं।

# मेट्रो स्टेशन पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड टीम न चलाया सर्च अभियान

## पुलिस प्रवक्ता ने बताया, बम निरोधक दस्ते ने पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था जांची

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मेट्रो स्टेशन चेकिंग करती डाग-स्क्वायड की टीम।

**सभी** मेट्रो स्टेशन पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता की टीम व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ थाना प्रबंधक मेट्रो पुलिस स्टेशन ओल्ड ने आज 10 बजे ओल्ड मेट्रो स्टेशन से शुरुआत करके सभी मेट्रो स्टेशन की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ सुरक्षा की दृष्टि से की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया। जिसमें पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वायड टीम और डीएमआरसी टीम स्टाफ नवीन कुमार स्टेशन मैनेजर, जसवंत सिंह हेड एससी, सीआईएसफ स्टाफ, आरके दलेर इंस्पेक्टर, आरके रंजन सब इंस्पेक्टर, क्यूआरटी एंड सीआईएसफ स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद में सभी मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होने से पहले निपटा जा सके।

डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए हाल में पंजाब एरिया में हुई घटनाओं को देखते हुए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना प्रबंधक द्वारा एरिया के मौजीज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से अगाह किया गया है। एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी,अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

# लाख प्रयास के बाद भी नहीं थम पा रहा है प्लास्टिक का उपयोग

## अब तो खुदाई के दौरान धरती के अंदर से मिट्टी के संग भी निकलती हैं प्लास्टिक की पालीथिन

विवेक सिंह। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ में खुदाई के दौरान मिट्टी से निकलता प्लास्टिक की पॉलीथिनें।

**नगर** निगम और सामाजिक संस्थाओं के द्वारा प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते है। वहीं नगर निगम के द्वारा कुछ बाजारों में प्लास्टिक का उपयोग करने वाले विक्रेताओं के चालान भी किए जाते हैं, लेकिन प्लास्टिक का उपयोग जिले में बंद नहीं हुआ है, जिसका मुख्य कारण है, कि प्लास्टिक का उत्पादन बंद न होने के कारण आज शहर में खुदाई करने पर मिट्टी में प्लास्टिक का कचरा अधिक निकलता है। इसका ताजा उदाहरण बल्लभगढ़ बस स्टैंड के नजदीक सीवरेज के लिए हो रही खुदाई के दौरान भूमि के अंदर से निकल रही प्लास्टिक के ढ़ेर को देखकर लगाया जा सकता है। वहां खुदाई के समय मिट्टी के साथ प्लास्टिक के बडे बडे ढ़ेर निकलते देखे जा सकते है। प्रशासन द्वारा कोई सख्त कदम प्लास्टिक के उत्पादन में रोक की तरफ नहीं उठाया जा रहा। यहीं वजह है कि पृथ्वी आज मरने की कगार पर पहुंच गई है।


जानकारी के मुताबिक निगम के द्वारा चलाए जा रहे पोलोथिन मुक्त अभियान पूरी तरह से शहरभर में फेल नजर आ रहा है। बल्लभगढ़ बस स्टैंड के नजदीक चल रही खुदाई के दौरान निकल रही प्लास्टिक मानव द्वारा किए जा रहे पृथ्वी के शोषण और नगर निगम फरीदाबाद के चलाए जा रहे अभियान का जीता जागता उदाहरण है। प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है जिसे नष्ट होने में हज़ारों वर्ष लग जाते हैं। यहीं कारण है प्लास्टिक को पृथ्वी के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। जमीन के भीतर मौजूद प्लास्टिक से हानिकारक रसायन बारिश के दौरान रिस कर हमारे पीने योग्य पानी साथ ही खेती के लिए उपयुक्त ज़मीन को पूरी तरह से नष्ट कर देते हैं। जोकि हमारी सेहत से सीधे तौर पर जुड़ा है। लेकिन नाहीं समाज और नाहीं सरकार इसकी रोकथाम के लिए गंभीर नज़र आ रही है। अगर समय रहते समाज नहीं जागा तो वह दिन दूर नहीं जब मानव के केवल अवशेष मात्र पृथ्वी पर रह जाएंगे। सरकार को चाहिए कि वह लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें पर्यावारण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का बोध कराए। ताकि समय रहते इस संकट को टाला जा सका।

1995 बर्लिन में हुए पहले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से लेकर ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में बीते वर्ष हुए मौजूदा सम्मेलन तक दुनिया करीब 26 बार पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर मंथन कर चुकी है। लेकिन इसके बावजूद ज़मीनी हालात नहीं बदले। इस विषय में जेसी बोस विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान की प्रोफेसर डाक्टर अनिता गिरधर का कहना था कि जब तक समाज पर्यावरणीय संकट के प्रति सचेत नहीं होगा तब तक इस समस्या का हल निकलने वाला नहीं है।

# गुमनाम नायक:'दास्तान- ए-रोहनात'

## इसी तरह से राजा नाहर सिंह की जीवनी पर नाटक होगा तैयार : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में आयोजित नाटक दास्तान-ए-रोहनत के अवसर पर मुख्यातिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते डीसी जितेन्द्र यादव।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में आयोजित बुधवार की शाम पूरी तरह से आजादी के गुमनाम नायकों को समर्पित रही। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने जिस प्रकार दास्तान- ए-रोहनात नाटक का मंचन किया उसे वाकई रोहनात गांव के गुमनाम महानायकों को सच्ची श्रद्धांजलि कहा जा सकता है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इसी तरह राजा नाहर सिंह की जीवनी पर तैयार होगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नाटक के लिए पांच लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा तैयार किया गया नाटक देखने के लिए विशेष तौर पर कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। नाटक का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के 75 साल को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय किया है। पूरे साल देश भक्ति के कार्यक्रम जहां देश की आजादी में जिन-जिन का भी योगदान रहा चाहे वह कोई व्यक्ति है गांव या कोई इलाका है। उन सब के इतिहास से आने वाली पीढ़ियों का को परिचित कराया जाए। जिससे उनको प्रेरणा मिले। आज उसी निमित्त जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा यहां एक नाटक का मंचन किया गया। नाटक नाथ गांव के शहीदों पर आधारित था। नाटक के मंचन के माध्यम से रहो नाथ गांव के आजादी के संग्राम में योगदान की जानकारी मिली। जिन लोगों ने शहादत दी उन लोगों का परिचय मिला। इस जानकारी के लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री को बधाई देना चाहता हूं वह पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने आजादी के बाद उस गांव में जाने का काम किया। 23 मार्च 2018 को पहली बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गांव के बुजुर्ग के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराकर यहां के लोगों को गुलामी के अहसास से आजाद करवाया। उन से पहले कोई भी मुख्यमंत्री वहां नहीं गया। उस गांव के लोगों का आजादी की लड़ाई में कितना बड़ा योगदान है जिसके कारण हम आज आजादी का जीवन जी रहे हैं। हम रोहनात गांव के योगदान को कभी नहीं भुला सकते आजादी के दीवानों और शहीदों को याद करना हम सब देशवासियों का परम धर्म और कर्तव्य भी है।

# संक्षिप्त समाचार

## ओड़िसा से लापता बच्ची को परिजनों को सौंपा



**फरीदाबाद।** चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने उड़ीसा से गुम हुई 12 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। रेलवे पुलिस को एक नाबालिग लड़की उडीसा की तरफ से आने वाली ट्रेन में एक लावारिस हालत में एक लड़की मिली। जिसकी सूचना रेलवे पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मी रविन्द्र को दी। जिसपर रविन्द ने नाबालिग लड़की की काउंसलिंग करने पर लड़की ने फूफा का नम्बर बताया। लड़की के परिजनों ने चाइल्ड हेल्पलाइन टीम का धन्यवाद किया।

## हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ की पत्रिका का विमोचन

**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सूचीपत्र का विमोचन स्वामी धर्मदेव महाराज पटौदी वालों ने किया। आजाद विचार पत्रिका का मई माह का अंक उसके संपादक मोनिक आजाद ने हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ को समर्पित किया। जिसमें हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सभी मुख्य कार्यक्रमों का लेखा जोखा है। इस अंक को पंजाबी संघ की कैटलाग के रूप में प्रकाशित किया गया। आज पंजाबी संघ की टीम प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद के नेतृत्व में पटौदी में स्वामी धर्मदेव जी के आश्रम में उनसे पत्रिका का विमोचन करवाने गई। स्वामी धर्मदेव ने पत्रिका के संपादक मोनिक आजाद की सराहना करते हुए कहा कि इस पत्रिका को पंजाबी संघ को समर्पित करके पंजाबी समाज के हकों की आवाज को जन-जन पहुंचाने का कार्य किया। इस मौके पर हरीश चप्द्र आज़ाद, यशपाल तनेजा, फीरोजपुर झिरका के चेयरमैन अर्जुन देव चावला, नीतू लाम्बा, परमजीत कौर, मोनिक आज़ाद, गिरधारी लाल अरोड़ा, संजय चौधरी, प्रिंस रहेजा और मदान आदि उपस्थित थे।

## सूचना न मिलने पर डीईओ के पास लगाई प्रथम अपील

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच की ओर से लीगल एडवाइजर बी एस विरदी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) से मांगी गई सूचना व जानकारी न मिलने पर प्रथम अपील अधिकारी कम जिला शिक्षा अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर की गई है। बीएस विरदी ने कहा है कि अगर निर्धारित अवधि में प्रथम अपील अधिकारी ने भी सूचना व जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई तो राज्य सूचना आयोग चंडीगढ़ में द्वितीय अपील दायर की जाएगी। श्रीविरदी ने कहा है कि उन्होंने 9 अप्रैल को एसपीआईओ के पास एक आरटीआई लगाकर फरीदाबाद के 36 स्कूलों द्वारा 31 मार्च 2022 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराए गए फार्म-6 के सभी पेजों की व उसके साथ लगाई गई बैलेंस शीट की फोटो कॉपी मांगी थी। नियमानुसार प्रथम अपील अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर की गई है। इसके बाद भी सूचना नहीं मिली तो राज्य सूचना अयोग चंडीगढ़ में द्वितीय अपील दायर की जाएगी।

## 21 मई को सरकारी स्कूलों में होगी पीटीएम



**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में जिला में सीआरसी मुखिया द्वारा विद्यालयों में मेगा पीटीएम करवाई जाएगी। यह पीटीएम कक्षा पहली से बारहवीं तक 21 मई को करवानी सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि सीआरसी और स्कूल मुखियाओं को पीटीएम के दौरान चर्चा के बिंदु इस प्रकार होंगे। उन्होंने बताया कि रोजाना 2 घंटे 7 से 9 तक उड़ान कार्यक्रम से बच्चों को पढ़ाना, एफएलएन के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई करवाना, कार्यक्रम सुपर 100 के बारे में बच्चों को बताना, बोर्ड कक्षाओं की एक्स्ट्रा क्लास और मासिक परीक्षा से अवगत कराना शामिल हैं। इसके अलावा अभिभावकों को बच्चों को दिए जाने वाले टैबलेट के बारे में सूचित करना, अवसर दीक्षा एप ऑनलाइन कक्षाओं के बारे में बताना, स्मार्ट साला ऐप के माध्यम से बच्चों को कहानी पढ़ाना और उनके शब्दकोश में वृद्धि करना है।

## मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे सांसद खेल महोत्सव में शिरकत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार को प्रात: 6 बजे खेल परिसर सेक्टर-12 में सांसद खेल महोत्सव के बास्केटबॉल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जबकि स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एमसीएफ के आयुक्त यशपाल उपस्थित होंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 19 मई वीरवार को सायं 7 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से किया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आगे बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में बास्केटबॉल में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के आयुक्त यशपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सैक्टर-12 खेल परिसर में ही हॉकी में विधायक नरेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में और पलवल के डीसी कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मानव रचना स्कूल सेक्टर-14 में बैडमिंटन में पुलिस आयुक्त विकास अरोडा मुख्य अतिथि के रूप में और सीईओ स्मार्ट सीटी डाक्टर गारिमा मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। नाहर सिंह स्टेडियम,एयर फोर्स, मार्डन स्कूल सेक्टर-17 फुटबॉल में विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया व अतिरिक्त आयुक्त एमसीएफ अभिषेक मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सेक्टर-12 खेल परिसर में एथलेटिक में फरीदाबाद आयुक्त संजय जून मुख्य अतिथि के रूप में और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सैक्टर-12 खेल परिसर में रस्साकशी में विधायक सीमा त्रिखा मुख्य अतिथि के रूप में और सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। खेल परिसर में ही सर्कल कबड्डी में विधायक नयन पाल रावत मुख्य अतिथि के रूप में और एडीसी मोहम्मद इमजान रजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## नि: शुल्क दवाइयां व रक्त चढ़ाने के फिल्टर दिए

**फरीदाबाद।** भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क दवाइयां व रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर्स दिए गए। एक फिल्टर की कीमत करीब 800 रुपये आती है। अगर बिना फिल्टर के रक्त चढ़ाया जाता है तो बच्चों को बुखार हो जाता है। संस्था की कोशिश होती है बच्चो को फिल्टर्स के द्वारा ही रक्त चढ़े जिसके लिए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन के सतीश गोसाईं व उनके क्लब का हमेशा सहयोग रहा है उनके द्वारा बनाये रोटरी थैलासीमिया सेंटर में बड़े आराम से बच्चों को रक्त चढ़ाया जा रहा है। थैलासीमिक्स इंडिया दिल्ली की सचिव शोभा तुली द्वारा फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद के बच्चों को रक्त चढ़ाने के लिए नि:शुल्क ब्लड फिल्टर भेजे गए। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने बताया की उन कम्पनी को लिखा जायेगा। जो फिल्टर्स का उत्पादन करती हैं कि वो बच्चों के लिए फिल्टर्स नि:शुल्क देवे।

## अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के गणित विभाग द्वारा गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊंचागांव बल्लभगढ़ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गोद ले रखा है। इस विद्यालय में गणित विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित करवाई जाती है। आज 19 मई 2022 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम इस स्कूल में आयोजित करवाया गया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक जी ने वृक्षारोपण की उपयोगिता बताते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है। धरती पर पेड़ों और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्कूल जाकर अनेक पेड़ लगाए ।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022



# कोचिंग का धंधा

## मुनाफे का साधन

**अनेक** कालेज मुनाफा कमाने के लिए अपने परिसरों में कोचिंग संस्थानों को प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण शोषण के अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुछ कालेजों पर आरोप है कि वे निजी कोचिंग संस्थानों से संबंध बना कर विभिन्न परीक्षाओं के लिए कक्षाएं चलाने हेतु उनकी पहुंच कालेज परिसरों तक करा देते हैं। एक कालेज यूपीएससी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग क्लासों को प्रोत्साहित करता है, जबकि दूसरा इस वर्ष शुरू होने वाली कामन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी के लिए परिसर में कक्षाओं की पैरवी करता है। स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की इच्छा रखने वाले छात्र इनके लक्षित 'ग्राहक' हैं। तीन वर्ष की कोचिंग की फीस प्रति छात्र 1.5 लाख तक हो सकती है। बिना खर्च किए यह अच्छा मुनाफा है। सम्मानित कालेजों से गठजोड़ के कारण इन निजी केन्द्रों को वैधता भी मिल जाती है। छात्रों और शिक्षकों का एक समूह इस गठजोड़ का विरोध कर रहा है। आश्चर्यजनक रूप से सार्वजनिक धन से चलने वाले शिक्षा संस्थानों से सस्ती शिक्षा देने की उम्मीद की जाती है, पर वे इस व्यापारिक गतिविधि में शामिल हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को इस बुराई को फैलने से पहले समय रहते कुचल देना चाहिए। आईएएस बनने के इच्छुक छात्रों के लिए निजी कोचिंग कक्षायें दशकों से चल रही थीं और यह भ्रम बना हुआ था कि बिना कोचिंग किए इस परीक्षा में चयन असंभव है। लेकिन यह केवल भ्रम तथा बहुत खर्चीला भ्रम है क्योंकि पिछले कुछ सालों में अनेक उम्मीदवार बिना निजी कोचिंग के आईएएस व अन्य सेवाओं में चयनित हुए हैं। ग्रामीण बिहार के एक छात्र ने बिना किसी कोचिंग के पिछले साल



आईएएस में दसवां स्थान प्राप्त किया। एक कपड़ा बेचने वाले दूकानदार का पुत्र भी स्वयं अध्ययन कर आईएएस में चयनित हुआ। पिछले साल बिना कोचिंग कक्षायें पढ़े हरियाणा की एक लड़की अपने अंतिम प्रयास में यूपीएससी में चुनी गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बहुसंख्य उम्मीदवार अपनी मेहनत और अच्छी किस्मत से यह परीक्षा पास कर रहे हैं।

कहने का यह अर्थ नहीं कि कोचिंग कक्षाओं से बचना चाहिए। जो लोग फीस अदा कर सकते हैं, वे इनमें दाखिला ले सकते हैं। लेकिन कालेजों को निजी कोचिंग संस्थानों से गठजोड़ कर बिजनेस नहीं करना चाहिए। यह उनके लिए उचित नहीं है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था की विडंबना है कि यह द्वि-आयामी है। पहला, शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था पाठ्यक्रम, शिक्षण व मूल्यांकन विधियों के चयन में अवैज्ञानिक व यहां तक कि विवादास्पद दृष्टिकोण अपनाती है। दूसरा, इसके परिणामस्वरूप निजी ट्यूशन एक आवश्यक बीमारी बन गए हैं और यह समानान्तर व्यवस्था धीरे-धीरे औपचारिक व्यवस्था का मूलाधार नष्ट कर रही है। कालेजों व कोचिंग संस्थानों के बीच गठजोड़ जानबूझ कर संस्थागत शिक्षा को नुकसान पहुंचाता है। चीन ने हाल ही में पता लगाया है कि निजी कोचिंग की बीमारी कितनी फैल गई है। इसके बाद उसने महंगे निजी ट्यूशन उद्योग पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन बच्चों के माता-पिता ट्यूशन देने वाले शिक्षकों के काला बाजार का समर्थन करने लगे। भारत में शिक्षा के व्यापारीकरण की भयंकर बीमारी का यह केवल एक आयाम है। शिक्षा विभाग ने हाल ही में निजी स्कूलों के पैसा कमाने वाले तरीकों पर हमला बोला। उनको चेतावनी दी गई कि वे बच्चों के माता-पिता पर स्कूल परिसर में बनी दूकानों या खास निजी विक्रेताओं से महंगी दरों पर किताबें, यूनीफार्म और यहां तक कि जूते खरीदने का दबाव नहीं डालेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि स्कूल कम से कम तीन साल तक स्कूल यूनीफार्म का रंग या डिजाइन नहीं बदलेंगे क्योंकि यह भी मुनाफा कमाने का एक अतिरिक्त स्रोत बन गया था। अधिकांश निजी इंजीनियरिंग व मेडिकल कालेज इसलिए अस्तित्व में हैं क्योंकि वे भारी कैपिटेशन फीस के रूप में मुनाफा कमाते हैं। इसके बाद क्या होने वाला है? क्या शिक्षा की 'होम डिलीवरी' जैसी कोई व्यवस्था भी सामने आ सकती है?

# अच्छे शहरों के लिए शहरी वनीकरण

आज अनेक शहरों में पेड़ों, वनों व जानवरों के लिए आवश्यक स्पेस तेजी से घटता जा रहा है, हरित, टिकाऊ व अच्छे शहरों के लिए शहरी वनीकरण एकमात्र प्रभावी प्राकृतिक समाधान है।



**बीकेपी सिन्हा**
(लेखक पूर्व मुख्य वन संरक्षक हैं)



आज दुनिया की आधी जनसंख्या शहरों में रहती है और अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह प्रतिशत बढ़ कर 66 हो जाएगा। यह भी अनुमान है कि भारत, चीन व नाइजीरिया में आने वाले वर्षों में शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि होगी। भारत में 2050 तक लगभग 404 मिलियन लोग शहरों में रहने लगेंगे। इस बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण लाखों कामगारों, छात्रों तथा रोजगार व शिक्षा की तलाश एवं बेहतर जीवन गुणवत्ता की तलाश में शहरों में आने वाले लोग होंगे। इसके परिणामस्वरूप आज शहरों में भीड़ बहुत बढ़ गई है, शहरी स्पेस कंक्रीट के जंगल में बदल रहा है तथा शहरी ढांचागत संरचना पर भारी दबाव पड़ रहा है। शहरों के विस्तार तथा भारी मानव जनित हस्तक्षेप के कारण शहरी परिस्थितिकी तंत्र खराब हुआ है तथा शहरों में रहने वालों पर जलवायु परिवर्तन का भारी प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण शहर प्रबंधन में लगे शहर नियोजकों व प्रशासकों के लिए उपयुक्त भोजन सप्लाई, पेयजल, स्वच्छ हवा, ऊर्जा, आवास, शिक्षा व हरित स्पेस प्रदान करना इस देश की बड़ी विकास चुनौती बनता जा रहा है। अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक चिन्ताजनक स्थिति में पहुंच गया है तथा हवा की विषाक्तता के कारण श्वसन रोगों जैसी स्वास्थ्य समस्यायें गंभीर होती जा रही हैं। इसी प्रकार तापमान में अत्यधिक वृद्धि तथा बार-बार चलने वाली लू के कारण गर्मी-संबंधी मौतें बढ़ रही हैं और शहरी 'हीट आइलैंड' प्रभाव गंभीर होता जा रहा है। आज अनेक शहरों में पेड़ों, वनों व जानवरों के लिए आवश्यक स्पेस तेजी से घटता जा रहा है, जबकि किसी शहर में रहने योग्य व स्वस्थ परिवेश के लिए ये आवश्यक हैं।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए शहरी वनीकरण एकमात्र व प्रभावी प्राकृतिक समाधान है जिससे शहरों को हरित, टिकाऊ व बेहतर शहर बनाया जा सकता है। शहरी वनीकरण 'टिकाऊ योजना, पौधरोपण, संरक्षण, रखरखाव तथा पेड़ों, वनों, हरित स्थलों व संबंधित संसाधनों की देखभाल है। यह शहरों तथा उनके चारों ओर समुदायों के आर्थिक, सामाजिक, परिस्थितिकीय, सौदर्यमूलक व सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक हैं।' शहरों के हरितकरण से शहरवासियों के जीवन पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। इससे ठंडक के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और वह शुद्ध हो सकती है। इससे जमीनी स्तर पर ओजोन व ग्रीनहाउस प्रभाव कम तथा हीट आइलैंड प्रभाव कम हो सकता है। इससे एयरकंडीशनिंग की जरूरत घट सकती है जिसके परिणामस्वरूप बिजली पैदा करने में फासिल ईंधनों की मात्रा भी घट सकती है। शहरी वन वातावरण में कार्बनडाईआक्साइड का शोषण कर दीर्घकालीन कार्बन सिंक का काम कर सकते हैं जो ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में महत्वपूर्ण हैं। लेकिन पेड़ों द्वारा कार्बन अवशोषण उनकी लकड़ी के घनत्व, आकार, स्वास्थ्य व पेड़ों की प्रजातियों पर निर्भर है। पेड़ों का आच्छादन बरसात की गति धीमी कर फालतू पानी की प्रवाह दर घटा सकता है तथा उनकी जड़ें मृदा क्षरण रोकने में सहायक हैं।

इसके परिणामस्वरूप बाढ़ की तीव्रता घटती है तथा नदियों, आदि में गाद कम जमती है। इसी प्रकार शहरी वन जानवरों को पर्यावास प्रदान करते हैं, जंगलों में आग लगने का जोखिम घटाते हैं, बिजनेस व पर्यटकों को आकर्षित कर समुदाय के आर्थिक स्थायित्व में योगदान करते हैं तथा सामान्य रूप से कृत्रिम परिवेश में प्रकृति के बारे में शिक्षण की प्राकृतिक प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं। वे जैव-विविधता संरक्षण तथा उसकी संवृद्धि में योगदान करते हैं, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, मनोरंजन का स्थान प्रदान करते हैं, सामुदायिक एकजुटता मजबूत करते हैं तथा पौधरोपण, उनकी देखभाल व रखरखाव से रोजगार सृजन करते हैं। इसके साथ ही वे संकटग्रस्त व गरीब नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, पोषण, जलाने की लकड़ी व अन्य संसाधन प्रदान करते हैं। इस प्रकार शहरी स्पेस का हरितकरण समुचित नियोजन व क्रियान्वयन से अनेक लाभ प्रदान कर सकता है। इसके बावजूद अक्सर उनकी अनदेखी होती है। इसका कारण यह है कि उनकी परिस्थितिकी संबंधी सेवाओं को अक्सर नीति-निर्माता समझते नहीं हैं या उनका समुचित आंकलन नहीं हुआ है। मुंबई के उपनगर में स्थित आरे कालोनी का उदाहरण परिस्थितिकी पर ढांचागत परियोजनाओं को वरीयता देने का उदाहरण है।

जून, 2020 में सरकार ने 'नगर वन' योजना घोषित की जिसका उद्देश्य अगले पांच साल में देश भर में 200 शहरी वन लगाना था। 2016 में शुरू ऐसी ही एक पहल का नाम 'शहरी वनीकरण योजना' था। दुर्भाग्य से इन योजनाओं के बारे में कोई आधिकारिक विस्तृत विवरण या आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यह भी पता नहीं कि 2016 व 2020 के बीच '200 शहरी वन' लगाने के उद्देश्य की कहां तक पूर्ति हुई। सभी हरित ढांचागत संरचनाओं के लिए समग्र योजना जरूरी है जिनमें उनको सावधानी से शुरू करना तथा दीर्घकालीन रखरखाव शामिल हैं। अक्सर अच्छे इरादों से की जाने वाली पहलें कामयाब नहीं होती हैं क्योंकि वे इच्छित लाभार्थियों को लाभ नहीं दे पाती हैं। स्थानीय शहरी सरकारों में शहरी वनीकरण प्रबंधन के बारे में आवश्यक कौशल, विशेषज्ञता एवं आवश्यक धन की कमी होती है। प्रजातियों के गलत चयन, पेड़ों को ठीक से न लगाने तथा उनकी अनुपयुक्त देखभाल व स्वामित्व के कारण भी ये विफल होती हैं। इसलिए पौधरोपण परियोजनाओं में देशी वनस्पतियों, शहरी वनों की गत्यात्मकता, जैव-विविधता, प्रजातियों का मिश्रण, मृदा-जल संबंध, पौधरोपण व संबंधित स्थलों के प्रबंधन पर आने वाला खर्च तथा डिजाइन किए स्थलों का प्रबंधन महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परिणाम दिखाने के लिए बहुत जरूरी हैं। ०शहरी वनीकरण के लिए प्रजातियों का चयन भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में पेड़ों पर ज्यादा दबाव पड़ता है, उनकी मृदा तथा शिखर का स्पेस घट जाता है तथा उनको मृदा प्रदूषण व वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। प्रजातियों की कम विविधता, स्थल का खराब चयन तथा 'प्लांटिंग पैलेट' जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उचित नहीं हैं और इनसे शहरों में पेड़ों को खतरा पैदा होता है। पौधरोपण रणनीतियों व प्रबंधन लक्ष्यों की योजना बनाते समय विभिन्न अन्य आयामों पर भी ध्यान देना जरूरी है क्योंकि वे पर्यावरण को अत्यधिक प्रभावित करते हैं। स्थितियों के आधार पर पेड़ों की आवश्यकताओं के अनेक आयाम होते हैं जिसमें उनका रखरखाव तथा समय-समय पर उपचार भी शामिल हैं। नए कौशलों का विकास भी जरूरी है ताकि चुनौतीपूर्ण मुद्दों का सामना किया जा सके। इसके लिए समुचित संस्थागत स्मृति व कार्ययोजना जरूरी है। इसके लिए व्यापक व गहन शोध तथा विकास की खासकर वास्तुविद व इंजीनियरिंग क्षेत्रों में जरूरत है। इसलिए ज्यादा टिकाऊ शहरी वनों के लिए स्थानीय नीति-निर्माताओं को ऐसी स्थानीय रणनीतियों की पहचान व उनकी डिजाइन करनी चाहिए जो उस क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों के अनुकूल हों। विभिन्न पक्षों के बीच संगठन व समन्वय भी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि शहरी वनों का विस्तार कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है। शहरी पेड़ों के रखरखाव के लिए राजनीतिक समर्थन उन क्षेत्रों में भी जरूरी है जहां जनता इसमें मजबूती से शामिल हो। पेड़ों की देखभाल व प्रबंधन के लिए टिकाऊ फंडिंग भी एक चुनौती है। भूमि स्वामित्व का उपयुक्त विवरण न होने से भी समस्या पैदा हो सकती है। पेशेवरों का प्रशिक्षण तथा शहरी वनों के स्वास्थ्य की निगरानी व आंकलन स्थानीय स्वशासी सरकार के बजट पर निर्भर है।

शहरी वनों के रखरखाव के लिए विभिन्न पक्षों के बीच समय, संसाधनों व समन्वय की आवश्यकता है। शहरी वनों की वर्तमान स्थिति के बारे में डेटा जरूरी हैं क्योंकि इने पौधरोपण रणनीतियां बनाने तथा समन्वय के बारे में समझदारी विकसित होती है। इस बारे में अनेक शहर संगठित नागरिक समूहों, अलाभकारी संगठनों तथा निजी भूस्वामियों से साझेदारी करते हैं ताकि बजटिंग व संसाधन समस्याओं का समाधान हो सके। अनेक मामलों में नागरिक वन नीति व नियमनों के बारे में स्थानीय अधिकारियों को सलाह देने के लिए सलाहकार समूहों का गठन भी करते हैं। इससे वर्तमान कार्यक्रमों को बेहतर बनाना तथा पर्यावरण के संबंध में जागरूकता पैदा करना भी संभव होता है। प्राकृतिक संसाधनों, पेड़ों, वनस्पतियों में परिवर्तन तथा वनों की संरचना, आदि के बारे में जानकारियां एकत्र करने व उनके विश्लेषण में रिमोट सेंसिंग व कृत्रिम बुद्धि-एआई जैसी उत्कृष्ट तकनीकों का प्रयोग भी हो सकता है। शहरी वनीकरण की समस्या को समग्र रूप से संबोधित करने के लिए 'ट्री कमीशन' का गठन किया जाना चाहिए जो शहरी हरित स्थानों के बहु-विषयी नियोजन, प्रबंधन व क्रियान्वयन को पूरी तरह बदल सकता है।

# तंबाकू : महिलाओं व बच्चों का सबसे बड़ा शत्रु

"हमें समाज के व्यापक हित में तंबाकू उत्पादों को लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए।"

**रंभा पांडेय**
(लेखिका दिल्ली एम्स के रेडियन आंकोलॉजी विभाग में प्रोफेसर हैं)



हमें समाज के व्यापक हित में तंबाकू उत्पादों को लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए और उन्हें साथ ही साथ महिलाओं और बच्चों को घर, काम और सार्वजनिक स्थानों पर सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से बचाना चाहिए। तंबाकू का एक्सपोजर, चाहे वह सक्रिय हो या निष्क्रिय, न केवल स्वास्थ्य से जुड़ा है, बल्कि उपभोक्ता, परिवार, अर्थव्यवस्था और अंततः राष्ट्र पर वित्तीय बोझ भी है।

महिलाओं के मामले में, तंबाकू के उपयोग में लिंग संबंधी सभी गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं हैं जैसे स्तन कैंसर, प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां इसके अलावा अजन्मे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आम धारणा के विपरीत, दुर्भाग्य से भारत में निष्पक्ष सेक्स के बीच तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। मुझे याद है, बचपन में जब मैं अपने गांव जाता था, तो मैंने देखा था कि बहुत सी महिलाएं आर्थिक स्तर से ऊपर उठकर कई तरह के तंबाकू उत्पादों का सेवन करती हैं। बीड़ी विशेष रूप से अधिक आम है। यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। अधिक से अधिक महिलाएं, विशेष रूप से युवा पीढ़ी, धूम्रपान की आदतों में शामिल हो रही हैं, इसे एक फैशन प्रतीक के रूप में देख रही हैं। इस संदर्भ में, मैं 'ब्रेस्ट कैंसर रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन द्वारा किए गए एक अवलोकन को साझा करना चाहूंगा, जिसके अनुसार, धूम्रपान स्तन कैंसर के खतरे में काफी वृद्धि के साथ जुड़ा हुआ है, खासकर उन महिलाओं में जिन्होंने इस दौरान धूम्रपान करना शुरू कर दिया था। किशोरावस्था या जिनके पास बीमारी का पारिवारिक इतिहास है।



लड़कियों और महिलाओं द्वारा तंबाकू की खपत में तेजी से वृद्धि सीधे तौर पर तंबाकू कंपनियों द्वारा अपनाई गई आक्रामक विपणन रणनीतियों से जुड़ी हुई है, जो इस समूह को तेजी से लक्षित करती हैं, खासकर भारत जैसे कम आय वाले और मध्यम आय वाले देशों में। जल्दी पैसा कमाने के लिए, इस क्षेत्र के खिलाड़ी छोटे बच्चों को भी नहीं बख्श रहे हैं क्योंकि वे तंबाकू उत्पादों के साथ कैंडी बेचकर उन्हें निशाना बनाते हैं। सरकार को इन उत्पादों को समाज के व्यापक हित में लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए; और उन्हें और साथ ही महिलाओं को घर, काम और सार्वजनिक स्थानों पर सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से बचाएं। सबसे पहले, यह भारत सरकार के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) में बड़े संशोधनों के माध्यम से किया जा सकता है, जिसमें निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्रों पर प्रतिबंध जैसे प्रावधान हैं जो जनता के बीच तंबाकू की खपत को कम करने में मदद करेंगे और इस प्रकार कई बीमारियों से पीड़ित होंगे। तंबाकू के प्रभाव। इस संबंध में, नियमित परामर्श की आवश्यकता है।

एक बार जब बच्चे गुटखा, खैनी या सिगरेट जैसे तंबाकू उत्पादों के आदी हो जाते हैं, तो उनके लिए इस आदत को छोड़ना अत्यंत कठिन हो जाता है। जबकि इस कमजोर वर्ग की जागरूकता और शिक्षा का प्रसार-प्रचार अनिवार्य है, यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए कि ऐसी पाप सामग्री बच्चों को न बेची जाए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सिगरेट और अन्य तंबाकू सामग्री दुकानों में कैंडी खरीदते समय बच्चों के तत्काल आंखों के संपर्क से बाहर होनी चाहिए।

सीओटीपीए में यह अंतर, जो 'प्वाइंट ऑफ सेल' विज्ञापन और उत्पाद प्रदर्शित करने की अनुमति देता है, का तंबाकू खिलाड़ियों द्वारा बच्चों और युवाओं को लक्षित करने के लिए खुले तौर पर दुरुपयोग किया जा रहा है; इसलिए इस गैप को तुरंत दूर किया जाना चाहिए। कम से कम हम अपनी युवा पीढ़ी के लिए इतना तो कर ही सकते हैं। सरकार को फिल्मों में जो दिखाया जा रहा है, उस पर भी नजर रखने की जरूरत है; और अगर सेलिब्रिटी फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा तंबाकू को बढ़ावा दिया जाता है। मीडिया, अपनी ओर से, तंबाकू के उपयोग को रोकने के अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है।

महामारी के बेकाबू होने से पहले नीति निर्माता और अधिकारी अपने कमजोर और उत्पादक नागरिकों पर तंबाकू के कारण होने वाले स्वास्थ्य खतरों से अपनी नज़र नहीं हटा सकते। आखिरकार, समय पर एक सिलाई नौ बचाता है।

## आप की बात

### कांग्रेस का संकट

**कांग्रेस** के 'नव संकल्प शिविर' में सब कुछ पुराना ही था। पुराने संकल्पों को फिरसे शुरू से दोहराया गया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व व भावी अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के सम्बोधन मे से विपक्ष विरोध की बू आरही थी। बीजेपी का विरोध करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय पार्टियों की तुलना मे कॉन्ग्रेस को बेहतर बताया।अपनी गठबंधन की सरकारों के बारे मे बिना सोचे वे क्षेत्रीय पार्टियों पर तंज कस रहे थे। हाल ही में क्षेत्रीय पार्टी ने अपने बलबुते पर चुनाव जीत कर दिखाए हैं मगर कॉन्ग्रेस बुरी तरह त्रस्त हो चुकी हैं। कॉन्ग्रेस सिर्फ और सिर्फ विरोध की राजनीती तक सिमट कर रह गई हैं। उन्हें देश के भविष्य से कोई लेना देना नहीं हैं उन्हें बस बीजेपी को नीचे दिखाना हैं यही उनकी चुनावी विचारधारा हैं जिसके चलते वे चुनाव लड़ते हैं और हार जाते हैं। चिन्तन शिविर में भी घिसी पिटी बातें दोहराई गई जिससे पार्टी मे सुधार की सम्भावनाए कम हैं। कॉग्रेस जो कभी भारत मे एकतरफा राज करती थी उसकी हालत आज यह होगयी। उसके मुख्य नेता भी अब उसे छोड़ जा रहे हैं, सिर्फ वही बचे हैं जो गांधी परिवार की चाटुकारी करने मे विश्वास रखते हैं। सच यह भी हैं कि कॉन्ग्रेस जनता को यह विश्वास नहीं दिला पा रही कि वो बीजेपी और मोदी का विकल्प हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### मुख्यमंत्री जी ध्यान दें

**उप्र** सरकार द्वारा अपात्र लोगों से राशनकार्ड 20 मई तक जमा करने का निर्देश जारी किया गया है। जो शर्तें अपात्रों के लिये लगाई है। उनमें रंगीन टीवी और बाइक अंत्योदय एवम पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के लिये उचित नही है। कुछ गरीब लोगों को दहेज में रंगीन टीवी और बाइक मिली है। जिनसे कोई आय नही होती। टीवी से मनोरंजन और बाइक का उपयोग इमरजेंसी में काम आता है। तमाम लोग बाइक से मजदूरी करने बाइक से सस्ते में चले जाते हैं। फैक्टरी में भी मजदूरी 5 से 6 हजार मासिक में लोग काम करते हैं। शहरों में भी प्रतिदिन काम नही मिलता। बाइक और रंगीन टीवी की शर्त से गरीब आदमी असमंजस की स्थिति में है। सरकार के इस निर्णय से आमजन परेशान। इसलिये मेरा मुख्यमंत्री योगी से निवेदन है कि ग्रामीण गरीबों के लिये इस शर्त को हटाइये। मैं उन्नाव जिले के एक गांव मे खड़ा हूं, जिसमें 125 घर व 85 कार्ड हैं। सरकार की शर्तों के अनुसार 5 राशन कार्ड धारक ही पात्र हैं। सरकार द्वारा अपात्रों के राशन कार्ड काटने की मांग मैं स्वयं कर रहा था। उन लोगों को राशन नही मिलना चाहिये। जो सक्षम हैं। उन गरीबों को राशन मिलना चाहिये। जिनके पास थोड़ी जमीन है और खाने वाले ज्यादा।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### गेहूं निर्यात पर रोक

**भारत** सरकार के गेहूं निर्यात रोकने के निर्णय से अंतरराष्ट्रीय जगत में हलचल मची हुई है। मगर हमारे देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न की भारी कमी को देखते हुए सरकार के गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के निर्णय को गलत नहीं कहा जा सकता है। और सरकार द्वारा खरीदी केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में गेहूं नहीं खरीद पाने के कारण समझ में आ गया कि आने वाले समय में खाद्यान्न संकट गहराने वाला है! अंतरराष्ट्रीय जगत को तो भारत द्वारा गरीबों को मुफ्त में वितरित किए जाने वाले अनाज को लेकर भी आपत्ति है और वह कह रहे हैं कि टीके की तरह मुफ्त अनाज वितरण नहीं किया जाना चाहिए। यह भारत का अंदरूनी मामला है। और सरकार का पहला कर्तव्य देश की विशाल आबादी का पेट भरना है! इसके लिए निर्यात पर रोक लगाने के निर्णय को उचित कहां जाएगा! हम मैक्सिकन लाल गेहूं के अकाल के समय को नहीं भूले हैं! जबकि उसके बाद देश की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है! और सरकार को देश में सभी प्रकार के खाद्यान्न का भरपूर स्टॉक बनाकर रखना ही होगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भाजपा** और प्रधानमंत्री मोदी दो हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं, एक अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**नाटो** में शामिल होने वाले देशों को प्रतिक्रिया की उम्मीद करनी चाहिए।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**भारत** और नेपाल की मित्रता से पूरी मानवजाति को लाभ होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# विधानसभा में ई-विधान लागू करने की तैयारी पूरी



## ओम बिड़ला आज करेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम व ई-विधान का शुभारंभ



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला यूपी विधानसभा के नवनिर्वाचत विधायकों के लिए संसदीय प्रशिक्षण कार्यक्रम व ई-विधान का शुक्रवार को शुभारंभ करेंगे। दो दिनी इस कार्यक्रम में संसदीय अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नेता विधायकों को संसदीय परंपराओं, नियमों, शिष्टाचार व आचरण के बाबत नियमों की जानकारी देंगे। विधानसभा मंडप में शुक्रवार को यह आयोजन होगा। कार्यक्रम में पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अंत में लोकसभा अध्यक्ष का संबोधन होगा। दूसरे सत्र में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना संसदीय आचरण व शिष्टाचार विषय पर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी कार्यस्थगन, शून्य प्रहर के बारे में तथा पूर्व मंत्री लक्ष्मी कांत वाजपेयी औचित्य के प्रश्न पर विचार रखेंगे तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित सदस्यों को बताएंगे कि कैसे संसदीय प्रश्न पूछे जाएं। अगले दिन 21 मई को विधानभवन के तिलक हाल में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष का संबोधन होगा।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● विधायकों की सीट तय, लगाए गए टैबलेट

**विधानसभा** के 23 मई से शुरू होने जा रहे बजट सत्र से ई-विधान लागू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधानसभा सचिवालय ने सदन में पेपरलेस कार्यवाही संपादित कराने की व्यवस्था की है। सदन में सभी विधायकों की सीटें तय करने के साथ-साथ उस पर टैबलेट भी लगा दिए गए हैं जिसके जरिये वह सवाल-जवाब समेत अन्य कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। नगालैंड के बाद यूपी दूसरा प्रदेश है जहां पर सदन की कार्यवाही पूरी तरह से पेपरलेस होगी। गुरुवार को सीएम योगी ने इसका निरीक्षण किया। 18 वीं विधान सभा के सदस्यों को 21 मई को सदन में एनआईसी के विशेषज्ञों द्वारा ई-विधान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के जरिए सदस्यों को बताया जाएगा कि किस तरह विधान सभा मंडप में पेपरलेस कार्यवाही संपादित की जाएगी और उन्हें टैबलेट के जरिये कैसे सदन में अपनी भागीदारी करनी है। विधान के जरिए यूपी विधानसभा की कार्यवाही का ऑनलाइन संचालन किया जाएगा। हर विधायक की सीट के सामने मेज पर सिस्?टम लगाया गया है। पहले सत्र से ही सदन का बदला हुआ नजारा दिखेगा। ई-विधान के लोकार्पण के दौरान आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का छपरा, दिघवारा होकर पटना तक विस्तार का प्रस्ताव

● योगी से सांसद राजीव प्रताप रुडी ने की मुलाकात

● पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से सारणवासियों को होगा लाभ, योगी का जताया आभार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सारण** सांसद ने अपने लखनऊ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र सारण के तट पर सिताब दियारा क्षेत्र को बाढ़ से मुक्ति दिलाने में विशेष सहयोग करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया और वार्तालाप के दौरान मुख्यमंत्री से कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के इस भाग का कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश की सीमा में भी पड़ता है जो आपके संरक्षण में विकसित हो रहा है। इसके लिए सांसद ने योगी के प्रति आभार जताया। विदित हो कि जेपी की भूमि सिताबदियारा का एक भाग बिहार में तो दूसरा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। उत्तर प्रदेश और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से सिताब दियारा के यूपी और बिहार दोनों भाग को बाढ़ से बचाने के लिए 125 करोड़ की लागत से बांध का निर्माण हुआ जिसके कारण सारण के सिताब दियारा क्षेत्र में बाढ़ और कटाव रोकने में मदद मिली। इस संदर्भ मे रुडी ने बताया यह वह पवित्र भूमि है जिसने जेपी जैसा वीर सपूत देश को दियाए जिन्होंने इमरजेंसी का घोर प्रतिरोध किया और अंततः तत्कालीन सरकार को झुकना पड़ा और आपातकाल हटाना पड़ा। इसी भूमि ने उन्हें लोकनायक की भी अमूल्य संज्ञा दी। योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान सांसद रुडी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया क्योंकि यह एक्सप्रेसवे सारण से होकर गुजरेगा जिस कारण सारण के लोगों को इसका विशेष लाभ होगा। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण को गति मिलने से सारणवासियों को होने वाले लाभ पर योगी का आभार जताया और बताया कि किस प्रकार इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से सारणवासियों को लाभ मिलेगा। बलिया से बैरिया-रिविलगंज-छपरा-दिघवारा होते हुए पटना तक कंट्रोल्ड एक्सेस एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी सारण के लोगों को मिलेगी। उद्योग पर्यटन और अन्य क्षेत्र में इस एक्सप्रेसवे से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। मालूम हो कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का विस्तार छपरा होते हुए पटना तक होगा जिसका प्रस्ताव है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण की कारवाई की जायेगी। अब पटना, छपरा से होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से बलिया से जुड़ेगा।

## आजम को अंतरिम जमानत मिलने पर शिवपाल ने जतायी खुशी

**लखनऊ।** सपा के दिग्गज नेता मोहम्मद आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने प्रसन्नता जाहिर की है। शिवपाल ने कहा कि वह घड़ी आ गई है जिसका इंतजार था। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि 'सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयान:।' लंबे अरसे से न्याय की जिस घड़ी की प्रतिक्षा थी वह आज पूर्ण हुई है। आजम खा को सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें व्यवस्था की घोर प्रताड़ना से न्याय मिला है। भारत की न्याय व्यवस्था उम्मीद की एक किरण है। उल्लेखनीय है कि अटकलें लगाई जा रही हैं कि जेल से बाहर आने के बाद आजम खान और शिवपाल सिंह यादव मिलकर कोई नया मोर्चा बना सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुसीबतें बढ़ना निश्चित है। एक ओर जहां शिवपाल सिंह यादव अपने भतीजे अखिलेश यादव से लगातार खिन्न चल रहे हैं वहीं मोहम्मद आजम खान और उनका परिवार भी अखिलेश यादव से आहत है। इन लोगों का यह मानना है कि अखिलेश यादव के स्तर से मोहम्मद आजम खान की रिहाई के लिए कोई प्रयास नहीं किया। आजम खान की शिवपाल से नजदीकी और अखिलेश से नाराजगी का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों जहां उन्होंने सीतापुर जेल में शिवपाल से लंबी मुलाकात की थी वहीं अखिलेश के दूत बनकर पहुंचे सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा से मिलने से इंकार कर दिया था।

## विश्व की बड़ी कंपनियां यूपी में रखेंगी अपना डेटा

**लखनऊ।** विश्व की बड़ी कंपनियां अपना डेटा उत्तर प्रदेश में सुरक्षित रखेंगी। योगी सरकार यूपी को उत्तर भारत का डेटा स्टोरेज का सबसे बड़ा केंद्र बनाने जा रही है। सरकार की योजना प्रदेश में 3 डेटा सेंटर पार्क बनाने की है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अभी तक देश में डेटा स्टोर करने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण ज्यादातर डेटा को सुरक्षित करने के लिए अधिक निर्भरता विदेशों पर थी। इसको देखते हुए योगी सरकार प्रदेश को डेटा सेंटर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। सरकार की योजना प्रदेश में 3 डेटा सेंटर पार्क बनाने की है। डेटा सेंटर पार्क बनने के बाद अपना डेटा देश में सुरक्षित रख सकेंगे। योगी सरकार ने डेटा सेंटर के लिए अलग नीति भी बनाई है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्ष में डेटा सेंटर के क्षेत्र में 20,000 करोड़ के निवेश और तीन डेटा सेंटर पार्क की स्थापना का लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष पहले वर्ष में ही 16,000 करोड़ के निवेश को प्राप्त कर लिया गया है। अभी तक 13 निवेशकों ने 25,848 करोड़ के निवेश के लिए अभिरुचि प्रदर्शित की है। पांच निवेशकों (हीरानन्दानी ग्रुप, अडानी ग्रुप के दो प्रस्ताव, एनटीटी जापान और वेब वर्क्स) के कुल 16,000 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन होने की संभावना है। गौरतलब है कि नेटवर्क से जुड़े हुए कंप्यूटर सर्वर का एक बड़ा समूह डेटा सेंटर होता है। इसके जरिए डेटा को सुरक्षित रखा जाता है। साथ ही प्रोसेसिंग और वितरण के लिए इसका उपयोग किया जाता है। उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोग डेटा का उपयोग करते हैं।

# प्रत्येक जिले में गठित होगी महिला व बाल संगठन की जिला इकाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● महिलाओं व बच्चों की मदद के लिए जिलों में अलग-अलग नामों से मौजूद पुलिस की विभिन्न शाखाओं को किया गया संयोजित

**शासन** ने महिलाओं व बच्चों का उत्पीड़न रोकने और उनके खिलाफ हो रहे अपराधों पर नकेल कसने की दिशा में एक अहम निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिला इकाई का गठन किया जाएगा। जिलों में महिलाओं और बच्चों से संबंधित अलग-अलग नाम से व्यवस्थापित पुलिस की विभिन्न शाखाओं मसलन महिला सहायता प्रकोष्ठ, महिला अपराध शाखा एवं बाल कल्याण (सीएडब्लू) को अब संयोजित और उच्चीकृत कर एक इकाई बनाया गया है। यह इकाई अपने जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की प्रतिनिधि इकाई के रूप में कार्य करेगी।

एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिला महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के तहत संबंधित जिले का महिला थाना एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) नवगठित इकाई के निकट पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। इसका पर्यवेक्षण सम्बधी कार्य जिले के पुलिस प्रभारी द्वारा किया जाएगा। राज्य मुख्यालय पर इस इकाई का अनुश्रवण महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा भी किया जायेगा। जिला महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जिले मे महिला एवं बाल अपराधों की कार्रवाई का अनुश्रवण किया जायेगा तथा उनका डाटा बेस भी तैयार करने में सहयोग किया जाएगा। इसके द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग, आईजीआरएस, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090), सीएम हेल्प लाइन, यूपी-112 इत्यादि से प्राप्त महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतों को अभिलेखित कर प्रभावी निस्तारण की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### इकाई के जिला कार्यालय में होंगे चार अनुभाग

अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि प्रत्येक जिले के महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई के जिला कार्यालय में कार्य के अनुसार 4 अनुभाग बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह अनुभाग क्रमशः महिला संबंधी अपराध का अनुश्रवण (महिला हेल्प डेस्क), महिला सहायता प्रकोष्ठ (परामर्श केन्द्र), महिला सम्मान कोष (आर्थिक सहायता), महिला आयोग एवं महिला बाल सुरक्षा संगठन होंगे। इन सभी इकाइयों का प्रभार कमिश्नरेट-जिले में उपलब्ध पुलिस उपाधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध स्तर के अधिकारी को दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कमिश्नरेट-जनपद स्तर पर पर्यवेक्षण अधिकारी डीसीपी-अपर पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में महिला थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व प्रस्तावित इन सभी चारों अनुभागों के प्रत्येक अनुभाग में एक एक निरीक्षक-उपनिरीक्षक एवं इनके सहयोगार्थ एक मुख्य आरक्षी व तीन तीन आरक्षी तैनात होंगे। इसमें कुल पुलिस बल के कम से कम 50 प्रतिशत महिला अधिकारी-कर्मचारी होंगे।

### ऐसा होगा इकाई का प्रस्तावित संरचनात्मक ढांचा

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन तथा जिला पुलिस में महिला अपराध नियंत्रण के लिए एंव समन्वय व महिला केन्द्रित दृष्टिकोण के उद्देश्य से महिला अपराध इकाई का पुर्न संयोजन आवश्यक है। जिससे पीड़िता को त्वरित एवं एकीकृत सहायता व जानकारी प्राप्त हो सके तथा महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए कार्य करने वाली दोनो इकाइयों के मध्य बेहतर संयोजन स्थापित हो। पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, धारा 304 बी भादवि, 354 भादवि, 376 भादवि, 363/366 भादवि, 458 भादवि जैसे अपराधों का पर्यवेक्षण संबंधित जिले अथवा कमिश्नरेट स्तर से तथा अुनश्रवण महिला बाल एवं सुरक्षा संगठन से कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

# आबादी के बीच स्थित जेलों को किया जाएगा शिफ्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के निर्देश पर कारागार महकमे ने आठ जिलों में आबादी के बीच स्थित जेलों को शहर के बाहर शिफ्ट करने की योजना बनाई है। कारागार विभाग ने बदायूं, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, जौनपुर, मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, रामपुर और वाराणसी में पुरानी जेल की जगह नई जेल के निर्माण के प्रस्ताव को अपनी दो वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक की कार्ययोजना में शामिल किया है। घनी आबादी के बीच स्थित इन जेलों की वजह से अब कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। आबादी की वजह से जेलों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना रहता है। इसके अलावा नागरिकों को भी तमाम तरक की दिक्कतें पेश आती हैं। इन जेलों में ओवरक्राउडिंग की भी समस्या है। बदायुं, शाहजहांपुर व वाराणसी जेल की बंदी क्षमता दो-दो हजार, मुरादाबाद व मुजफ्फरनगर की तीन-तीन हजार, कानपुर नगर की पांच हजार और रामपुर की एक हजार है। इन्हें शिफ्ट करके इनके स्थान पर जो नई जेल निर्मित कराई जाएंगी उनकी बंदी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। कारागार विभाग ने तीन जिलों अमरोहा, संभल और शामली में जेल निर्माण के लिए जमीन खरीदे जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया है। इस प्रस्ताव को अगले दो से पांच वर्ष में लागू किया जाना है। शसन ने सेंट्रल जेल इटावा को शुरू करने के लिए 332 और बरेली की पुरानी सेंट्रल जेल को फिर से शुरू करने के लिए 402 पद सृजित करने का फैसला 100 दिनों के अंदर लिए जाने की तैयारी की है। अमेठी, महोबा, हाथरस, भदोही में भी नई जेलों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाना है।

ओवरक्राउडिंग की समस्या से निपटने के लिए बैरकों व एकल कक्षों का निर्माण भी कराया जा रहा है। कारागार विभाग ने 100 दिनों में 489 बंदी क्षमता के सृजन का लक्ष्य तय किया है।

रेप के आरोपी एसओ को फरार होने का मामला

# सहयोग करने वाले हेडकांस्टेबल सहित चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ललितपुर** जिले के पाली थाने में गैंगरेप पीड़िता से थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज द्वारा रेप किए जाने की गंभीर घटना की जांच कर रही एसआईटी ने इस मामले में लाइन हाजिर किए जाने के बाद से फरार चल रहे एक हेडकांस्टेबल सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी अभियुक्तों पर रेप के आरोपी थानाध्यक्ष को फरार होने में सहायता करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि थाने में रेप की इस घटना का खुलासा होने के बाद आरोपी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज फरार हो गया था। जिसे बाद में पुलिस की टीम ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद तिलकधारी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बुधवार को थाना पाली में तैनात रहे और वर्तमान में लाइन हाजिर चल रहे हेडकांस्टेबल सुनील कुमार निवासी मौदहा जिला हमीरपुर, अशोक सोनी निवासी पाली व उसके भाई हरिराम और ड्राइवर रामनरेश को गिरफ्तार किया है। एसआईटी को जांच में यह पता चला था कि सुनील कुमार, अशोक सोनी व उसके भाई ने अपनी कार से ड्राइवर रामनरेश के साथ आरोपी थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज को फरार कराया था। इस संबंध में इन चारों के खिलाफ एसआईटी ने मुकदमा दर्ज किया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद एसआईटी ने सभी अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अभी तक थानाध्यक्ष तिलकाधारी के अलावा पीड़िता की मौसी गुलाबरानी, गैंगरेप के आरोपी चंदन, हरीशंकर, महेन्द्र चौरसिया व राजभान, आरोपी चन्दन की माता ज्ञानबाई पत्नी पूरन व चन्दन के भाई धर्मेन्द्र पुत्र पूरन को गिरफ्तार को जेल भेज चुकी है। अब गैंगरेप के इस मामले में आरोपियों की संख्या 6 से बढ़कर 12 पहुंच गई है।

# भाजपा ने चंद पूंजी घरानों के पास बंधक बना दी है देश की अर्थव्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को भाजपा ने चंद पूंजीघरानों के पास बंधक बना दिया है। जनता कंगाल होकर कराह रही है जबकि अमीर हर रोज समृद्धि और सम्पन्नता के नए शिखर छू रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की दंभपूर्ण घोषणा तो दुहराई जाती रही है लेकिन यथार्थ में यह प्रदेश अब हर क्षेत्र में पिछड़ता ही चला जा रहा है। दैनिक आवश्यकताओं की सभी चीजें डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस, बिजली एवं खाने का तेल, खाद्य वस्तुएं सहित अन्य घरेलू सामान महंगा हो गया है। परिवारों का औसत खर्च 4 माह में 43 प्रतिशत बढ़ गया है। बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की दवाई की खरीद करना लोगों की जेब से परे है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई के शिकार लोग बद से बदतर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। आम आदमी के लिए आगे जिंदगी चलाना आसान नहीं रह गया है। अभी गेहूं खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की दर से नहीं हुई है। पांच बड़ी कम्पनियों ने किसानों से गेहूं खरीद लिया और अपने गोदामों में भण्डारण कर लिया। निश्चय ही अब अपनी मुनाफाखोरी की आदत के चलते वे महंगा आटा बेचेंगे। गरीब की रोटी-थाली सब जनता की पहुंच से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास अवरुद्ध है। गड्ढा मुक्त प्रदेश भाजपा सरकार का पहला और सबसे बड़ा अधूरा वादा है। आलम यह है कि सरकार अब गड्ढा मुक्ति की नई तारीख भी नहीं बता रही है। भाजपा सरकार में खस्ता हाल सड़कों की तस्वीर भी नहीं बदली। बारिश से पहले मरम्मत नहीं हुई तो सड़क तालाब की शक्ल में नज़र आएगी।

# पुलिस के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

● उन्नाव व बिजनौर में ट्रैफिक पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार करने के मामले में चार गिरफ्तार

**पाययिर समाचार सेवा।** लखनऊ



प्रदेश के विभिन्न जिलों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की घटनाओं को कार्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने गंभीरता से लिया है। डीजीपी के निर्देश के बाद उन्नाव और बिजनौर में हुई पुलिस कर्मियों के साथ हुई घटनाओं के संबंध में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने कहा है कि पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को अंजाम देने और जनता की सेवा करने वाले पुलिस कर्मियों के मान-सम्मान की प्रदेश दशा में रक्षा की जाएगी। विधि की संपूर्ण शक्तियां ऐसे अराजक तत्वों के विरुद्ध अपने कठोरतम रूप में प्रभावी होंगी जो पुलिसकर्मियों के विधि पूर्ण कार्यों में बाधा पहुंचाकर दुर्व्यवहार करते हैं। ऐसे तत्वों को तत्काल गिरफ़्तार कर कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीती 17 मई को उन्नाव में ट्रैफिक पुलिस कर्मी से वाहन चेकिंग के दौरान दुर्व्यवहार कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में नामजद तीन आरोपियों को उन्नाव पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार बिजनौर में बीती 18 मई को को ट्रैफिक पुलिसकर्मी से चेकिंग के दौरान अभद्रता करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया।

# 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले दागी कर्मचारियों को दी जाए अनिवार्य सेवानिवृत्ति

● 30 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नोएडा



**दो दिवसीय** दौरे पर गुरुवार को नोएडा पहुंचे प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण की गई 30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी, कर्मठता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने नोएडा अथॉरिटी की पहली बैठक में ही सख्त रवैया अपनाते हुए 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले दागी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य सेवा निवृत्त किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की दागी अधिकारियों और कर्मचारियों का किसी भी कीमत पर सेवा विस्तार न किया जाए। मंत्री नंदी ने प्राइवेट बैंकों में कम ब्याज पर धनराशि रखने पर सवाल किया जिसका अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के बोर्ड मीटिंग के निर्णय वे देखेंगे। जो प्रस्ताव आए अस्वीकृत कर दिए गए या पारित किए गए। इसकी पूरी जानकारी दी जाए। अधिकारियों ने नक्शा पास किए जाने के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाधिक सर्विसेस प्रॉपर्टी सेक्टर में आती है इसमें निदान के लिए सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई है। पहले 60-70 दिन में जो कार्य होते थे अब 10-12 दिन में हो रहे हैं। अधिकारियों से पूछा कि भ्रष्टाचार की शिकायतों के निवारण के लिए क्या-क्या कार्रवाई की गई।

नक्शा पास करने के सिस्टम की जांच के लिए मंत्री नन्दी ने पिछले कुछ दिनों में पास हुए पांच नक्शों और निरस्त हुए नक्शों की पत्रावली अधिकारियों से मांगी। मंत्री नंदी ने सॉफ्टवेयर की वजह से एमसी होने में डिले करने वाले अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके कारण मैप स्वीकृत करने में विलंब हुआ। मंत्री नन्दी ने कहा कि जनमानस को सुविधा प्रदान करना हमारा दायित्व है। बुकलेट हर माह की 5 तारीख को अवश्य आ जाया करे। दागी अफसर जिनके विरुद्ध एक-दो बार कार्रवाई हो चुकी है उन्हें अनिवार्य सेवा निवृत्त करें। अधिकारियों ने मंत्री नन्दी को बताया कि 4500 शहरों की रैंकिंग में नोएडा 150 वें स्थान से इस वर्ष चौथा, प्रथम और 11 वां स्थान है। ओवरऑल 11 वां स्थान है। औद्योगिक विकास मंत्री ने नोएडा में 30 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें आरसीसी नाला निर्माण व ब्रिक वर्क, वेटलैंड सेक्टर-91, दो एफओबी, दो पिंक टॉलेट शामिल हैं।

# राज्य में बीसी-सखियों के लिए साड़ियां खरीदेगी यूपी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● यूपी हैंडलूम देगा बीसी सखियों को 1 लाख से अधिक निफ्ट डिजाइन की साड़ियां

**महिलाओं** को सशक्त बनाने और राज्य में हथकरघा बुनकरों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा करने के दोहरे उद्देश्य को पूरा करते हुए, योगी सरकार बीसी-सखियों को निफ्ट रायबरेली द्वारा डिजाइन की गई एक लाख से अधिक साड़ियां देगी। हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार बीसी सखी योजना के तहत काम करने वाली महिलाओं को वर्दी के रूप में दो हैंडलूम साड़ियां उपलब्ध कराएगी। इसके लिए सरकार हैंडलूम बुनकरों द्वारा बनाई गई साड़ियों को खरीदेगी। काम में शामिल बुनकरों को डीबीटी के जरिए 750 रुपये प्रति साड़ी मजदूरी दी जाएगी। यूपी हैंडलूम के एमडी केपी वर्मा ने बताया कि बीसी-सखी के रूप में काम करने वाली 58,000 महिलाओं में से प्रत्येक को सरकार द्वारा दो साड़ियां दी जाएंगी। निफ्ट द्वारा भेजे गए डिजाइनों को मुख्यमंत्री ने पहले ही मंजूरी दे दी है और साड़ियों की बुनाई का काम प्रगति पर है। प्रत्येक साड़ी की कीमत 1934.15 रुपये और विभाग को 1.16 लाख साड़ी और ड्रेस सामग्री के लिए 22,43,61,400 रुपये की राशि जारी की गई है। यूपी हथकरघा विभाग ने इस संबंध में पांच उत्पादक कंपनियों को साड़ियां बनाने का काम सौंपा है जिनमें से 3 वाराणसी जिले से और एक-एक मऊ और आजमगढ़ से हैं। यूपी हथकरघा पहले ही लगभग 537 बुनकरों को 1.20 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुका है और 12,837 से अधिक साड़ियां तैयार हैं।

# कारागार राज्यमंत्री की सपा विधायक से नोकझोंक

**● ब्लॉक परसेंडी में बैठक के दौरान हंगामा, गरमाई सियासत जमकर वार-पलटवार**

**● कारागार राज्यमंत्री बोले ब्लॉक में नजर न आएं जेई पुष्पेन्द्र वर्मा व आलोक सिंह**

अरूण सिंह 'आचार्य'। लहरपुर सीतापुर



**विकास खंड** परसेंडी में क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक में सियासत खूब गरमाई। ब्लॉक प्रमुखी का संचालन बाहरी लोगों द्वारा किए जाने को लेकर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही का गुस्सा फूटा और उन्होंने मंच से बाकायदा जेई व उसके साथी के हवाले बीडीओ को चेतावनी दी। बयानबाजी का दौर चला तो लहरपुर से सपा विधायक अनिल वर्मा और कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के बीच तकरार भी हुई। वार पलटवार शुरू हुआ तो दोनों ओर से से जमकर शब्दबाण चलाए गए। एक तो पारा 41 डिग्री ऊपर से सियासी तीर चले तो परसेंडी का माहौल बेहद गर्म रहा। बहरहाल, बैठक में तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई और विकास का खाका भी खींचा गया। परसेंडी की बैठक में आज यह नौबत क्यों आई पहले इस पर थोड़ी रोशनी डाल लेते हैं। दरअसल, परसेंडी में ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र पासी हैं। लेकिन ब्लॉक का संचालन परसेंडी में तैनात अवर अभियंता ललित वर्मा के साथी जेई पुष्पेंद्र वर्मा जो कि निलंबित हैं और गोंडा से सम्बद्ध हैं द्वारा किया जाता है। जेई पुष्पेन्द्र वर्मा का इसमें उसका एक अन्य साथी आलोक सिंह सहयोग करता है। परसेंडी के कुछ बीडीसी व प्रधानों ने इन लोगों पर भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का आरोप लगाया। बताया जाता है कि ऊंची पहुंच के कारण इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती उल्टे शिकायत करने वालों को यह लोग धमकाते भी हैं। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने बीडीसी राकेश कुमार यादव की शिकायत पर टीएस रजिस्टर तलब किया तो मौके पर नहीं मिला। इसके बाद कारागार राज्यमंत्री ने जब मंच से बोलना शुरू किया तो इसी मुद्दे को लेकर वह एकाएक तेवर में आ गए और बीडीओ को खूब खरी खेटी सुनाई। जेई पुष्पेन्द्र वर्मा तथा आलोक सिंह पर गुंडा एक्ट लगवाने की चेतावनी दी। बीडीओ को हिदायत देते हुए कहा कि यह दोनों अगर ब्लॉक में दिखे तो उनकी खैर नहीं। बैठक में लहरपुर के सपा विधायक अनिल वर्मा ने संबोधन के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधा तो कारागार राज्यमंत्री को नागवार गुजरा। पास में ही बैठे कारागार राज्यमंत्री ने विधायक की बात काटते हुए कहा कि हम यहां विकास पर चर्चा करने आए हैं, गलत बयानबाजी करने नहीं। बात इतने पर ही खत्म नहीं हुई। सपा विधायक अनिल वर्मा के संबोधन से नाराज कारागार राज्यमंत्री ने माइक संभाला और जमकर पलटवार किया। कारागार राज्यमंत्री बोले वह भूल गए कि उनकी सरकार में हालात क्या थे। हंगामा, वार पलटवार और गर्म सियासत के बीच बैठक में विकास के तमाम बिंदुओं नाली, खडंजा, इंटरलॉकिंग, शौचालय, आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि पर भी चर्चा हुई। कारागार राज्यमंत्री ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए बीडीओ परसेंडी आत्म प्रकाश रस्तोगी, एपीओ मनरेगा सुधांशु कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू, प्रधान उदयराज सिंह, एपीओ सुधांशु कुमार, जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी, प्रधान मनजीत सिंह, प्रधान परसेंडी अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## परशुराम सेना ने की ताजुश्शरिया का उर्स रोकने की मांग

**बरेली।** परशुराम सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और ताजुश्शरिया का उर्स जो 6 व 7 जून को होने बाला है । उसका विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की जा रही है और एक नई परंपरा डाली जा रही है परशुराम सेना का विरोध करती है परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और वीर महाकाल सेवा समिति के अजय साहू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया कहा कि 6 व 7 जून होने वाले ताजुश्शरिया के उस पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए एक नई परंपरा है इस परंपरा को रोकने और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करवाने की मांग की है । वर्ष 2019 में एक बार भी अनुमति नही देने पर जून में दोबारा 2022 में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि हाईकोर्ट के आदेश की सीधी अवहेलना है उनका की परशुराम सेना विरोध करती है और नई परंपरा ना डाली जाए इसके लिए परशुरासेना विरोध करती है।

## क्विक न्यूज

### दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक घायल

**संडीला(हरदोई)।** दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली सड़क दुर्घटना लखनऊ हरदोई रोड पर ग्राम बेगमगंज के पास हुई। बताया जाता है कि बुद्धवार की रात लगभग पौने आठ बजे दो बाइक सवार युवक लखनऊ रोड पर जा रहे थे। बेगमगंज के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गयी। बाद में उनकी शिनाख्त 21 वर्षीय सूर्यप्रकाश पुत्र सर्वेशकुमार गौतम निवासी बड़ेलखेड़ा थाना कासिमपुर तथा 24 वर्षीय जयसिंह वर्मा पुत्र रामकुमार निवासी मोहल्ला रामनगर थाना माधौगंज के रूप में हुई। दूसरी सड़क दुर्घटना बांगरमऊ रोड पर हुई। बताया जाता है कि थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम हसनापुर निवासी 25 वर्षीय संजय अपनी पत्नी सुनैना की दवा लेने के लिए संडीला आया था। वापस लौटते समय ग्राम कहली के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे सजय और उसकी पत्नी सुनैना दोनो घायल हो गए। ट्रामा सेंटर ले जाते समय संजय की मौत हो गयी जबकि सुनैना को गंभीर हालत में ट्रामासेंटर में भर्ती कराया गया है।

### युवती को जिला अस्पताल में छोड़कर प्रेमी हुआ फरार

**बरेली ।** विवाह का झांसा देकर शादी शुदा युवक ने युवती के साथ रेप किया और इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन डॉक्टर को उस पर शक हो गया तब वह युवती को छोड़कर फरार हो गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर का रहने वाला लालू पटेल पुत्र प्रेम पान आज दोपहर प्रेम नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जहां युवती ने बताया कि उसके पेट में दर्द हो राय डॉक्टर ने उसकी जांच की तो पता चला कि युवती गर्भवती है शक होने पर डॉक्टरों ने लालू पटेल से पूछताछ की तब वह युवती को अस्पताल में ही छोड़कर बहाने बना कर फरार हो गया युवती के साथ आयी उसकी छोटी बहन ने बताया कि उसकी उसकी बड़ी बहन की जान पहचान लगभग 5 माह पूर्व लालू पटेल से हुई थी उसने खुद को अविवाहित बताते हुए उसकी बहन से विवाह करने का वादा किया था इसी दौरान उसने उसकी बहन का शारीरिक शोषण किया और जब उसकी बहन को पता चला कि लालू पटेल पहले से ही शादीशुदा है तव उसनें लालू पटेल के घर से अपने घर भागने की कोशिश की लेकिन लालू ने उसे अपने घर के कमरे में बंधक बना लिया उसके साथ दुराचार किया जिससे युवती के पेट में दर्द होने लगा तब आज दोपहर लालू उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों को उस पर शक हो गया तब वह को बचाने के लिए मौके से फरार हो गया।

### यातायात जागरूकता रैली निकाली



**संडीला(हरदोई)।** लोगों की यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं ने भाग लिया। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज से निकाली गई इस जागरूकता रैली को प्रधानाचार्य डॉ0 ओमप्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का नेतृत्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने किया। रैली में शामिल छात्रों ने रास्ते में बिना हेल्मेट के वाहन चला रहे लोगों को रोक कर उन्हें हेल्मेट लगाने का अनुरोध किया। छात्रों ने उनसे कहा कि उनका जीवन उनके परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। अपने परिवार की सुख शांति और अपने प्राणों की रक्षा के लिए वे हेल्मेट लगाकर चलें। इस रैली में वरिष्ठ प्रवक्ता अजय शुक्ला, पीटीआई रामदयाल, स्काउट शिक्षक यशवंत सिंह, कुमारी रेनु के अलावा पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम आदि मौजूद रहे।

# सिधौली तहसील कार्यालय में व्यापारी के आत्मदाह के प्रयास से मचा हड़कंप

**● व्यापारी ने लगाया जेई विद्युत पर रिश्वत मांगने का आरोप**

**● एसडीएम दफ्तर के परिसर में ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों की सक्रियता से टल गया बड़ा हादसा**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** सिधौली तहसील कार्यालय परिसर में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शख्स वहां पहुंचा और खुद पर डीजल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे दबोच लिया। सुरक्षा कर्मियों की सक्रियता से एक बड़ा हादसा तो टल गया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने सिस्टम पर कई सवाल खड़े कर दिए। आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यापारी ने विद्युत विभाग के जेई पर कनेक्सन काटने और फिर 18 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। एसडीएम सिधौली पंकज प्रकाश राठौर ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। दरअसल, सिधौली के मोहल्ला विवेक नगर में रहने वाला पवन रस्तोगी की बाजार मे शैलून का सामान बेचने की दुकान है। पवन के मुताबिक उसकी दुकान पर एक किलो वाट का कॉमर्शियल बिजली का कनेक्शन है। व्यापारी पवन के मुताबिक गुरुवार को वह एक निजी अस्पताल में भर्ती था, उधर दुकान पर जेई विद्युत टीम समेत चेकिंग करने पहुंचे और कनेक्सन काट दिया। पवन के मुताबिक सूचना पर जब वह दुकान पहुंचा तो जेई ने 18 हजार रुपये मांगे। इसी से आहत होकर उसने आत्मदाह जैसा कदम उठा लिया। हांलाकि एसडीएम दफ्तर के सामने खुद पर डीजल उड़ेलकर पवन माचिस से आग लगा पाता इससे पहले सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उधर, सिधौली विद्युत उपकेंद्र के जेई धीरेद्र सिंह का कहना है कि इस व्यापारी की दुकान पर एक किलो वाट का बिजली का कनेक्शन है, चेकिंग के दौरान तीन किलो वाट का लोड पाया गया। छत के ऊपर केबल कटा पाया गया। कार्यवाही ना की जाए इसका दबाव बनाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। बहरहाल, एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

# शहर में गरजा बुलडोजर, भड़के व्यापारी, हंगामा व तीखी झड़प

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाना शुरू किया तो व्यापारी भड़क उठे। अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने प्रशासन और पुलिस अफसरों पर जमकर भड़ास निकाली। व्यापारियों में आक्रोश देख अफसर बचाव करते और समझाते दिखाई दिए। बहरहाल, हंगामे और नोंक झोंक के बीच शहर की बाजार में बुलडोजर लगातार गरजता रहा। हांलाकि इस पूरी कार्रवाई के दौरान कई बार माहौल तनाव पूर्ण नजर आया। मगर सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के बीच मेगा मार्ट, हीरो एजेंसी समेत कई प्रतिष्ठानों के अवैध अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया गया। शहर के आंख अस्पताल चौराहे से गुरुवार की दोपहर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। अग्रवाल हीरो एजेंसी, पंजाब फोटो स्टेट, गन हाउस, मेगा मार्ट समेत लालबाग चौराहे तक कचहरी वाली साइड में अवैध अतिक्रमण हटावाया गया। इस दौरान नाले पर पक्के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। दुकानों के बोर्ड व अस्थाई निर्माण भी हटवाकर नाला के ऊपर का हिस्सा साफ कराया गया। इस दौरान कई बार व्यापारियों का आक्रोश भी फूटा, व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया। व्यापारियों का आरोप है कि कार्रवाई निष्पक्ष नहीं की जा रही बल्कि भेदभाव किया जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी से व्यापारियों की नोंक झोंक भी हुई। बहरहाल आपाधापी और छिटपुट विरोध के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए अफसरों ने दोबारा अतिक्रमण न करने की व्यापारियों को हिदायत भी दी।

# विद्यालय में बाउंड्री वाल, क्लास में टाइल्स व बेंच की व्यवस्था के निर्देश



**● बीडीओ ने जांच में दी नसीहत**

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय भड़िया का निरीक्षण किया गया। ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी से विद्यालय की बाउंड्रीवाल बनवाने, क्लास रूम में टाइल्स लगवाने व बच्चों के बैठने हेतु बेंच आदि की व्यवस्था कराने के संबंध में वार्ता की गई। खंड विकास अधिकारी द्वारा स्वयं विद्यालय का निरीक्षण कर उपरोक्त कार्य कराने को कहा गया है। ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय में इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण करवाया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय के सौंदर्यीकरण व अन्य संसाधनों की उपलब्धता शीघ्र करने को कहा गया है। आज से प्राथमिक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो रहा है। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया एवं पेन दिया गया। अवकाश में भी बच्चों को घर पर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम प्रधान राजेश कुमार व अध्यापक सरबजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक की मेहनत से बदल गई विद्यालय की सूरत

**● छात्र संख्या में भी हुआ इजाफा**

**● परिषदीय विद्यालय गदनिया बना बेस्ट स्कूल आफ द वीक**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**पलिया ब्लॉक** के परिषदीय विद्यालय गदनिया ने शिक्षा के मामले में नई मिशाल पेश की है। ऐसा मानना जिला प्रशासन का है। जिला प्रशासन के मुताबिक स्कूल के शिक्षक आए दिन नवाचार करते रहते हैं। शिक्षकों के प्रयासों से विद्यालय में एक गार्डन बनाया गया। देखते ही देखते गार्डन के पेड़-पौधे विकसित होने लगे। हरी सब्जियों से लेकर औषधि, फल भी स्कूल में ही उगने लगे हैं जिससे स्कूल में चलने वाला मेस के लिए मीनू के आधार पर बच्चों को स्कूल में उगने वाली सब्जियों ही खाने में दी जा रही हैं। नतीजा यह है कि गांव के लोग अब प्राइवेट स्कूल छोड़ सरकारी की ओर रूख कर रहे हैं। इस विद्यालय को बेस्ट स्कूल आफ द वीक के लिए चयनित किया गया।

जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेसनोट के मुताबिक ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत गदनिया में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय को देखकर कोई नहीं कह सकता कि यह भी एक शासकीय स्कूल होगा। स्कूल में प्रवेश करते ही स्वच्छता अपने आप में विद्यालय की व्यवस्थाओं को दर्शाती हुई नजर आएगी। विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में जो संसाधन और सुविधाएं मौजूद हैए वे निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ रही हैं। विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था एवं हरे भरे बगीचे ने निजी स्कूलों को पछाड़ने का काम किया है। निजी स्कूलों के बच्चे भी इस विद्यालय में दाखिला लेने के लिए आतुर रहते हैं। विद्यालय में बच्चों के पीने के पानी के लिए आरओ एवं फ्रीजर लगा हुआ है। यहां पर दूर.दराज से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ रहे हैं।

### प्रधानाचार्य ने वेतन से रखा चौकीदार

**खीरी** के सुदूरवर्ती ब्लॉक पलिया के संपूर्णानगर रोड पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के गदनिया के प्रधानाचार्य गौतम कुमार मिश्र बताते हैं कि विद्यालय आबादी से दूर होने के कारण रोपित पौधों व विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं सामान को सुरक्षित रख पाना किसी चुनौती से कम न था। इसलिए उन्होंने अपने वेतन से तीन हजार के मासिक भुगतान पर एक चौकीदार रखा। जो न केवल विद्यालय की रखवाली करता है बल्कि उनके विद्यालय में रोपित पौधों को देखभालए मिड डे मील के सामान सहित पूरे विद्यालय की सुरक्षा करता है।

# बिना एनओसी चल रहे ईट भट्टे पर प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

**● अवैध ासंचालकों में मचा हड़कंप**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद खीरी** में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के नेतृत्व व निर्देशन में जन समस्याओं का तत्परता पूर्वक निस्तारण किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी सदर राजेश कुमार ने उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी के बिना संचालित एक ईट भट्ठे की शिकायत का संज्ञान लेकर भट्टे का संचालन बंद कराया। इससे अन्य भट्ठा मालिकों में हड़कंप मच गया।

उपजिलाधिकारी सदर राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए शिकायत मिली कि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी बगैर अपोलो ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। एसडीएम ने शिकायत का संज्ञान लेकर शिकायत की जांच के लिए एक टीम गठित की। गठित टीम में खनन अधिकारी सुरेंद्र सिंह नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह क्षेत्रीय लेखपाल एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अफसर शामिल है। टीम ने स्थलीय जांच की। शिकायत सही पाए जाने पर गठित टीम ने जेसीबी के जरिए कच्ची ईंटों को न केवल नष्ट किया बल्कि अवैध भट्ठे के संचालन को बंद कराया। वही पूरे मामले की रिपोर्ट एसडीएम सदर को सौंपी।

# पेज एक का शेष

### रोड रेज...

सजाएं हो सकती हैं पीठ ने कहा कि हाथ अपने आप में एक हथियार भी हो सकता है जब कोई मुक्केबाज, पहलवान या क्रिकेटर या शारीरिक रूप से बेहद फिट कोई व्यक्ति प्रहार करे। न्यायालय ने अपने 24 पन्नों के फैसले में अपराध की गंभीरता और सजा के बीच उचित अनुपात बनाए रखने की आवश्यकता पर विचार किया। इसने कहा कि किसी आपराधिक अपराध के संबंध में उचित सजा का सिद्धांत सजा का आधार है। शीर्ष अदालत ने 15 मई 2018 को सिद्धू को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने तथा मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज कर दिया था, लेकिन इसने उन्हें एक वरिष्ठ नागरिक को चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया था।

### आतंकी फंडिंग...

अधिकारियों को मलिक पर जुर्माना लगाए जाने के लिए उसकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए और सजा की अवधि पर दलीलों के लिए मामले की सुनवाई के वास्ते 25 मई की तारीख तय की। मलिक ने अदालत में कहा था कि वह खुद के खिलाफ लगाए आरोपों का विरोध नहीं करते हैं। इन आरोपों में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी कृत्य), 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश) और धारा 20 (आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षडयंत्र) और 124-ए (राजद्रोह) शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट...

करने का अनुरोध किया। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि विभिन्न मस्जिदों को सील करने के लिए देशभर में कई अर्जियां दायर की गई हैं और वाराणसी में ज्ञानवापी मामले में सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में वजूखाना के पास एक दीवार को ध्वस्त करने के लिए अर्जी दाखिल की गई है। अहमदी ने कहा कि वह किसी वकील के स्वास्थ्य के आधार पर सुनवाई स्थगित किए जाने का विरोध नहीं कर सकते, लेकिन एक हलफनामा दिया जाना चाहिए कि हिंदू श्रद्धालु दीवानी अदालत में कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर आवश्यक है तो मामले की सुनवाई कर रही निचली अदालत आज ऐसा करने से परहेज कर सकती है, जब तक कि न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई नहीं कर ले।

### वाराणसी की...

बृहस्पतिवार को की जानी थी। मंगलवार को रेखा पाठक, मंजू व्यास और सीता साहू ने अदालत में अर्जी देकर कहा था कि जहां कथित शिवलिंग मिला है, उसके पूरब की ओर दीवार में तहखाना है, जिसे ईंट, पत्थर और सीमेंट से बंद कर दिया गया है। उन्होंने अर्जी में दावा किया कि नंदी जी के मुख के सामने वाले तहखाने को ईंट पत्थर बालू , बांस बल्ली मलबा से ढंक दिया गया है।

### सर्वेक्षण रिपोर्ट...

दी है। रिपोर्ट में क्या है यह मुझे बताने का अधिकार नहीं है। अब रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही अदालत करेगी। विशाल सिंह ने कहा कि वीडियोग्राफी और स्टिल फोटोग्राफी के साथ दस्तावेज भी जमा किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह मेरी तरफ से अंतिम रिपोर्ट है। अगर अदालत को लगता है कि यह पर्याप्त है तो ठीक है, अन्यथा किसी और आवश्यकता के लिए अदालत के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री घर-घर...

इस योजना पर केंद्र सरकार ने पत्र भेजकर आपत्ति जाहिर की थी। केंद्र सरकार का कहना था कि, राशन का वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत होता है। इसमें किसी तरह के बदलाव के लिए कानून में बदलाव करना होगा और ऐसा करने का अधिकार सिर्फ संसद के पास है। वहीं दिल्ली सरकार घर-घर राशन पहुंचाने के लिए दलील देती रही है। उनका मानना है कि पात्रों को घर पर राशन मिलेगा और लोगों को दलालों से मुक्त भी मिल जाएगी।

### गुजरात में...

खोदालधाम ट्रस्ट (एसकेटी) के चेयरमैन तथा राजकोट के अग्रणी उद्योगपतियों में से एक हैं। बैठक में शिरकत करने वाले एक कांग्रेस नेता कहा ' हम नरेश पटेल के फार्म पर नाश्ते पर मिले। यह शिष्टाचार भेंट थी, उससे ज्यादा कुछ नहीं। यह बैठक आधे घंटे तक चली थी।' नरेश पटेल ने भी इसे शिष्टाचार भेंट करार दिया। उन्होंने कहा 'दो दिन पहले रघु शर्मा ने मुझे कॉल कर मिलने की इच्छा जताई थी। शर्मा के मुझसे मिलने की इच्छा जताए जाने के बाद कुछ कांग्रेस विधायक भी मेरे संपर्क में आ गए।

### कांग्रेस आयोजित...

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्तर पर राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) का भी गठन होगा, जिसमें संबंधित राज्य के 8-10 वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उदयपुर के चिंतन शिविर में पीएसी के गठन का फैसला हुआ था। वहीं देश में धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के मकसद से निकाली जाने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा लगभग 3500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और इसमें समाजिक सौहार्द का संदेश देने के साथ-साथ संविधान, धर्मनिरपेक्षता और सरकारी संपत्तियों को बचाने का भी आह्वान किया जाएगा।

### उच्चतम न्यायालय...

मौजूदा रिट याचिका पर सुनवाई नहीं करते। याचिकाकर्ता को कानून में उपलब्ध उपायों का सहारा लेने का निर्देश दिया जाता। हालांकि, मौजूदा मामले में तथ्य बहुत असमान्य हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कहा कि हालांकि इस मामले में प्राथमिकी 18 मार्च 2020 को दर्ज की गई और आरोपपत्र 10 सितंबर 2020 को दाखिल किया गया, जबकि खान को एक साल सात महीने बाद, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-रामपुर द्वारा छह मई 2022 को जारी आदेश के बाद अब जाकर आरोपी बनाया गया। न्यायालय ने कहा, ऐसा नहीं है कि जो आरोप याचिकाकर्ता के खिलाफ अब लगाए गए हैं वे उस वक्त नहीं लगाए जा सकते थे।

### मस्जिद हटाने...

दावा किया है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के बीच हुआ समझौता अवैध है। याचिका में उक्त करार को भी अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि रंजना अग्निहोत्री ने राम जन्मभूमि अयोध्या प्रकरण में भी अदालत में वाद दायर किया था। दूसरी ओर, बुधवार को सिविल जज की अदालत में अखिल भारत हिन्दू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने एक नया प्रार्थना पत्र पेश किया। इसमें उन्होंने शाही ईदगाह को भगवान श्रीकृष्ण मंदिर का कथित गर्भगृह बताते हुए वहां जलाभिषेक करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

### भारतीय मुक्केबाज...

पहला दौर आसानी से जीता लेकिन जुटामस ने दूसरे दौर में मजबूत वापसी की। थाईलैंड की मुक्केबाज ने जरीन को अपने से दूर रखने में सफलता हासिल की और दूसरा दौर खंडित फैसले में जीता। दोनों मुक्केबाजों के बीच अधिक अंतर नहीं था और ऐसे में स्ट्रैंथ और स्टेमिना अहम साबित हुआ। जरीन ने दाएं हाथ से दमदार मुक्के बरसाते हुए अंतिम दौर में मुकाबला अपने पक्ष में मोड़ दिया। विजेता की घोषणा होने के बाद जरीन अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं। वह खुशी में कूदने लगी और अपने आंसू नहीं रोक पाई।

### जीएसटी परिषद...

अनुच्छेद 279 (1) को शामिल करना यह इंगित करता है कि संसद का इरादा सिफारिशों के लिए था। जीएसटी परिषद सिर्फ एक प्रेरक की तरह है, क्योंकि जीएसटी व्यवस्था का उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना था। पीठ ने कहा कि भारतीय संघवाद की महत्वपूर्ण विशेषताओं में से राजकोषीय संघवाद शामिल है और 2014 के संशोधन विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण, संसदीय रिपोर्टों और भाषणों से संकेत मिलता है कि संविधान के अनुच्छेद 246ए और 279ए राज्यों और केंद्र के बीच सहकारी संघवाद और सद्भाव को बढ़ाने के मकसद से पेश किए गए थे।

### निर्णय से...

संशोधन के अनुसार जीएसटी परिषद की सिफारिशें हमेशा एक मार्गदर्शन थीं और इनका पालन अनिवार्य नहीं था। बजाज ने कहा, जीएसटी कानून कहता है कि परिषद सिफारिश करेगी और इसमें आदेश देने की बात कहीं नहीं है। यह एक संवैधानिक निकाय है। संविधान द्वारा बनाया गया कार्यकारी निकाय, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल हैं, जो सिफारिश करेगा और उसकी सिफारिश के आधार पर हमने जीएसटी पर अपने कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यहां तक कि जहां राज्य सहमत नहीं थे, और लिखित रूप में एक असहमति जताई थी, उन मामलों में भी उन्होंने परिषद द्वारा उल्लिखित तरीके से सिफारिशों को लागू किया।

# दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा है भारतः मोदी

**भाषा।** वड़ोदरा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कोविड महामारी और वैश्विक अशांति व संघर्षों के बीच एक सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश आज दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा है और वह समस्याओं का समाधान पेश कर रहा है। गुजरात के वड़ोदरा शहर में कुंडलधाम स्थित स्वामीनारायण मंदिर और करेलीबाग के स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित युवा शिविर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह एक ऐसे नए भारत के निर्माण में जुटे हैं जिसकी पहचान नई हो, जो भविष्य की ओर देखता हो लेकिन उसकी परम्पराएं प्राचीन हों। उन्होंने कहा, ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे। जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। मोदी ने कहा, कोविड महामारी के संकट के बीच दुनिया को टीके और दवाइयां पहुंचाने से लेकर बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला के बीच आत्मनिर्भर भारत की उम्मीद तक, वैश्विक अशांति और संघर्षों के बीच शांति के लिए एक सामर्थ्यवान राष्ट्र की भूमिका तक, भारत आज दुनिया की नई उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के खतरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत ही है जो इसके समाधान को नेतृत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज पूरी मानवता को योग का रास्ता दिखा रहा है और उसे आयुर्वेद की ताकत से परिचित करवा रहा है। उन्होंने कहा, हम सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस तक, एक नए भविष्य के लिए तत्पर देश के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने भारत की इन सफलताओं का श्रेय देश के युवाओं की सामर्थ्य को दिया और बढ़ती जनभागीदारी का



जिक्र करते हुए कहा कि पहले जो लक्ष्य असंभव माने जाते थे, भारत उन क्षेत्रों में आज बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है। इस कड़ी में उन्होंने स्टार्टअप का उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र में भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है और इसका नेतृत्व भी देश के युवा ही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, शास्त्रों ने हमें सिखाया है कि किसी भी समाज का निर्माण, समाज की हर पीढ़ी में निरंतर चरित्र निर्माण से होता है और उसकी सभ्यता, उसकी परंपरा, उसके आचार-विचार, व्यवहार एक प्रकार से संस्कृतिक विरासत की समृद्धि से होता है। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति का सृजन, उसकी अगर कोई पाठशाला है, उसका अगर कोई मूल बीज है तो वो हमारे संस्कार होते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार अभ्युदय शिविर देश के युवाओं के अभ्युदय के प्रयास के साथ ही समाज के अभ्युदय का भी एक स्वाभाविक पवित्र अभियान है। मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारे नसीब में देश के लिए मरने का सौभाग्य नहीं मिला है, लेकिन देश के लिए जीने का सौभाग्य तो मिला ही है। तो देश के लिए जीना चाहिए, कुछ ना कुछ देश के लिए करना चाहिए। देश के लिए कुछ करना मतलब छोटी-छोटी चीजों से यह कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अगर 15 अगस्त, 2023 तक डिजिटल लेनदेन करें और नकदी का व्यवहार ना करें तो वह देश में एक बड़ी क्रांति ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक छोटे से प्रयास से ना जानें कितने लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है।

### क्वाड शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए तोक्यो जाएंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को तोक्यो में क्वाड नेताओं के तीसरे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में क्वाड नेताओं को हिंद-प्रशांत के घटनाक्रम, समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में संवाददाताओं को बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वे आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष के साथ भी द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वच्छता, कुपोषण से बच्चों को मुक्त कराने और प्लास्टिक के कचरे से मुक्ति सहित अन्य विषयों पर जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने नागालैंड की एक युवती तिमसुतुला ईमसोंग का उल्लेख किया, जो उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पढ़ाई कर रही थी और कहा कि जब वह स्वच्छता अभियान चला रहे थे तो वह अकेले ही काशी के घाट साफ करने लगी थी। उन्होंने कहा कि बाद में कई लोग उसके साथ जुड़ गए। उन्होंने कहा, इससे संकल्प-शक्ति का परिचय मिलता है। प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि देश की सहायता करने के लिए बिजली बचाने या प्राकृतिक खेती को अपनाने जैसे छोटे उपाय किए जाने चाहिए।

# भाई-बहन की पार्टी बन कर रह गयी है कांग्रेसः नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में विचारधारा किनारे हो गई और परिवार सामने आ गए हैं जबकि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस अब ना तो राष्ट्रीय, ना भारतीय और ना ही प्रजातांत्रिक रही बल्कि भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। लोकतांत्रिक शासन के लिए वंशवादी राजनीतिक दलों के खतरे विषय पर यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे नड्डा ने आरोप लगाया कि पारिवारवादी पार्टियों में एक व्यक्ति का हित सर्वोपरि रहता है और ऐसे दल लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मुंबई स्थित थिंक टैंक रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी (आरएमपी) के तत्वाधान में आयोजित एक संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में नड्डा ने कांग्रेस पर करारा प्रकार करते हुए और देश के तमाम क्षेत्रीय दलों की फेहरिस्त गिनाते हुए कहा कि संविधान जन्म के आधार पर किसी प्रकार के भेदभाव की इजाजत नहीं देता लेकिन ऐसे दलों में नेतृत्व के बारे में फैसला जन्म के आधार पर लिया जाता है और दूसरों को नजरअंदाज किया जाता है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, इंडियन नेशनल लोक दल, सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और शिव सेना सहित विभिन्न राजनीतिक दलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ए क्षेत्रीय पार्टियां अब परिवारवादी पार्टियों में तब्दील गई हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को दीदी- भतीजे की पार्टी बताया और कहा कि झारखंड में बाबू जी (शिबू सोरेन) के बुजुर्ग होने के बाद बेटे (झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) ने पार्टी संभाल ली है। नड्डा ने कहा, जो परिवारिक पार्टियां हैं, उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना होता है। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। इनके कार्यक्रम भी लक्ष्यविहीन होते हैं। इसी क्रम में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, कांग्रेस भी अब ना तो राष्ट्रीय रही, ना भारतीय और न ही प्रजातांत्रिक रही, यह भी भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की ओर था। नड्डा ने कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक दल है जो विचारधारा और कैडर आधारित है,



जिसमें फैसले लोकतांत्रिक आधार पर लिए जाते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियों का लक्ष्य किसी भी तरह से सत्ता में आना होता है और इसके लिए वे ध्रुवीकरण से भी गुरेज नहीं करते, वह चाहे जाति के आधार पर हो या धर्म के आधार पर हो। उन्होंने दावा किया, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को ताक पर रख दिया जाता है और सत्ता पाने के लिए ध्रुवीकरण किया जाता है।

नड्डा ने क्षेत्रीय दलों के उभार के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया और आरोप लगाया कि प्रमुख विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रीय राजनीति में अपने प्रभुत्व के दौरान क्षेत्रीय आकांक्षाओं को तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एकता और विविधता में विश्वास रखती है और राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत बनाए रखते हुए क्षेत्रीय आकांक्षाओं को भी तवज्जो देती है। नड्डा ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय पार्टियों में धीरे-धीरे कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और अब उन क्षेत्रीय पार्टियों में विचारधारा किनारे हो गई है तथा परिवार आगे आ गए हैं। उन्होंने कहा, इस तरह से क्षेत्रीय पार्टियां, परिवारवादी पार्टियों में बदल गई हैं। जो परिवारिक पार्टियां हैं, उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना होता है। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। इनके कार्यक्रम भी लक्ष्यविहीन होते हैं। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल की महत्ता का उल्लेख करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक दल अगर स्वस्थ हों तो प्रजातंत्र स्वस्थ रहता है और अगर वह अस्वस्थ हैं तो प्रजातंत्र अस्वस्थ हो जाता है और इससे धीरे-धीरे प्रजातांत्रिक व्यवस्था पर आघात होने लगता है। संगोष्ठी में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, केंद्रीय मंत्री व जनता दल यूनाईटेड के आरसीपी सिंह, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के एम थंबी दुरई और भाजपा के राज्यसभा सदस्य विनय सहस्रबुद्धे सहित कई नेता उपस्थित थे।

# ईडी ने अश्लील फिल्म से जुड़े मामले में राज कुंद्रा के खिलाफ धन शोधन की जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अश्लील फिल्मों से जुड़े मामले में धनशोधन को लेकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में कारोबारी और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को 2021 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कम से कम दो प्राथमिकियों और अदालत में दायर आरोप पत्र का अध्ययन करने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक शिकायत दर्ज की है।

कुंद्रा और उनके सहयोगी रयान थोर्पा को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी। कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ईडी विशेष रूप से कोष के लेनदेन और कथित अपराध से अर्जित पैसे की जांच करेगा जो आरोपियों और अन्य ने इन फिल्मों के निर्माण और बिक्री के जरिए कमाए हो सकती हैं। 46 वर्षीय कुंद्रा को पिछले साल मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया था। कारोबारी ने पिछले साल मुंबई की एक स्थानीय अदालत को बताया था कि अभियोजन पक्ष के पास उन्हें कथित अश्लील फिल्मों के प्रसारण के लिए इस्तेमाल किए गए ऐप हॉटशॉट्स से जोड़ने लायक सबूत तक नहीं हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, हॉटशॉट्स ऐप का इस्तेमाल आरोपियों ने अश्लील सामग्री को अपलोड करने और प्रसारित करने के लिए किया था। पुलिस ने कहा था कुंद्रा के फोन में आर्थिक लेनदेन के बारे में व्हाट्सएप चैट थे। इस बातचीत से यह भी पता चला है कि उन्होंने 119 वयस्क फिल्मों को एक व्यक्ति को 12 लाख डॉलर में बेचने के लिए कथित तौर पर चर्चा की थी।

# जब नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करेंगे, तब होगी उनसे बातचीतः बघेल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करेंगे तभी उनसे शांति वार्ता होगी। बघेल अपनी जनसंपर्क यात्रा भेंट मुलाकात के दूसरे चरण के दौरान बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। जब संवाददाताओं ने बघेल से कहा कि माओवादियों ने सरकार के साथ बातचीत के लिए शर्तें तय की हैं। तब बघेल ने कहा कि बस्तर में इससे अच्छा वातावरण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, सुकमा वह इलाका है जहां से (राज्य में) नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी। अब उन्हें यहां पीछे धकेल दिया गया है और उनका प्रभाव कम हो गया है। अगर वे (नक्सल) बातचीत चाहते हैं, तो हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं, लेकिन केवल एक शर्त पर कि उन्हें संविधान में विश्वास व्यक्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं उनसे किस आधार पर बात क-रूंगा? भारत एक संघीय गणराज्य है, और एक राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते, अगर मैं किसी से आमने-सामने बात करता हूं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरे व्यक्ति को संविधान में विश्वास व्यक्त करना चाहिए। यदि आप भारतीय संविधान में विश्वास नहीं करते हैं तो मैं आपसे बात नहीं कर सकता।

बघेल ने कहा कि वह बातचीत के लिए सुकमा या कहीं भी आएंगे, लेकिन केवल एक शर्त पर कि नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करें। इस महीने की शुरुआत में माओवादियों ने एक बयान में कहा था कि वे सरकार से बातचीत के लिए तैयार हैं। माओवादियों ने इस दौरान जेल में बंद उनके नेताओं की रिहाई और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षा बलों की वापसी की शर्त भी रखी थी।

वहीं राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने माओवादियों की शर्तों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि बातचीत बिना शर्त होगी। अपने जनसंपर्क अभियान के दूसरे चरण के तहत बघेल बुधवार को अपनी सरकार के कामकाज और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंध में लोगों की प्रतिक्रिया लेने के लिए सुकमा पहुंचे थे। बृहस्पतिवार को वह सुकमा से पड़ोसी जिले बीजापुर के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि राज्य के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में नक्सलियों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। बस्तर पिछले लगभग तीन दशकों से अधिक समय से नक्सल समस्या से जूझ रहा है।

# ब्रिक्स को सम्प्रभु समानता एवं क्षेत्रीय अखंडता की प्रतिबद्धता पर खरा उतरना चाहिए : जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने ब्रिक्स समूह की डिजिटल बैठक में बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव के कारण ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उत्पादों की लागत में तीव्र वृद्धि हुई तथा विकासशील देशों को ध्यान में रखते हुए इसे कम किया जाना चाहिए। चीन, रूस एवं दो अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में जयशंकर ने यह भी कहा कि ब्रिक्स ने बार-बार संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान की पुष्टि की है तथा समूह को इन प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरना चाहिए। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद, विशेषकर सीमापार आतंकवाद को लेकर निश्चित रूप से कतई बर्दाश्त न करने का रुख दर्शाना चाहिए। गौरतलब है कि ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) पांच बड़े विकासशील देशों का समूह है जो 41 प्रतिशत वैश्विक आबादी, 24 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी तथा 16 प्रतिशत वैश्विक कारोबार का प्रतिनिधित्व करता है। इस बैठक की मेजबानी चीन ने की है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव के कारण ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उत्पादों की लागत में तेज वृद्धि हुई। विकासशील दुनिया के लिए इसे कम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ब्रिक्स ने बार-बार संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान की पुष्टि की। हमें इन प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर की यह टिप्पणी ऐसे समय में काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है जब एक तरफ पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लम्बा खींच रहा है तो दूसरी ओर यूक्रेन के खिलाफ रूस का सैन्य अभियान भी जारी है।



अगरतला में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर जाने से डूबी हुई गाड़ियां।

### तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक ने दलाई लामा से मुलाकात की

**धर्मशाला (हिप्र)।** तिब्बती मामलों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उजरा जेया ने दलाई लामा से मुलाकात की तथा भारत और अमेरिका में स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र की समृद्ध परंपराओं के बारे में चर्चा की। तिब्बत की निर्वासित सरकार ने एक प्रेस बयान में कहा कि संक्षिप्त वार्ता के दौरान जेया ने दलाई लामा को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिका के लोगों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दलाई लामा के शांति के संदेशों के लिए विश्व की ओर से आभार जताया। तिब्बती नेता पेनपा शेरिंग, नोरजिन डोल्मा और नामगयाल चोयडुप तथा अमेरिका की विशेष समन्वयक के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी शामिल हुए। दलाई लामा ने कहा कि उनकी ओर से सर्वेश्रेष्ठ प्रयास किए जाने के बावजूद तिब्बती लोगों को दिल जीतने और उनका मन बदलने में चीन नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय उन्हें ऐसा लगता है कि चीन के लोग ही तेजी से बदल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### श्रद्धालुओं को दो साल के बाद भगवान जगन्नाथ का स्नान अनुष्ठान देखने की अनुमति

**पुरी।** ओड़ीशा के पुरी मे दो साल के बाद श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ एवं उनके भाई -बहन को स्नान कराने के धार्मिक उत्सव को देखने की अनुमति दी गई है। 12 वी शताब्दि मे निर्मित इस मंदिर के बाहर 14 जून को इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। स्नान यात्रा में जनभागीदारी की अनुमति देने का निर्णय श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने सेवादारों के साथ एक बैठक के बाद लिया। पिछले दो वर्षों से, कोविड-19 के मामलों मे वृद्धि के बीच, श्रद्धालुओं को स्नाना यात्रा मे शामिल होने की अनुमति नही दी जा रही थी। एसजेटीए के अधिकारी दुर्गा दास महापात्र ने बताया कि इस बार श्रद्धालु 14 जून को ग्रैंड रोड से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, भगवान सुदर्शन और देवी सुभद्रा के साथ-साथ स्नान वेदी के दर्शन कर पाएंगे। उसी दिन इन देवताओं को हाती भेस (हाथी पोशाक) से सजाया जाएगा। हालांकि, एसजेटीए ने अभी तक एक जुलाई को रथ यात्रा मे श्रद्धालुओं की भागीदारी पर कोई फैसला नही किया है।

### चेक बाउंस मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अदालत गठित करें: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के मामलो के त्वरित निस्तारण के लिए एक सितंबर से पांच राज्यो मे सेवानिवृत्त न्यायाधीश के साथ विशेष अदालतो के गठन का निर्देश बृहस्पतिवार को दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट ने कहा कि महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान मे बड़ी संख्या मे लंबित मुकदमो को देखते हुए परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत इन राज्यो मे विशेष अदालते गठित की जाएगी। पीठ ने कहा, हमने पायलट अदालतो के गठन के संबंध मे न्याय मित्र के सुझावो को शामिल किया है और हमने समय सीमा भी दी है। यह एक सितंबर 2022 के बाद से शुरू होनी है। पठी ने कहा कि इस अदालत के महासचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि मौजूदा आदेश की प्रति सीधा इन पांच उच्च न्यायालयो के महापंजीयक को मिले, जो उसे तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने अपने महासचिव को इस आदेश के बारे मे इन राज्यो के उच्च न्यायालयो के महापंजीयक को सूचित करने का निर्देश दिया और उन्हे इसके अनुपालन पर 21 जुलाई 2022 तक एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

### सीएम के खिलाफ टिप्पणी पर केपीसीसी प्रमुख के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर आगामी त्रिक्काकरा विधानसभा उपचुनाव के संबध मे कथित तौर पर घृणित टिप्पणी करने के आरोप मे केपीसीसी अध्यक्ष के.सुधाकरण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कार्वाई सुधाकरण द्वारा की गई कथित टिप्पणी के दो दिन बाद की है। कांग्रेस ने इस कार्वाई की निंदा करते हुए कहा कि यह मामला कानूनन नही टिकेगा। पुलिस ने सुधाकरण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 153 (दंगा भड़काने के लिए उकसाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पलारिवत्तम पुलिस ने यह कार्वाई एक माकपा कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले मे आगे की कार्वाई के बारे पर बाद मे फैसला किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विजयन के धुर विरोधी सुधाकरण ने हाल मे एक ऑनलाइन चैनल को दिए गए साक्षात्कार मे कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। साक्षात्कार का वीडियो वायरल होने के बाद माकपा नेताओं ने सुधाकरण से मामले मे माफी की मांग की। वही, केपीसीसी ने बृहस्पतिवार को उसके अध्यक्ष के खिलाफ की गई पुलिस कार्वाई की निंदा की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने यह कार्वाई त्रिक्काकरा मे हार के डर से की है। केपीसीसी महासचिव यू राधाकृष्णन ने यहां जारी एक बयान मे कहा कि कांग्रेस की मंडलम समितियों द्वारा पूरे राज्य मे पुलिस कार्वाई के खिलाफ मार्च निकाला जाएगा।


### सर्वोच्च न्यायालय हेमंत सोरेन के खिलाफ जांच से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यो तथा साथियो द्वारा चलाई जा रही कुछ छद्म कंपनियो को खनन पट्टो की कथित मंजूरी को लेकर सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय की जांच से जुड़ी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी की दलीलो पर गौर किया कि यह एक गंभीर मामला है, जिसमे जांच एजेंसी नोटिस जारी करने से पहले झारखंड उच्च न्यायालय मे सीलबंद लिफाफे मे दस्तावेज दाखिल कर रही है। उन्होने दलील दी कि जांच एजेंसी दूसरे पक्ष को भी यह दस्तावेज नही दे रही है। इस पर पीठ ने कहा, हम इसे कल सूचीबद्ध करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं मे से एक ने कहा, यह गंभीर मामला है। झारखंड उच्च न्यायालय मे एक जनहित याचिका दाखिल की गई है जिसे अभी स्वीकार नही किया गया है।

# भाजपा या आप में शामिल होने पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया: हार्दिक पटेल

**अहमदाबाद।** कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने के एक दिन बाद पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी में अपने तीन साल बर्बाद कर दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्होंने आप या भाजपा में शामिल होने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। पटेल (28) ने अयोध्या मामले में भाजपा की भूमिका की सराहना की और अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त करने के लिए भी पार्टी की प्रशंसा की। कांग्रेस का कोई दृष्टिकोण नहीं है और पार्टी के नेता गुजराती लोगों से पक्षपात करते हैं। गुजरात में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और पटेल ने बुधवार को यह कहते हुए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं का ध्यान अपने मोबाइल फोन में लगा रहता है और गुजरात कांग्रेस के नेता उनके लिए चिकन सैंडविच का प्रबंध करने में लगे रहते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह



भारतीय जनता पार्टी या आप में शामिल हो सकते हैं, पटेल ने कहा, मैंने अभी तक किसी राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है चाहे वह भाजपा हो या आप। मैं जो भी फैसला लूंगा, जनता के हितों को देखते हुए लूंगा। पटेल के अनुसार, कांग्रेस से उनकी सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि जुलाई 2020 में पार्टी की प्रदेश इकाई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने के बावजूद उन्हें कोई सार्थक भूमिका नहीं दी गई। यह तथ्य है कि कांग्रेस को 2017 विधानसभा चुनाव में पाटीदार आरक्षण आंदोलन (जिसका नेतृत्व पटेल ने किया था) के कारण बहुत फायदा हुआ था। कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने के बावजूद मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। मुझे पार्टी की अहम बैठकों में भी नहीं बुलाया जाता था। पार्टी ने तीन साल में मेरी एक प्रेस वार्ता तक आयोजित नहीं की। कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी कभी हिंदुओं के मुद्दों, जैसे कि सीएए या वाराणसी की मस्जिद में मिले (कथित) शिवलिंग आदि पर कुछ नहीं बोलती। पटेल ने कहा, अयोध्या मामले में सत्तारूढ़ भाजपा के प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए। मैंने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया था और मेरे परिवार ने राम मंदिर निर्माण के लिए 21 हजार रुपए दान भी दिए थे। भाजपा ने अनुच्छेद 370 को हटाकर भी अच्छा काम किया। जो अच्छा है उसे अच्छा कहने में मुझे कोई संकोच नहीं। गुजरात कांग्रेस में जातीय राजनीति बहुत ज्यादा होती है और इसी आधार पर चुनाव में टिकट वितरण तथा पार्टी के पदाधिकारियों की नियुक्ति होती है।

# भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही, तुगलकी राज चला रही : ममता

**झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल)।** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले को लेकर जारी विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश में तुगलकी राज चला रही है। ममता ने केंद्र पर यह भी आरोप लगाया कि पह राजनीतिक हिसाब-किताब चुकता करने के लिए संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकारी नौकरियों की भर्ती में कई विसंगतियां थीं और वह उससे जुड़ी जानकारी जल्द साझा करेंगी। एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा देश में तुगलकी शासन चला रही है और देश को बांटने की कोशिश कर रही है। वे केंद्रीय एजेंसियों को नियंत्रित कर रहे हैं और उनका इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रहे हैं। ममता ने 14वीं सदी के दिल्ली सल्तनत



के शासक मुहम्मद-बिन-तुगलक का जिक्र करते हुए यह कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा, नियुक्तियों में विसंगतियों को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। अगर किसी ने कुछ गलत किया है, तो कानून अपना काम करेगा। किन्तु, यह दुष्प्रचार अभियान बंद होना चाहिए। वाम मोर्चे की सरकार के दौरान एक कागज के टुकड़े पर नाम लिखकर देने से ही नौकरी मिल जाती थी। मैं इन अनियमितताओं का जल्द खुलासा क-रूंगी। पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में नियुक्तियों में पाई गई कथित अनियमितता के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी से बुधवार शाम तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर चटर्जी सीबीआई के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए थे। अदालत ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं को सार्वजनिक घोटाला करार दिया था। ममता ने कहा कि अगर कुछ गलत है, तो इसे उचित कानून के माध्यम से ठीक किया जाना चाहिए। लेकिन अगर भाजपा को लगता है कि वह हमें क्रूरता के साथ बलपूर्वक चुप करा सकती है, तो यह गलत है। ममता ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव हार गई, लेकिन उसे (भाजपा को) अब ऐसा लगता है कि वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कुछ जनाधार बना सकती है। ममता ने कहा कि भाजपा ने देश के सभी संस्थानों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी ने राज्य को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार अभियान चलाया है।

# अनाज का वितरण कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए: भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने अनाज** की कीमतों में अनुचित वृद्धि के बीच उसकी जमाखोरी और वितरण में भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को पश्चिमी देशों से आह्वान किया कि अनाज का बंटवारा कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए। उसने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के उसके फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि वह जरूरतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने बुधवार को यहां कहा, कम आय वाले विभिन्न वर्ग आज अनाज की बढ़ती कीमतों और उनकी पहुंच तक मुश्किल की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि



विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन

पर्याप्त भंडार वाले भारत जैसे देशों ने खाद्यान्न में अनुचित वृद्धि देखी है। यह साफ है कि जमाखोरी की जा रही है। हम इसे ऐसे ही चलने नहीं दे सकते। मुरलीधरन ग्लोबल फूड सिक्योरिटी कॉल टू एक्शन पर मंत्री स्तरीय बैठक में बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने की। यह बैठक ऐसे

### ● गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध का मामला

समय में हुई है जब भारत ने गत शुक्रवार को झुलसाने वाली गर्मी के कारण गेहूं की कमी के बीच बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने की कवायद में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इस फैसले का मकसद गेहूं और गेहूं के आटे की खुदरा कीमतों को काबू में करना है, जो पिछले एक साल में औसतन 14 से 20 फीसदी तक बढ़ गई है। साथ ही इसका उद्देश्य पड़ोसी और कमजोर देशों की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है। विदेशी व्यापार महानिदेशालय ने पिछले सप्ताह एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार की अनुमति के आधार पर गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी जाएगी। भारत ने उच्च स्तरीय बैठक में संयुक्त राष्ट्र में पहली बार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के मुद्दे पर अपनी बात रखी। मुरलीधरन ने कहा कि भारत सरकार गेहूं की वैश्विक कीमतों में अचानक आई वृद्धि को स्वीकार करती है, जिससे हमारी और हमारे पड़ोसियों तथा अन्य कमजोर देशों की खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। हमारी अपनी खाद्य सुरक्षा से निपटने तथा पड़ोसी और अन्य कमजोर विकासशील देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हमने 13 मई 2022 को गेहूं के निर्यात के संबंध में कुछ उपायों की घोषणा की। भारत ने पश्चिमी देशों से आह्वान किया और उन्हें आगाह किया कि अनाज का मुद्दा कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए।

## कान फिल्म महोत्सव में दिखाई जाएंगी रहमान की दो फिल्में

भाषा। कान (फ्रांस)

**कान फिल्म** महोत्सव में अगले एक सप्ताह के दौरान कई भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार भारत कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में इस महोत्सव का सह मेजबान है। कान फिल्म मार्केट में दिखाई जाने वाली फिल्मों में, दो बार ऑस्कर जीत चुके संगीतकार ए. आर. रहमान की निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म ला मस्क शामिल है। इस फिल्म को एक्स आर कार्यक्रम के तहत प्रदर्शित किया जाएगा। रहमान की पत्नी सायरा के विचारों पर आधारित इस फिल्म में हैप्टिक्स जैसी तकनीक का प्रयोग किया गया है। महोत्सव के इंटरनेशनल विलेज के इंडिया पैविलियन के बाहर रहमान ने मजाक में कहा, मैं बाजार में हूं। अंग्रेजी भाषा की 36 मिनट की फिल्म ला मस्क की कहानी एक संगीतकार महिला के जीवन पर आधारित है।



कान फिल्म फेस्टिवल के दौरान भारतीय फिल्म अभिनेत्री एश्वर्या राय व एल फैनिंग पोज देते हुए

## माउंट एवरेस्ट पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित किया गया

भाषा। काठमांडू

**नेशनल ज्योग्राफिक** सोसाइटी के विशेषज्ञ दल ने माउंट एवरेस्ट पर 8,830 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित किया है जिससे मौसम संबंधी अनेक घटनाक्रमों को स्वत: मापा जा सकेगा। नेपाल की मीडिया में बृहस्पतिवार को यह खबर सामने आई। नेपाल के जलविज्ञान और मौसमविज्ञान के विभाग (डीएचएम) ने कहा कि स्वचालित मौसम केंद्र को पिछले सप्ताह पर्वत के शिखर बिंदु (8,848.86 मीटर) से कुछ नीचे स्थापित किया गया है क्योंकि पर्वत की चोटी पर पड़ने वाली बर्फ उपकरण लगाने के लिहाज से कारगर नहीं है। सौर ऊर्जा से संचालित मौसम निगरानी प्रणाली से वायु तापमान, हवा की गति और दिशा, हवा का दबाव, बर्फ की सतह की ऊंचाई में बदलाव आदि मौसम विज्ञान संबंधी घटनाक्रम को मापा जा सकता है।

### यमन के होदेदा बंदरगाह में जहाज पर हमला : ब्रिटिश सेना

**दुबई।** युद्धग्रस्त यमन के तट पर बृहस्पतिवार को लाल सागर में एक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना द्वारा संचालित एक निगरानी समूह ने यह जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन समूह के मुताबिक, हमला बंदरगाह शहर होदेदा में हुआ। समूह ने घटना के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा कि जांच जारी है। अमेरिकी नौसेना के मध्यपूर्व स्थित पांचवें बेड़े ने कहा कि उसे हमले की जानकारी थी, लेकिन उसने आगे किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सऊदी के नेतृत्व वाला गठबंधन मार्च 2015 से ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ युद्ध पर है, जिन्होंने लंबे समय से यमनी राजधानी सना और होदेदा पर कब्जा कर रखा है।

## आतंकवाद पर लगाम कसने के लिए अफगानिस्तान के तालिबान शासन पर है नजर : बिलावल

भाषा। न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के बीच पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन अपनी ज़मीन को आतंकवाद के लिए इस्तेमाल नहीं होने देने की अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता पर खरा उतरेगा। बिलावल ने कहा कि अफगानिस्तान में हो रही घटनाओं का पाकिस्तान में लोगों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। पहली विदेश यात्रा पर कहा कि इस्लामाबाद पड़ोसी देश काबुल में पैदा हो रहे मानवीय संकट के आलोक में कट्टर इस्लामवादियों के साथ साझेदारी की वकालत करता रहेगा। पूर्व आईएसआई प्रमुख और वर्तमान पेशावर कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को अफगानिस्तान में एक बैठक में, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आतंकवादी समूह ने कबायली नेताओं की मांगों पर संघर्ष विराम को 30 मई तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक साक्षात्कार में पाकिस्तानी सेना और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के बीच घोषित संघर्ष विराम के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम न केवल स्थिति पर निगरानी रखते हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से काम करते हैं कि आतंकवाद के खतरे से निपटने की कोशिश कर सकें।

### पाकिस्तान ने यासीन मलिक के खिलाफ आरोप तय करने पर भारतीय दूतावास प्रभारी को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय दूतावास प्रभारी को यहां विदेश मंत्रालय में तलब कर उन्हें आपत्ति संबंधी एक दस्तावेज (डिमार्शे) सौंपा है, जिसमें कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ 'मनगढ़ंत आरोप' लगाए जाने की कड़ी निंदा की गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि कश्मीरी हुर्रियत नेता मलिक फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैद है। बयान में कहा गया भारतीय दूतावास को पाकिस्तान की गंभीर चिंता से अवगत कराया गया कि भारत सरकार ने कश्मीरी नेतृत्व की आवाज़ को दबाने के लिए उन्हें (मलिक को) फर्जी मामलों में फंसाया है।

## बाइडन जापान जाएंगे, प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान जाएंगे और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्वाड में भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। सुलीवन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हमारा मानना है कि यह सम्मेलन यह प्रदर्शित करेगा कि लोकतंत्र काम करता है तथा साथ मिलकर काम कर रहे ए चार देश खुले एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के सिद्धांत की रक्षा करेंगे और उसे बरकरार रखेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि बाइडन तोक्यो में एक नई एवं महत्वाकांक्षी आर्थिक पहल की नींव भी रखेंगे।

## ससंद ने सर्वसम्मति से ब्रिजेट ब्रिंक को यूक्रेन की नई अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** संसद ने बुधवार देर रात ब्रिजेट ब्रिंक को यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने की पुष्टि कर दी। अमेरिका ने अपने राजनयिकों को फिर से कीव भेजने की योजना बनाई है जिन्हें यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई के बीच वापस बुला लिया गया था। पूर्व सोवियत संघ के साए में अपने करियर का बड़ा समय व्यतीत करने वाली, विदेश सेवा की वयोवृद्ध अधिकारी को पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस पद के लिए नामित किया था। औपचारिक मतदान के बिना ससंद में सर्वसम्मति से उनके नाम की पुष्टि की गई। तीन महीने पहले यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई युद्ध शुरू होने पर अमेरिकी राजदूत कीव से वापस लौट आए थे।

### जॉर्डन के नरेश ने सौतेले भाई को नजरबंद करने की औपचारिक तौर पर मंजूरी दी

**यरूशलम।** जॉर्डन के नरेश ने अपने सौतेले भाई के साथ चल रहे विवाद को सार्वजनिक करते हुए उन्हें घर में नजरबंद करने की औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने बृहस्पतिवार को जारी एक सार्वजनिक पत्र में अभूतपूर्व रूप से कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपने सौतेले भाई प्रिंस हमजा को सनकी भी कहा। इस पत्र में किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि उन्होंने प्रिंस हमजा को उनके महल में नजरबंद करने के कदमों को मंजूरी दी है और उनके संवाद-संचार एवं आवाजाही पर रोक लगा दी है।

### पूर्वी तिमोर के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे जोस रामोस होरता

**डिली(पूर्वी तिमोर)।** पूर्वी तिमोर के पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित जोस रामोस-होरता एशिया के सबसे नए देश के राष्ट्रपति के तौर पर बृहस्पतिवार को शपथ लेने वाले है। पूर्वी तिमोर, इंडोनेशिया से अपनी आजादी की 20वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिसने उस पर 1975 में आक्रमण किया था। देश की राजधानी डिली में बैनर-पोस्टर से छाए हुए है। इंडोनेशिया के कब्जे के दौरान प्रतिरोध का नेतृत्व करने वाले रामोस होरता (72) मध्य रात्रि से कुछ ही समय पहले राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

## निवेशकों के 6.71 लाख करोड़ रुपए डूबे


### ● भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1416 अंक टूटा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय बाजार भी बृहस्पतिवार को भारी नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक टूट गया।

बिकवाली के व्यापक रुख के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 2.60 प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहे। विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजारों में लगातार निकासी और रुपए के डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,416.30 अंक यानी 2.61 प्रतिशत का गोता




लगाकर 52,792.23 अंक पर आ गया। यह पिछले दो महीने में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 430.90 अंक यानी 2.65 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 15,809.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6.71 लाख करोड़ रुपए घटकर 2,49,06,394.08 करोड़ रुपए रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में गिरावट हुई। इस दौरान विप्रो का शेयर 6.21 प्रतिशत लुढ़क गया तथा एचसीएल टेक, इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ, आईटीसी का शेयर 3.43 प्रतिशत तक चढ़ गया। साथ ही डॉ रेड्डीज और पावर ग्रिड के शेयर इस दौरान लाभ के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज में अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं के ताजा वित्तीय नतीजों में उच्च खुदरा मुद्रास्फीति का असर देखा गया, जिसके चलते वॉल स्ट्रीट में गिरावट आई। उन्होंने कहा, आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं के साथ-साथ विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली ने स्थानीय शेयर बाजारों में कहर बरपाया। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 2.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 2.29 प्रतिशत लुढ़क गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन के शंघाई को छोड़कर हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के सत्र के दौरान गिरावट में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में भी गिरावट आई थी।

## आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बने विवेक कुमार देवगन

भाषा। नई दिल्ली

ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव विवेक कुमार देवगन को सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। बयान में यह जानकारी दी गई। इससे लगभग एक हफ्ते पहले आरईसी लिमिटेड ने बताया था कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के अध्यक्ष रवींद्र सिंह ढिल्लन को तीन महीने के लिए आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आरईसी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी विवेक कुमार देवगन ने 17 मई 2022 को आरईसी लिमिटेड में सीएमडी पद का कार्यभार संभाल लिया है।

## अप्रैल तक सात माह में चीन का निर्यात 64 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख टन पर : इस्मा

भाषा। नई दिल्ली

**बेहतर मांग के** कारण अक्टूबर 2021 से अप्रैल, 2022 की सात माह की अवधि में चीनी निर्यात 64 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख टन हो गया है। चीनी उद्योग के प्रमुख संगठन इस्मा के अनुसार निर्यात के बढ़ने का कारण वैश्विक बाजारों में भारतीय चीनी की बेहतर मांग का होना है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 43.19 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया था। इस्मा ने बयान में कहा, बंदरगाहों से मिली सूचना और बाजार रिपोर्टों के अनुसार, चीनी के निर्यात के लिए अबतक 85 लाख टन से अधिक के अनुबंध किए जा चुके हैं। इसमें से अप्रैल, 2022 के अंत तक लगभग 71 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है। बाकी 8-10 लाख टन चीनी मई, 2022 में में निर्यात किए जाने की प्रक्रिया में है। इस्मा ने कहा कि उसे मौजूदा विपणन वर्ष 2021-22 में 90 लाख टन से अधिक निर्यात की उम्मीद है, जबकि पिछले वर्ष 71.91 लाख टन निर्यात किया गया था। इस्मा के अनुसार, अधिक गन्ना उत्पादन के कारण अक्टूबर, 2021 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मई तक चीनी का उत्पादन 14 प्रतिशत बढ़कर 348.83 लाख टन हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में चीनी का उत्पादन 304.77 लाख टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस्मा ने कहा, एथनॉल के लिए गन्ना रस अलग किए बिना शुद्ध चीनी उत्पादन पिछले साल की तुलना में 58.07 लाख टन अधिक है।

**PUBLIC NOTICE**

Pl make it known to the general public that my client Sh. Ravi Shanker Thadani, aged 63 years S/o Late Permanand Thadani R/o J-31, Second Floor, Vikas Puri, New Delhi-110018 has disowned & disinherited his son Anil Thadani, aged 33 years S/o Sh. Ravi Shanker Thadani R/o Seattle, USA, from his estate & succession especially due to his (son's) highly disobedient and quarrelsome act, conduct and attitude towards my client and other family members.
My client does not wish to keep any sort of contact and relations with the said son.
Take note that anyone dealing with the said son of my client shall do the same at its own risk and my client shall not be liable there-for.

**Manish Gandhi (Advocate)**
Ch. no. X-6A Civil Wing, TisHazari Courts, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

"Public at large is hereby informed that my client Raj Kumar Madhian S/o.Late Jetha Nand Madhian R/o.H.No.A-2737 2nd Floor front Portion Green Filed Colony, Faridabad, Haryana-121 001 hereby disown, debar and sever all relations with my wife Smt. Sanna Madhian D/o.Shri P.L. Gianchandani, son Harshit Madhian and Rishabh Madhian from all his movable and immovable properties due to their insulting, derogatory, cruel and quarrelsome behavior with my client. Anybody dealing with them shall do so at their own risks and costs. My client shall not be responsible for the same.

ATUL KUMAR SHARMA-ADVOCATE
CH. NO. B-108, B.G.S. BLOCK,
TIS HAZARI COURTS COMPLEX, DELHI -54

**Public Notice**

This is to inform that **Mohd. Aqil Khan**, S/o. Late Natthu Khan, R/o. 24/43, Zakir Nagar, Okhla, New Delhi-110025 is known to me. He has two sons named Mohd. Adil Khan and Mohd. Arif Khan and two daughters, named Shabnam and Zeba.

Mohd. Adil Khan has failed to discharge his duty towards his old father Aqil Khan. As such Aqil Khan had disowned his said son **Mohd. Adil Khan** and had **debarred** him from all his **moveable & immoveable properties.** He had sworn an affidavit declaring this fact on **13th may 2022** and from that day, **Mohd. Adil Khan** has no right, title, ownership on his father's moveable and immoveable properties.

**Adib Fatema Nomani**, Advocate
Chamber No.707, Saket Court,
New Delhi-110017

## मिस्त्री को टाटा संस में प्रमुख के पद से हटाने के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका खारिज

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें साइरस मिस्त्री को टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटाए जाने संबंधी टाटा समूह के निर्णय को बरकरार रखने वाले 2021 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने मार्च 2021 के फैसले में साइरस मिस्त्री के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का आदेश दिया है। टाटा समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि अदालत एक या कुछ वाक्यों को हटाने की अनुमति दे सकती है हालांकि इसका कारण शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह के आवेदन में बताई गई वजहें नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने 26 मार्च, 2021 को मिस्त्री को 100 अरब डॉलर के समूह के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बहाल करने के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को रद्द कर दिया था। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल) में स्वामित्व हितों को अलग करने की मांग वाली शापूरजी पालोनजी समूह की याचिका भी खारिज कर दी थी। मिस्त्री को 2012 में रतन टाटा की जगह टीएसपीएल का अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन चार साल बाद उन्हें हटा दिया गया था।

### रतन टाटा, टाटा संस ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा और टाटा संस ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह की याचिका को खारिज करने का स्वागत किया। एसपी समूह ने अपनी याचिका में साइरस मिस्त्री को टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन पद से हटाए जाने संबंधी टाटा समूह के निर्णय को बरकरार रखने वाले फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया था। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रतन टाटा ने कहा, हम आज उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित और बरकरार रखे गए फैसले की अपनी तरफ से प्रशंसा करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह फैसला हमारी न्यायपालिका की मूल्य प्रणालियों और नैतिकता को पुष्ट करता है। एक अलग बयान में टाटा संस ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश का नम्रता से स्वागत करते हैं। यह एक बार फिर टाटा समूह की स्थिति की पुष्टि करता है।

## वृद्धि अनुमान में कमी के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था: संयुक्त राष्ट्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र की** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है वहीं भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि भी पिछले वर्ष के 8.8 फीसदी की तुलना में कम होकर 2022 में 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में कहा गया

### ● जीडीपी 6.4 फीसदी रहने का अनुमान

कि ऊंची मुद्रास्फीति का दबाव और कामगार बाजार में असमान पुनरुद्धार से निजी उपभोग और निवेश प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने बुधवार को विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2022 में 3.1 फीसदी की दर से वृद्धि करने का अनुमान है जो जनवरी 2022 में जारी 4.0 फीसदी के वृद्धि पूर्वानुमान के मुकाबले कम है। 2022 में वैश्विक मुद्रास्फीति भी 6.7 फीसदी दर से बढ़ने का अनुमान है जो 2010 से 2020 की औसत 2.9 फीसदी के मुकाबले दोगुनी है। खाद्य वस्तुओं और ऊर्जा की कीमतों में भी वृद्धि हो रही है। इसमें कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था के 2022 में 6.4 फीसदी की दर से वृद्धि का अनुमान है जो 2021 की 8.8 फीसदी की वृद्धि दर की तुलना में कम है।

## एचडीएफसी बैंक ने ग्रामीण बैंकिंग को अलग कार्यक्षेत्र बनाया

भाषा। मुंबई

**निजी क्षेत्र के** सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ग्रामीण बैंकिंग को एक अलग कार्यक्षेत्र बनाया है। इसके साथ ही बैंक वित्त वर्ष 2022-23 में दूरदराज के क्षेत्रों और अर्द्धशहरी इलाकों में 1,060 शाखाएं खोलेगा। एक बयान के अनुसार, बैंक ने ग्रामीण बैंकिंग कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए अनिल भवनानी को नियुक्त किया है, जो 19 साल से एचडीएफसी बैंक के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले ग्रामीण बैंकिंग, व्यापक खुदरा शाखा बैंकिंग का ही हिस्सा था।

## सरकार सार्वजनिक नीति का ढांचा बनाने पर ध्यान दे

भाषा। नई दिल्ली

**नीति आयोग** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि संपत्ति का सृजन निजी क्षेत्र का काम है और सरकार को सार्वजनिक नीति ढांचे को खड़ा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने गॉवटेक समिट-2022 को संबोधित करते कहा कि भारत को एक बहुत ही सरल, कुशल और पारदर्शी सरकार की जरूरत है। कांत ने कहा, सरकार



का काम सार्वजनिक नीति के ढांचे को तैयार करना होना चाहिए......संपत्ति बनाना निजी क्षेत्र का काम है। सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि भारत परिवर्तन के एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़ा है और डिजिटलीकरण की पूरी प्रक्रिया बदलाव की यात्रा रही है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा, अगर भारत के पूर्वी हिस्से को पूरी तरह डिजिटल कर दिया जाता है और कामकाज का संचालन काफी आसान हो जाता है, तो देश का पूर्वी हिस्सा वास्तव में एक बहुत ही संवदेनशील सरकार वाला क्षेत्र बन जाएगा।

**पसुपति एक्रिलॉन लिमिटेड**
CIN : L50102UP1982PLC015532
पंजीकृत कार्यालय : काशीपुर रोड, ठाकुरद्वारा, जिला मोरादाबाद (उ. प्र.)
कॉरपोरेट कार्यालय : एम-14, कनॉट सर्कस (मिडिल सर्कल)
नई दिल्ली-110 001, फोन नं. : 91-11-47627400, फैक्स नं. : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com
Quality Assured Company ISO-9001
(रू. करोड़ों मे)

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2022 परीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2021 समीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2021 परीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 परीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2021 परीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 275.81 | 206.60 | 190.13 | 784.27 | 514.23 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों से पहले) | 5.79 | 15.12 | 40.38 | 61.83 | 58.53 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 5.79 | 15.12 | 40.38 | 61.83 | 58.53 |
| 4. | अवधि हेतु कर के बाद शुद्ध लाभ (असाधारण या/और असाधारण मदों के बाद) | 4.54 | 10.93 | 31.31 | 45.89 | 43.05 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय {अवधि हेतु लाभ (कर के बाद) शामिल एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)} | 4.47 | 10.94 | 31.87 | 46.05 | 43.52 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 190.38 | 144.32 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रू. 10/- प्रति) | | | | | |
| | मूल : | 0.51 | 1.23 | 3.51 | 5.15 | 4.83 |
| | तरल : | 0.51 | 1.23 | 3.51 | 5.15 | 4.83 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी {सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ} विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का सम्मपूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाईट (www.pasupatiacrylon.com) और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाईट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

दिनांक : मई 18, 2022
स्थान : नई दिल्ली

कृते पसुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
(हस्ता./-) विनीत जैन
प्रबंध निदेशक

# हुनर हाट के जरिए देश के सभी राज्यों की कला-संस्कृति एक जगह लाई गई

## यह साधारण काम नहीं: बृजेश पाठक

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को कहा कि सभी राज्यों की कला-संस्कृति को एक जगह एकत्र करना साधारण काम नहीं है, जो हुनर हाट के जरिए किया जा रहा है। उन्होंने यह बात आगरा के शिल्पग्राम, ताजगंज में आयोजित 41वें हुनर हाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इसका उद्घाटन केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने की। पाठक ने कहा कि हुनर हाट पूरे देश को एक छत के नीचे देखने का मजबूत माध्यम है। हुनर हाट भारत की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हुनर हाट में देश के कोने-कोने के स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है जबकि यहां देश के हर क्षेत्र के परम्परागत पकवान भी उपलब्ध हैं। पाठक ने कहा कि देश के सभी राज्यों की कला-संस्कृति को एक जगह एकत्र करना साधारण काम नहीं हैं लेकिन हुनर हाट यह सराहनीय कार्य कर रहा है।



**'कौन बनेगा नन्हा कलाम' दूसरे चरण की तहसील स्तरीय परीक्षा आयोजित:**कोंच(जालौन)। 'कौन बनेगा नन्हा कलाम' के दूसरे चरण की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा गुरुवार को एसआरपी इंटर कॉलिज में संपन्न हुई जिसमें सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, 266 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष व नकलविहीन संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।सुबह साढ़े 8 बजे से 10 बजे के बीच संपन्न कराई गई इस परीक्षा में किसी भी तरह की अनुचित सामग्री विद्यालय परिसर में नहीं आने दी गई। परीक्षार्थियों पर भी विद्यालय प्रशासन पैनी निगाहें गड़ाए रहा। बच्चों को सीटिंग प्लान के मुताबिक बिठाया गया था। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक डॉ. हरिपति सहाय कौशिक, परीक्षा समन्वयक सुमित त्रिपाठी, पर्यवेक्षक राकेश विश्वकर्मा, अनुराधा, संगीता आदि व्यवस्थाओं में संलग्न रहे।

## कंगना रनौत के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका पर 21 मई को सुनवाई

**आगरा।** फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा सिद्धांत के विरुद्ध की गई कथित अभद्र टिप्पणी तथा आजादी को भीख में मिली बताने के विरुद्ध दायर पुनरीक्षण याचिका पर 21 मई को सुनवाई होगी। इस याचिका को अवर न्यायालय ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि वादी और राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने अवर न्यायालय में वाद खारिज होने के फैसले को फौजदारी पुनरीक्षण जिला न्यायाधीश विवेक संगल की अदालत में चुनौती दी है जिसपर 21 मई को सुनवाई होगी। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा के अनुसार अवर न्यायालय ने सही तथ्यों को अनदेखा करते हुए आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि वादी ने अवर न्यायालय में 17 नवंबर 2021 को सभी समाचार पत्रों में कंगना की टिप्पणी को लेकर छपी खबरों की मूल प्रतियां प्रस्तुत की थी। साथ ही सीआरपीसी की धारा-200 के तहत स्वयं बयान दर्ज कराए तथा गवाह के तौर पर अधिवक्ता रामदत्त दिवाकर एवं राजेंद्र गुप्ता धीरज ने भी अदालत में दिए बयानों में वाद के तथ्यों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, लेकिन अवर न्यायालय ने यह कहकर वाद खारिज कर दिया कि कंगना ने वादी के विरुद्ध कोई अपमान जनक टिप्पणी नहीं की है।

## काशी के कण-कण में बसे हैं भगवान शिव, उन्हें किसी ढांचे की जरूरत नहीं: कंगना



**वाराणसी।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर कहा कि भगवान शिव काशी के कण-कण में बसे हैं और उन्हें अपना अस्तित्व जाहिर करने के लिए किसी ढांचे की जरूरत नहीं है। कंगना ने बुधवार को अपनी आगामी फिल्म धाकड़ की सफलता के लिए अपनी टीम के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। काशी विश्वनाथ मंदिर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मामले के बारे में पूछे जाने पर कंगना ने संवाददाताओं से कहा ' जिस तरह भगवान कृष्ण मथुरा के और भगवान राम अयोध्या के एक-एक कण में मौजूद हैं, उसी तरह भगवान शिव भी काशी के कण-कण में व्याप्त हैं। उन्हें किसी ढांचे की जरूरत नहीं है' कंगना ने हर हर महादेव कहकर अपनी बात समाप्त की। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर के नजदीक स्थित है। दिल्ली की राखी सिंह तथा वाराणसी की पांच महिलाओं की याचिका पर एक दीवानी अदालत ने परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराने के निर्देश दिए थे। सर्वे के आखिरी दिन 16 मई को हिंदू पक्ष ने मस्जिद में बने वजू खाने में कथित शिवलिंग मिलने का दावा किया था। इसके बाद अदालत के आदेश पर उस स्थान को सील कर दिया गया है।

## अदालत ने जारी किया आजम खां की रिहाई का परवाना

**रामपुर।** उच्चतम न्यायालय से बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत मंजूर होने के बाद एक विशेष स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां की रिहाई के लिए सीतापुर कारागार प्रशासन को पत्र (परवाना) भेज दिया है। खां के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि एमपी-एमएलए अदालत ने एक-एक लाख रूपए के दो मुचलके जमा करने को कहा था, जिन्हें बृहस्पतिवार को दाखिल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद अदालत ने आजम खां की रिहाई का परवाना (पत्र) जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं है कि परवाना बृहस्पतिवार रात पहुंचेगा या शुक्रवार सुबह पहुंचेगा, लेकिन इसे जारी किया जा चुका है। संभावना जताई जा रही है कि आजम खां शुक्रवार सुबह सीतापुर जेल से रिहा हो सकते हैं। गौरतलब है कि आजम खां भ्रष्टाचार तथा कई अन्य मामलों में पिछले 27 महीने से सीतापुर की जेल में बंद हैं। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उन्हें अंतरिम जमानत दे दी। इसके साथ ही उन्हें अब सभी 88 मुकदमों में जमानत मिल चुकी है और उनकी रिहाई का रास्ता फिलहाल साफ हो गया है।

## एसएसपी कार्यालय के सामने खुद को आग लगाने वाले किसान की मौत

बदायूं । भाषा

**आत्महत्या का** प्रयास करने वाले किसान किशनपाल (52 वर्ष) की बरेली के एक निजी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की सुबह मौत हो गई। किशनपाल मूल रूप से बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव रसूलपुर बिलहरी के निवासी थे। उल्लेखनीय है कि दबंगों द्वारा फसल में आग लगाने के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना करने से परेशान होकर किशनपाल ने बुधवार दोपहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के द्वार पर पेट्रोल छिड़ककर खुद को जला लिया था। गंभीर रूप से झुलसी हालत में किशनपाल को बरेली के श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. ओपी सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान बरेली के श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में किशनपाल की बृहस्पतिवार सुबह मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया किशनपाल की फसल जलाने वाले आठ नामजद आरोपियों में से सात को पुलिस ने रात में ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक व्यक्ति अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है।उन्होंने बताया कि मृतक किशनपाल और आरोपी पक्ष एक ही परिवार के हैं। सिंह ने कहा कि पुलिस ने किशनपाल के साथ कोई पक्षपात नहीं किया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज किया गया था और किशनपाल के विरोधी पक्ष के विरुद्ध कार्यवाही भी की गई थी।एसएसपी ने बताया कि बरेली रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रमित शर्मा ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। जिसका नेतृत्व बरेली के पुलिस अधीक्षक नगर करेंगे जो एक आईपीएस अधिकारी हैं। उनका सहयोग बदायूं के पुलिस अधीक्षक नगर प्रवीण सिंह चौहान करेंगे।उल्लेखनीय है कि इस मामले में एसएसपी बदायूं ने थाना सिविल लाइंस के थाना प्रभारी, मंडी समिति पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी और बीट के दो सिपाहियों समेत पांच को घटना के तत्काल बाद निलंबित कर दिया था।

## कानपुर में नवविवाहित जोड़े की घर के अंदर गला रेतकर हत्या

**कानपुर ।** जिले के बजरिया इलाके के रामबाग में बृहस्पतिवार को एक नवविवाहित जोड़े की उसके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिवम तिवारी (27) और उनकी पत्नी जूली तिवारी (24) कमरे के अंदर सो रहे थे, जबकि शिवम के पिता दीपक कुमार और भाई मोनू छत पर सोए थे। घर में कुछ किराएदार भी रहते हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे एक किराएदार ने शिवम के कमरे का दरवाजा खुला पाया। किराएदार अंदर गया तो उसे दंपत्ति के शव फर्श पर खून से लथपथ मिले। अधिकारी ने दावा किया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ितों का गला धारदार हथियार से रेता गया है। अधिकारी ने कहा कि यह घर के ही किसी आदमी का काम लगता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग मिलने का दावा महज झूठा प्रचार: सपा सांसद

भाषा। संभल

### नए मदरसों को अनुदान न देने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया

**समाजवादी** पार्टी के स्थानीय सांसद डॉ. शफीकुर रहमान बर्क ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एक शिवलिंग की बरामदगी के दावों को झूठा प्रचार करार देते हुए सभी बुद्धिजीवियों और विपक्षी दलों से इसकी प्रभावी जांच के लिए आगे आने को कहा।

यहां बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बात करते हुए सांसद बर्क ने कहा कि बाबरी मस्जिद हमसे छीन ली गई और इसकी जगह राम मंदिर बना दिया गया। उन्होंने कहा कि यह नाइंसाफी कम नहीं थी, लेकिन अब ज्ञानवापी मस्जिद का मामला सामने है। सांसद ने सवाल किया कि मुसलमान कोई अपनी मस्जिद बनाएगा, तो गैर इस्लामिक काम क्यों करेगा? उन्होंने कहा, इस्लाम मूर्ति पूजा के खिलाफ है, यहां तक हुक्म है की हम मस्जिद को जबरदस्ती किसी की जमीन पर कब्जा करके नहीं बना सकते। ज्ञानवापी मस्जिद की हौज मैं शिवलिंग होने का झूठा प्रचार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि इस नफरत की आग को नहीं बुझाया गया, तो मुल्क झुलस जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या विभिन्न विपक्षी दलों से संबंधित हों, इस गलत और नापाक प्रचार को रोकने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है, क्योंकि मुसलमानों की हर मस्जिद उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है, क्योंकि मुसलमानों की हर मस्जिद और पवित्र स्थान को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। बर्क ने लोगों से कहा कि मुसलमानों पर जो जुल्म हो रहा है, उसे रोकने में मदद करें और उनके साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने ऐसा नहीं किया, तो मुसलमान ही नहीं बल्कि देश भी बरबाद हो जाएगा, इसलिए मुल्क को बचाने के लिए आगे आएं। मौजूदा सरकार को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों का संगठन करार देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग (आरएसएस-भाजपा) में विश्वास करते हैं, वे इस तरह के काम से जानबूझकर देश को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सपा सांसद ने नए मदरसों को अनुदान नहीं देने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया। अगर कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो सरकार को इसकी जांच कराकर सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि मदरसों को खोलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मुसलमानों को चोट पहुंचाने की साजिश का नतीजा है, यह एक दुष्प्रचार है ताकि मुसलमानों को शिक्षा न मिल सके।

## आरेडिका में सीएमडी राइट्स का दौरा



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में बृहस्पतिवार को को राहुल मिथल सीएमडी राइट्स एवं अनिल विज निदेशक (तकनीक) ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान मिथल ने राइट्स के सहयोग से मोजाम्बिक रेलवे के लिए तैयार हो रहे कोचों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि राइट्स के सहयोग आरेडिका मोजाम्बिक रेलवे को कोचों का निर्यात कर रहा है और आगे इस निर्यात को अन्य देशों के साथ बढ़ाने के लिए राइट्स के माध्यम से प्रयास किये जा रहे हैं। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक (आईसी) एसण्एसण्कलसी तथा अन्य उच्च अधिकारियों से वार्ता की एवं आरेडिका में चल रही विभिन्न योजना.परियोजनाओं को देखा साथ ही साथ राइट्स के अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनडी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता संजय अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार जेएन पाण्डेय, मुख्य परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य कारखाना अभियंता आरकेएम पासीए और राइट्स के एके सिंह जीएम एक्सपोटेक सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लापता आठ वर्षीया बालिका का शव मिला

**कन्नौज।** जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में बुधवार की रात से लापता आठ वर्षीय एक बालिका का शव बृहस्पतिवार की सुबह मक्के के खेत में पाया गया। बालिका के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के अरूहो गांव की निवासी आठ वर्षीय बच्ची बुधवार की रात को लापता हो गई थी। रात में परिवार के लोगों ने उसे तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला।उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह कुछ किसानों ने गांव के बाहर मक्के के खेत में एक बालिका का शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अरविन्द कुमार दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## व्यक्ति ने चाकू से हमला कर पत्नी की हत्या की

**बरेली ।** बरेली शहर के प्रेमनगर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को कथित रूप से दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाने की रहने वाली निशि कश्यप (18 वर्ष) ने अपने भाई के दोस्त विकास सक्सेना से एक साल पहले परिवार की मर्जी के बगैर विवाह किया था। सक्सेना ने दुकान से दूध लेकर घर वापस जा रही निशि की अपने घर के नजदीक चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी और भाग गया। निशि की मां ने बताया कि उनका दामाद कुछ समय से दहेज की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने के चलते वह उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बच्चों की हत्या के दोषी पिता को मिली उम्रकैद की सजा

**बलिया ।** बलिया जिले की एक अदालत ने अपने बेटे और बेटी की हत्या के छह साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) सुरेश कुमार पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के फेफना थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में 30 जून 2016 को पवन कुमार यादव ने घरेलू विवाद को लेकर गुस्से में आकर फावड़े से प्रहार कर अपने बेटे विशाल (चार) और बेटी खुशबू (तीन) की हत्या कर दी थी। इस घटना में उसकी पत्नी ललिता देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस मामले में ललिता देवी की शिकायत पर यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर जिला जज नितिन कुमार ठाकुर ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद बुधवार को पवन कुमार यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 11 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर युवक को लूटा

**बरेली ।** रोडवेज की बस में सवार एक युवक को कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर लूट लिया गया उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव धरमपुर निवासी 18 वर्षीय सोनू पुत्र राम लखन को आज सुबह सैटेलाइट बस स्टैंड से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और कल शाम को घर वापस लौटने के लिए रोडवेज की बस में सवार हुआ था लेकिन बरेली पहुंचने से पहले ही उसके साथ बस में बैठे एक युवक ने उसे कोई ड्रिंक पिलाई जिसको पीने के बाद वह बेहोश हो गया और होश आने पर वह जिला अस्पताल में भर्ती था उसका मोबाइल फेन और जेब में रखे 3000 रुपए गायब थे।

## बच्चों को भा रहा समर कैंप में एडवेंचर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



शशक आसन और मंडुक योगासन द्वारा द्वितीय दिवस कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में समर कैम्प के दूसरे दिन का प्रारंभ ट्रेनर सचिन और रेनू के साथ जुम्बा और योगाभ्यास के द्वारा हुआ। इसके पश्चात बच्चे अपनी रुचि अनुरूप विभिन्न कक्षाओं में गए जहां पर उन्होंने आर्ट, गायन, नृत्य और विभिन्न कक्षाएं पूर्ण उत्साह से सम्पन्न की। समर कैम्प के मुख्य आकर्षण के केंद्र साहसिक गतिविधियां रही जिनमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया। शिविर में निशानेबाजी के बारे में बच्चो को सूक्ष्म जानकारी भी प्रदान की गई। वहीं फुटबॉल में राजन सर ने बच्चो को खेल से संबंद्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अलावा बच्चो ने मिट्टी से दिया बनाना भी सीखा। बच्चो ने घुड़सवारी का विशेष रूप से आनंद उठाया। शिविर के दूसरे दिन विशेष अतिथि के रूप में युवराजदत्त महाविद्यालय के प्रोफेसर अजय कुमार आगा, इनरव्हील क्लब की पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम आगा एवं महाकाली सेवा संस्थान की प्रबंधक भावना ने शिविर प्रमुख रूचि अवस्थी के साथ शिविर का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे साहसिक और मनोरंजक गतिविधियों में उन्हें बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। बताते चले शहर के जानेमाने सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में चल रहे समर कैंप का आयोजन 18 मई से 29 मई तक रहेगा जिसमें अन्य स्कूल के बच्चे भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## दसवां संस्कार करने वाली जगह पर लटके मिले ताले, अधिशासी अधिकारी से की गई शिकायत

**बरेली ।** फतेहगंज पश्चिमी में दसवां संस्कार करने वाली जगह पर लटके मेरे ताले, वहां गंदगी देख अधिशासी अधिकारी से की शिकायत, कस्बे के मोहल्ला साहूकारा में स्थित दसवां संस्कार करने वाली जगह पर आज सुबह लगभग 10 बजे राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष ठाकुर उमेश कुमार सिंह अपने बड़े भाई नरेश कुमार सिंह का दसवां संस्कार कराने के लिए पहुंचे तो वहां गेट पर ताले लटके मिले दसवां संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचे लोगों को कड़ी धूप में खड़ा होना पड़ा जब इसकी शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय चौहान से की गई तो वह तुरंत दसवां स्थल पहुंचे और दसवां संस्कार कराने वाले पंडित जी से बातचीत कर चाबी के बारे में पूछा मगर वह सही जवाब नहीं दे सके किसी तरह बड़ी मशक्कत के बाद एक ताले को खुलवा कर अंदर प्रवेश करा तो कमरों के अंदर तमाम गंदगी और लैट्रिन पड़ी हुई थी भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय चौहान गंदगी देख नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को फोन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की और एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाने की बात कही जिससे वहां दसवां स्थल की साफ-सफाई के अलावा आसपास फैली गंदगी और झाड़ियों को साफ कराया जाए जिससे दसवां संस्कार कराने वालों को कोई दिक्कत ना हो , राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष ठाकुर उमेश सिंह के भाई नरेश कुमार सिंह के दसवां संस्कार में कस्बे के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ कस्बे के तमाम लोग दसवां संस्कार में सम्मिलित हुए और वहां फैली गंदगी देख काफी नाराजगी व्यक्त की ।

## नदी में में तैरती मिली युवक की लाश दोस्त पर हत्या का आरोप

**बरेली ।** दोस्त के साथ घर से निकले एक युवक की लाश दो दिन बाद घर से दूर नदी में तैरती पाई गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी 20 वर्षीय इरफान पुत्र मुनव्वर की लाश आज सुबह शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका में नदी में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई इमरान ने बताया कि इरफान 17 मई को गांव में ही रहने वाले अपने पड़ोसी मुनव्वर के साथ घर से निकला था जाते समय उसने बताया कि वह मुनव्वर के साथ फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास में स्थित एक मजार पर जा रहा है।

## सिरौली पुलिस ने 63 लाख 71 हजार की शराब बहा दी



**बरेलीं।** थाना सिरौली पुलिस ने 1650 पेटी क्वाटर 19800 लीटर देशी शराब 3500 लीटर अंग्रेजी शराब को किया नष्ट शराब की कुल कीमत 63 लाख 71 हजार रुपए जीसीबी चला कर अबैध शराब नष्ट की गयी शराब सिरौली थाना परिसर में ही नष्ट कर दबाया गया अवैध शराब को।सिरौली थाना पुलिस ने चलाए गए माल अभियान के तहत 19,800 लीटर गैर प्रांतीय देसी शराब और 3500 लीटर कच्ची शराब को नष्ट किया है।थाना सिरौली पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 19.05.2022 के क्रम में माल निस्तारण के अंतर्गत 19,800 लीटर प्रांतीय देसी शराब 3,500 लीटर कच्ची शराब जिसकी कुल कीमत 63 लाख 71 हजार बताई जा रही है उसको जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर थाना परिसर के अंदर ही दबा दिया गया है। कुल शराब 161 मुकदमों के अंतर्गत बरामद की गई थी। नष्ट की गई अवैध शराब में 1,650 पेटी घर प्रांतीय क्वार्टर, और 3,500 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई है।

## चिन्हित किए जाने लगे अवैध स्टैण्ड

संवाददाता। सीतापुर

**सड़कों पर अतिक्रमण** करने एवं अवैध स्टैण्ड चलाने वाले अब बख्शे नहीं जाएंगे, उनपर कार्यवाही का डण्डा चलेगा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध स्टैण्ड संचालकों, ठेकेदारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाने के बाद सूबे की राजधानी से सटे सीतापुर में प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन स्तर से मुनादी कराए जाने के साथ चिन्हाकन की कार्यावाही भी तेज कर दी गई है। बता दें कि सड़क सुरक्षा को लेकर सीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सड़कों से अवैध स्टैण्ड 24 घंटों में हटाए जाए, किसी भी माफिया को बख्शा न जाए। सड़क सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पटरी व्यवसायियों के स्थान का चिन्हांकन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई तय स्थान के बाहर दुकान न लगाएं। व्यापारियों से संवाद बनाकर यह सुनिश्चित कराएं की हर दुकान अपनी सीमा के भीतर ही हो। नगरों में पार्किंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ करना होगा। सीएम ने इसके लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी तय की। सीएम ने बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर बल दिया। कहा कि ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कार बच्चों को शुरुआत से ही दी जानी चाहिए। सड़क/ओवरब्रिज स्टंट करने की जगह नहीं है। ऐसी अराजकता पर सख्ती से लगाम लगाई जाए। विद्यालायों में रोड सेफ्टीक्लब का गठन करने के निर्देश दिए। हेलमेट/सीटबेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य रूप से कड़ाई के साथ लागू किया जाए।विद्यालयों में श्रोड सेफ्टी क्लबश् का गठन करने की दिशा में कार्यवाही तेज करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद अभियान चलाया जाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि प्रशिक्षित लोग ही सड़क पर वाहन चलाएं। बिना टेस्ट पास किए किसी को ड्राइविंग लाइसेंस जारी न किया जाए। ओवरस्पीडिंग/ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोरता से कार्रवाई की जाए। नियमों के उल्लंघन पर वाहन का चालान जरूर किया जाए। अनफिट एवं बिना परमिट के स्कूली बसों का संचालन नहीं होना चाहिए। राजमार्गों पर ट्रकों की कतारें न लगें। एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने की जरूरत है। स्पीड ब्रेकर निर्माण करते समय लोगों की सुविधा का ध्यान भी रखें। स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप हों। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, मरीजों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

# पांड्या पर भारी पड़ी कोहली की पारी

## ● बेंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से हराया

भाषा। मुंबई

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया।
गुजरात के 168 रन का पीछा करने उतरी आरसीबी की टीम ने 18.4 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट ने 73 रन, फाफ-44 व मैक्सवेल ने 40 रन बनाए। राशिद ने 2 विकेट लिया।
इससे पहले कप्तान हार्दिक पंड्या के अर्धशतक की मदद से गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच में बृहस्पतिवार को पांच विकेट पर 168 रन बनाए।
पिछले कुछ मैचों से बड़ी पारी नहीं खेल सके हार्दिक ने 47 गेंद में नाबाद 62 रन बनाकर प्लेआफ की तैयारी पुख्ता की। आरसीबी को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना है। उसने गुजरात के तीन विकेट दस ओवर में 72 रन पर निकाल दिए थे। रिधिमान साहा ने 22 गेंद में 31 रन बनाए लेकिन ज्यादा देर टिक नहीं सके। साहा के सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल सस्ते में आउट हो गए। जोश हेजलवुड की बेहतरीन गेंद पर उन्होंने स्लिप में शॉट खेला जहां ग्लेन मैक्सवेल ने अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। इस आईपीएल में अपने चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिख रहे मैथ्यू वेड को मैक्सवेल ने पगबाधा आउट किया। वेड को हालांकि लगा था कि उन्होंने स्वीप शॉट खेला है और उन्होंने मैदानी अंपायर के फैसले पर रिव्यू भी लिया लेकिन वह पगबाधा आउट करार दिए गए। अल्ट्रा एज से गेंद की स्पष्ट मूवमेंट पकड़ में नहीं आई और टीवी अंपायर मैदानी अंपायर के फैसले के साथ गए। साहा ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का जड़ा। कप्तान पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर वह रन आउट हो गए। पंड्या को 14 के स्कोर पर जीवनदान मिला जिसका पूरा फायदा उठाकर उन्होंने डेविड मिलर के साथ रनगति को आगे बढाया। मिलर ने 25 गेंद में 34 रन बनाए और अपनी पारी में तीन छक्के जड़े। वानिंदु हसरंगा ने उन्हें रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। राशिद खान ने डैथ ओवरों में छह गेंद पर नाबाद 19 रन बनाए।



कोहली 73 रन

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारी** : साहा रन आउट 31,गिल का मैक्सवेल बो हेजलवुड 1, वेड पगबाधा बो मैक्सवेल 16,पंड्या नाबाद 62, मिलर का और बो डिसिल्वा 34,तेवतिया का कार्तिक बो हेजलवुड 2, राशिद नाबाद 19, **अतिरिक्त** : तीन रन, कुल योग : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 168 रन, **विकेट पतन** :1-21, 2-38, 3-62, 4-123, 5-132 , **गेंदबाजी** : कौल 4-0-43 . 0, अहमद 2- 0-15-0, हेजलवुड 4-0-39-2, मैक्सवेल 4-1- 28-1, लोमरोर 1- 0-11-0, डिसिल्वा 4- 0- 25-1, पटेल 1-0-6-0
**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पारी** : कोहली स्ट वेड बो राशिद 73, डु प्लेसी का पंड्या बो राशिद 44,मैक्सवेल नाबाद 40,कार्तिक नाबाद 2,**अतिरिक्त** : 11 रन, **कुल योग** : 18.4 ओवर में दो विकेट पर 170 रन, विकेट पतन : 1 -115, 2-146, **गेंदबाजी** : शमी 2-0- 23-0,पंड्या 3-0-35-0, राशिद 4-0-32-2, दयाल 4- 0-35 - 0,किशोर 4- 0-20-0, फर्ग्युसन 1.4 -0-21-0



हार्दिक 62 रन

## श्रीलंका झटकों से उबरा, बांग्लादेश से ड्रा रहा पहला टेस्ट

भाषा। चटगांव

**श्रीलंका ने** पांचवें दिन दूसरी पारी में मिले झटकों से उबरते हुए गुरूवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरूआती टेस्ट ड्रा कराया। श्रीलंका के लिए अंतिम दिन चांदीमल (नाबाद 39 रन) और निरोशन (नाबाद 61 रन) की पारियां अहम रहीं जिन्होंने सुबह लगे झटकों से टीम को उबारने में मदद की। बीच के सत्र में श्रीलंका का दूसरी पारी में स्कोर छह विकेट पर 161 रन था और वह 93 रन की बढ़त बनाए थी। लेकिन जब 73 ओवरों के बाद दोनों कप्तानों की सहमति पर खेल रोका गया तो श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 260 रन था। श्रीलंका ने पहली पारी में 397 रन बनाए थे जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 465 रन बनाकर 68 रन की बढ़त हासिल करने के साथ चौथे दिन के अंत तक श्रीलंका के दो विकेट झटक लिए थे। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट सोमवार से ढाका में शुरू होगा। बांए हाथ के स्पिनर ताइजुल के दूसरी पारी में सुबह के सत्र में लगातार झटके गए दो विकेट से बांग्लादेश को असंभव जीत की उम्मीद जगी थी क्योंकि लंच तक श्रीलंका के चार विकेट गिर चुके थे। ताइजुल ने चार विकेट झटके और एक रन आउट भी किया। लेकिन बांग्लादेशी आक्रमण में तेज गेंदबाज इस्लाम की कमी खली।

## कोहली सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे

### ● खराब फॉर्म पर दी प्रतिक्रिया-असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण में

भाषा। मुंबई



**अपनी मौजूदा** खराब फॉर्म को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि वह असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहे हैं जहां वह सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे। कोहली ने लगभग तीन साल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शतक नहीं जड़ा है और इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र उनके लिए अब तक का सबसे बदतर सत्र रहा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहा हूं। मैं मैदान पर जो कर रहा हूं उसे अधिक तवज्जो नहीं दे रहा। मैं इस चरण से आगे निकल चुका हूं। यह मेरे लिए विकास का चरण है। पिछले सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ने वाले पूर्व भारतीय कप्तान कोहली बल्ले से अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं जिससे उनके करोड़ों प्रशंसक निराश हैं। कोहली के लिए आईपीएल का 15वां सत्र बल्ले से बेहद निराशाजनक रहा है जिसमें वह आरसीबी के लिए 13 मैच में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ पाए हैं। कोहली मौजूदा सत्र में तीन बार पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं। वह सिर्फ 200 रन बना पाए हैं और उनका औसत तथा स्ट्राइक रेट उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं है। इस 33 साल के खिलाड़ी ने हालांकि साथ ही कहा कि उनकी प्रेरणा खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह नहीं कहना चाहिए कि मेरी प्रेरणा पहले जैसी नहीं रही, मेरी प्रेरणा कभी खत्म नहीं होगी। जिस दिन मेरी भूख खत्म हो जाएगी मैं उस दिन यह खेल नहीं खेलूंगा।

## यूरोपा खिताब का 42 साल का इंतजार खत्म होने पर खेल प्रेमियों ने खूब जश्न मनाया

**बर्लिन।** आइनट्राक्ट फ्रैंकफर्ट ने जब बुधवार को स्पेन के सेविला में ग्लास्गो रेंजर्स पर पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत दर्ज कर यूरोपा लीग खिताब जीता तो जर्मनी में क्लब का घरेलू स्टेडियम खचाखच हजारों प्रशंसकों से भरा था जिन्होने मिलकर खूब जश्न मनाया। फ्रैंकफर्ट में जब राफेल बोरे ने पेनल्टी में निर्णायक गोल दागकर क्लब का 42 साल का इंतजार खत्म किया तो जर्मनी के स्टेडियम में मौजूद करीब 60,000 प्रशंसक खुशियों से नाचने लगे। कुछ कूद रहे थे, कुछ चिल्ला रहे थे और कुछ हवा में मुट्ठियां मार रहे थे तो कुछ गले लग रहे और कुछ तो खुशी के मारे रो भी रहे थे। शहर की सड़क हॉर्न बजाती हुई कारों से भरी थी और लोग फ्रैंकफर्ट का स्कार्फ डाले हुए पब से निकलकर एक दूसरे को गले लगाकर जीत का जश्न मना रहे थे।

## इंडियन आयल ने थॉमस कप जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम में चार खिलाड़ी इंडियन आयल कारपोरेशन (आईओसी) के थे। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी और अपने खिलाड़ियों को बधाई दी। भारत की पुरूष बैडमिंटन टीम ने 15 मई को इतिहास रचते हुए फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता। आईओसी ने बयान में कहा, थॉमस कप के 2022 सत्र में भारत की चुनौती की अगुआई इंडियन आयल के प्रमुख बैडमिंटन सितारों ने की। इंडियन आयल के चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## अमेरिकी फुटबॉल ने पुरूष और महिलाओं का वेतन बराबर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फुटबॉल महासंघ (यूएसएसएफ) ने पुरूषों और महिला टीमों को एक समान भुगतान करने का समझौता किया जिससे अमेरिकी राष्ट्रीय संचालन संस्था खेल में दोनों वर्गों के लिए बराबर राशि देने वाली पहली संस्था बन गई। महासंघ ने बुधवार को दोनों राष्ट्रीय टीमों के संघों के साथ दिसंबर 2028 तक समझौता किया जिससे वर्षों से अक्सर होने वाली तीखी बहस भी खत्म हो गई। अमेरिका की सफल महिला टीम की स्टार खिलाड़ी एलेक्स मोर्गन और मेगान रापिनो 2019 में महिला विश्व कप चैम्पियनशिप दिलाने में अहम रही थी और दोनों लैंगिक समानता की लड़ाई की अगुआ भी रही। अमेरिकी महिला खिलाड़ियों ने जब फ्रांस में खिताब जीता था तो बराबर वेतन का मुद्दा काफी सुर्खियों में रहा था।

## आनंद की सुपरबेट रैपिट टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत

**वारसॉ।** पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज पोलैंड शतरंज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में पहले तीनों दौर में जीत दर्ज करके शानदार शुरूआत की। वाइल्डकार्ड के जरिए खेल रहे आनंद ने पहले दौर में पोलैंड के राडोस्लाव वोताजेक को हराया। इसके बाद अमेरिका के वेसली सो को और आखिर में यूक्रेन के एंटोन कोरोबोव को मात दी। दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में आनंद ने शुरूआती बढत बना ली। हंगरी के रिचर्ड रैपोर्ट एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है।

# राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें बटलर के प्रदर्शन पर

## ● सीएसके के खिलाफ प्लेऑफ स्थान कब्जाने के लिए उतरेगा

भाषा। मुंबई

**पिछले कुछ** मैचों में कोई धमाल नहीं कर पाने वाले जोस बटलर शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे और राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें भी उनके प्रदर्शन से प्लेऑफ में जगह बनाने पर लगी होंगी।
संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम एक और जीत से 18 अंक पर पहुंच जाएगी जिससे शीर्ष चार स्थानों के लिए उन्हें सभी गणनाओं और संभावनाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। बल्कि एक जीत राजस्थान रॉयल्स के लिए शीर्ष दो में स्थान भी सुनिश्चित कर सकती है क्योंकि लखनऊ सुपर जायंट्स (0.251) की तुलना में उनका 0.304 का नेट रन रेट (एनआरआर) काफी बेहतर है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके के लचर प्रदर्शन का फायदा भी उठाना चाहेगी क्योंकि अंतिम मैच में वह उनका खेल बिगाड़ भी सकती है। इससे बचने के लिए बटलर को बल्ले से दमदार प्रदर्शन दोहराते हुए योगदान करना होगा क्योंकि वह पिछले चार मैचों में 22, 30, 07 और 02 रन की पारी ही खेल पाए हैं जबकि वह बल्लेबाजों की तालिका में 627 रन बनाकर इस समय शीर्ष पर चल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टूर्नामेंट में सफलता का ज्यादातर श्रेय बटलर द्वारा दिलाई गई शानदार शुरूआत और युजवेंद्र चहल के 24 विकेट को ही दिया जाएगा। बटलर तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं। उन्होंने अपने ज्यादातर रन टूर्नामेंट के शुरूआती हाफ में बनाए। चहल ने गेंदबाजी में अपनी लय बरकरार रखी है लेकिन बटलर की बात करें, तो उनकी फॉर्म में थोड़ी गिरावट आई है लेकिन प्लेऑफ से पहले अंतिम लीग मैच उनके लिए वापसी करने का आदर्श समय होगा। वहीं सीएसके की गेंदबाजी में मुकेश चौधरी, सिमरजीत व माथिशा पाथिराना अंतिम मुकाबले में अपनी धार दिखाना चाहेंगे लेकिन टूर्नामेंट के ज्यादातर मैचों में खराब बल्लेबाजी के कारण टीम का मनोबल गिरा हुआ है। बटलर जहां राजस्थान के लिए बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं तो सीएसके के रूतुराज ने बाद में लय हासिल की जिससे वह 366 रन बना चुके हैं लेकिन अन्य कोई भी बल्लेबाज 300 रन के करीब तक नहीं पहुंचा है। डेवोन ने दूसरे हाफ में अधिक मैच खेले, उनके 236 रन हैं। सीएसके के ज्यादातर सीनियर खिलाड़ी जैसे एमएस धोनी (206), अंबाती रायुडू (271) और रॉबिन उथप्पा (230) इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं कर सके जो टीम की सबसे बड़ी विफलता रही है। चोटिल दीपक की अनुपस्थिति व हेजलवुड को रिटेन नहीं कर पाने से उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावित हुई। उनके पास गेंदबाजी अनुभव नहीं था जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पाथिराना का गेंदबाजी एक्शन लसिथ मलिंगा के एक्शन की तरह ही दिखता है। उन्होंने धोनी को प्रभावित किया लेकिन अभी काम किया जाना बाकी है। साथ ही मुकेश (16 विकेट), सिमर (तीन विकेट) और स्पिनर महेश तीक्षणा (12) अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन वे अभी तक खुद को मैच विजेता साबित नहीं कर पाए हैं। राजस्थान के गेंदबाजी आक्रमण को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ में से एक कहा जा सकता है जिसमें चहल (24 विकेट, इकोनोमी रेट 7.76) और रविचंद्रन अश्विन (10 विकेट, इकोनोमी रेट 7.15) की स्पिन जोड़ी ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल पाएंगे आर्चर

## ● स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बाहर

भाषा। लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जोफ्रा आर्चर कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर (मामूली फ्रेक्चर) के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और जुलाई में भारत के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईसीबी ने बयान में कहा, पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर का पता चलने के बाद इंग्लैंड और ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बाकी बचे पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। आर्चर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं क्योंकि ईसीबी ने उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। ईसीबी ने कहा, उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। आगामी दिनों में विशेषज्ञ से सलाह मशिवरा करने के बाद प्रबंधन उन्हें लेकर योजना बनाएगा। भारत को जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट (पिछली श्रृंखला का बचा हुआ मुकाबला) और सीमित ओवरों के छह मुकाबले खेलने हैं। पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मार्च 2021 में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर खेलने वाले 27 साल के आर्चर का कोहनी का आपरेशन हुआ था और इसके बाद उन्होंने ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट में वापसी की जहां उन्हें स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया। बारबडोस में जन्में आर्चर ने इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूप में 42 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 86 विकेट चटकाए हैं।

## आगामी वर्षों में रिंकू के खेल का ध्यान रखेगी केकेआर : मैकुलम

**नवी मुंबई।** केकेआर के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह मौजूदा आईपीएल सत्र में उनकी खोज रहे हैं और फ्रेंचाइजी आगामी वर्षों में उनके खेल का ध्यान रखेगी। रिंकू ने बुधवार को यहां लखनऊ के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी से टीम को लगभग जीत के करीब पहुंचा दिया था जिससे मैकुलम ने उनकी प्रशंसा के पुल बांधे। इंग्लैंड के अगले टेस्ट कोच की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार मैकुलम ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से वह (रिंकू) सत्र की हमारी खोज रहा है। रिंकू ऐसा खिलाड़ी है जिस पर केकेआर आगामी कुछ वर्षों में ध्यान लगाएगी, इसमें कोई शक नहीं है और हम उसे वास्तव में आगे बढ़ते हुए देखेंगे। रिंकू ने महज 15 गेंद में 40 रन बनाकर अपने अंतिम लीग मैच में टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के करीब पहुंचा दिया। वह इवान लुईस के शानदार कैच लपकने के कारण 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए।

# सिफ्ट-सूर्य ने रजत पदक जीता

## ● भारत जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा



भाषा। नई दिल्ली

**सिफ्ट कौर सामरा** और सूर्य प्रताप सिंह को गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि भारत जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा। सिफ्ट और सूर्य को फाइनल में माजा मेगडेलेना गावेंडा और विक्टोरो साजदास की पोलैंड की जोड़ी के खिलाफ 15-17 से हार का सामना करना पड़ा। अभय सिंह सेखों और अरीबा खान की जोड़ी स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारतीय जोड़ी 150 में से 134 अंक जुटाकर सातवें स्थान पर रही। स्पर्धा में हिस्सा ले रही भवतेग सिंह गिल और दर्शना राठौड़ की एक अन्य भारतीय जोड़ी 132 अंक के साथ 10वें स्थान पर रही। बुधवार को परिनाज धालीवाल, दर्शना और अरीबा की भारतीय महिला स्कीट टीम ने जर्मनी को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारत का शॉटगन वर्ग में यह सिर्फ तीसरा पदक था। बुधवार को ही भारत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक भी जीता जब 25 मीटर रेपिड फायर मिश्रित टीम स्पर्धा के आल इंडियन फाइनल में सिमरनप्रीत कौर बरार और विजयवीर सिद्धू ने अनीष और तेजस्विनी को 17-9 से हराया। भारत ने प्रतियोगिता में 33 पदक जीते जिसमें 13 स्वर्ण, 15 रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

# भारतीय महिला रिकर्व टीम ने कांस्य पदक जीता

## ● तीरंदाजी विश्व कप

भाषा। ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)



भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने गुरूवार को यहां विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या तीन कर दी। भारतीय पुरूष टीम को हालांकि अपने से निचली रैंकिंग की टीम फ्रांस से क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा लेकिन रिद्धि फोर, कोमोलिका बारी और अंकिता भगत की टीम ने चीनी ताइपे को एक तरफा कांस्य पदक के प्लेऑफ में 6-2 (56-52, 54-51, 54-55, 55-54) से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार कोरिया से 2-6 (53-55, 57-55, 51-53, 43-53) से हार मिली थी जिससे टीम को कांस्य पदक मुकाबला मिला। इससे पहले तरूणदीप राय और जयंता तालुकदार की अनुभवी जोड़ी के साथ पदार्पण कर रहे नीरज चौहान की तिकड़ी को 15वें वरीय फ्रांस से 2-6 (54-57, 55-52, 53-55, 47-53) से हार का सामना करना पड़ा।

## एफआईएच प्रो लीग: विदेश में होने वाले मुकाबलों के लिए भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे रोहिदास

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता डिफेंडर अमित रोहिदास अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के 2021-22 सत्र के अंतिम महत्वपूर्ण चरण में भारतीय पुरूष हॉकी टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। भारत एफआईच प्रो लीग तालिका में 12 मैचों में 27 अंक लेकर शीर्ष पर चल रहा है और अर्जेंटीना से तीन अंक आगे है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम अगले चार मैचों का इस्तेमाल अपने दबदबे को बढ़ाने और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जरूरी मैच अभ्यास के रूप में करना चाहेगी। भारत 11 और 12 जून को एंटवर्प में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम से खेलेगा जिसके बाद उसका सामना 18 और 19 जून को रोटरडम में नीदरलैंड से होगा। घरेलू सरजमीं पर पिछले दो चरण की तरह ही स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह उप कप्तान होंगे।

**टीम : गोलकीपर** : सूरज करकेरा, श्रीजेश पराटू रवींद्रन , डिफेंडर : सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह (उप कप्तान), वरूण कुमार, अमित रोहिदास (कप्तान), जुगराज सिंह, जर्मनप्रीत सिंह , मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, नीलकांत शर्मा , फारवर्ड : गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, शिलानंद लकड़ा, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक।

## डिकॉक जानते थे कि जिस दिन उनका बल्ला चला, उनकी पारी अहम होगी : दहिया

**नवी मुंबई।** क्विंटन डिकॉक ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में नाबाद शतकीय पारी खेलकर पिछले कुछ समय से बड़ा स्कोर नहीं बना पाने की निराशा खत्म की। बुधवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच विजय दहिया ने दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज के जश्न के पीछे के संभावित कारण पर बात की। मैं क्विंटन के बारे में बात करूंगा। इस मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कभी उसने रन बनाए, कभी वह ऐसा नहीं कर पाया। जब भी हम अभ्यास करते तो वह हमेशा कहता कि उसे इतना अच्छा कभी महसूस नहीं हुआ तो ऐसा कैसे हो रहा है कि वह रन नहीं बना पा रहा।

## गत चैम्पियन कैस्पर रड जीते, तीन वरीय खिलाड़ी जिनेवा ओपन से बाहर

**जिनेवा।** गत चैम्पियन कैस्पर रड ने बुधवार को जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को दूसरे दौर में हार मिली। दूसरे वरीय रड ने बेनो पेयरे को 6-3, 6-। से हराकर अगले दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना गुरूवार को थानासी कोकिनाकिस से होगा। रड खिताब बरकरार रखने के प्रबल दावेदार बने हुए हैं क्योंकि मंगलवार को दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव को रिचर्ड गैस्केट से पराजय का मुंह देखना पड़ा था। तीसरे वरीय डेनिस शापावालोव भी शुरूआती दौर का मैच हार गए, उन्हें इलिया इवाशका ने 6-4, 6-7, 6-3 से हराया। अब इवाशका का सामना जोआओ सौसा से होगा जिन्होंने पांचवें वरीय निकोलोज बासिलाशिवली पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की।

## घोषाल विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**कैरो।** भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल यहां विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मुस्तफा असल से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी को मिस्र के तेजी से उभरते हुए खिलाड़ी से 2-11, 7-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। घोषाल ने पहली बार न्यूयॉर्क में टूर्नामेंट ऑफ चैम्पियंस के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जिसके बाद वह यहां विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहुंचे। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल बुधवार रात अपने से 14 साल छोटे खिलाड़ी से पराजित हो गए। महिलाओं के ड्रा में जोशना चिनप्पा को फूड प्वाइजनिंग के कारण मिस्र की रोवान इलारबी के खिलाफ राउंड 16 के मुकाबले से हटना पड़ा।

# पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## ● श्रीकांत का वॉकओवर

भाषा। बैंकॉक

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और वह इस बैडमिंन टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बची हैं। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी और छठी वरीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में सिम यू जिन को सिर्फ 37 मिनट में 21-16 21-13 से हराया। यू जिन ने कोरिया को उबेर कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पहले दौर में अमेरिका की दुनिया के 62वें नंबर की खिलाड़ी लॉरेन लैम को हराने वाली सिंधू अगले दौर में दूसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची से भिड़ेंगी। यामागुची ने कोरिया की किम गा युन को दूसरे दौर के एक अन्य मुकाबले में 21-23 21-15 21-16 से हराया। थॉमस कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को वॉकओवर देने के कारण इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आठवें वरीय श्रीकांत ने आयरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी एनहाट एनगुएन को वॉकओवर दिया। उनके वॉकओवर देने के कारण का पता नहीं चला है। दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर में फ्रांस के ब्राइस लेवरडेज को 18-21 21-10 21-16 से हराया था। महिला एकल में मालविका बंसोड़ का अभियान भी खत्म हो गया। उन्हें दूसरे दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 21-16 14-21 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को गोह सून हुआत और लेई शेवोन जेमी की मलेशिया की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 19-21 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी भट के और शिखा गौतम की जोड़ी भी महिला युगल के दूसरे दौर में मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की पांचवीं वरीय जोड़ी से 19-21 6-21 से हार गई।

